दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :164
प्रतापगढ़ | बुधवार , 17 अप्रैल-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित, लखनऊ के आदित्य टापर

अनिमेष प्रधान और डोनुरू अनन्या रेड्डी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, (हि.स.)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल, आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर हैं। पीके सिद्धार्थ रामकुमार चौथे और रुहानी पांचवें स्थान पर हैं।यूपीएससी ने नियुक्ति के लिए कुल 1016 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। इनमें 347 जनरल कैटेगरी के उम्मीदवार, 115 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवार, 303 ओबीसी, 165 एससी और 86 एसटी उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों का रोल नंबर यूपीएससी द्वारा जारी किया गया है। 355 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अनंतिम रखा गया है।इस बार आईएएस सेवा के लिए 180 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिसमें 73 सामान्य वर्ग, 17 ईडब्ल्यूएस, 49 अन्य पिछड़ा वर्ग, 27 अनुसूचित जाति और 14 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।ऐसे ही आईएफएस सेवा के लिए 37 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिसमें 16 सामान्य वर्ग, 4 ईडब्ल्यूएस, 10 अन्य पिछड़ा वर्ग, 5 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।

इसके साथ आईपीएस सेवा के लिए 200 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिसमें 80 सामान्य वर्ग, 20 ईडब्ल्यूएस, 55 अन्य पिछड़ा वर्ग, 32 अनुसूचित जाति और 13 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं।यूपीएससी की ओर से जारी परिणामों में सेंट्रल सर्विस ग्रुप %% के लिए कुल 613 और ग्रुप %क्ष% सर्विसेस के लिए 113 उम्मीदवार चयनित हुए हैं।जो भी उम्मीदवार यूपीएससी की परीक्षा में शामिल हुए थे, उनके अंक परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। कुल 1016 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। 355 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को अनंतिम रखा गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को बधाई दी

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2023 में सफलता हासिल करने वाले उम्मीदवारों को बधाई दी और जो इसे उत्तीर्ण नहीं कर सके, उन्हें प्रोत्साहित किया।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷मैं उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने सिविल सेवा परीक्षा, 2023 को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है, जिससे सार्वजनिक सेवा में एक आशाजनक करियर की शुरुआत हुई है। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं।उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, ÷मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली- असफलताएं कठिन हो सकती हैं, लेकिन याद रखें, यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। परीक्षाओं में सफल होने की संभावनाएं तो हैं लेकिन उससे भी आगे, भारत ऐसे अवसरों से समृद्ध है, जहां आपकी प्रतिभा सचमुच चमक सकती है। प्रयास करते रहें और आगे की व्यापक संभावनाओं को तलाशते रहें। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

भाजपा की सात उम्मीदवारों की नई सूची जारी

उत्तर प्रदेश के दो और सिटिंग सांसदों का टिकट कटा, पार्टी ने नए चेहरों पर लगाया दांव

बृजभूषण सिंह की सीट कैसरगंज पर संशय बकरार, रायबरेली से भी कोई नाम नहीं

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं।भाजपा ने इसके अलावा उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने इसके साथ ही ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है।मंगलवार को जारी सूची के अनुसार भाजपा ने महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ठाकुर विश्वदीप सिंह, देवरिया से शशांक मणि त्रिपाठी और पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर से अभिजीत दास को उम्मीदवार बनाया गया है।इसके साथ भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए तेलंगाना की सिकंदराबाद कैंट सीट से डॉ. टीएन वामशा तिलक और उत्तर प्रदेश के लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव, ददरौल से अरविंद सिंह, गैंसड़ी से शैलेन्द्र सिंह शैलू, दुद्धी से श्रवण गौंड को उम्मीदवार बनाया गया है।संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम आज, यानी 16 अप्रैल, 2024 को घोषित कर दिया है। लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ह्वश्चह्यष्.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है।

बाबा रामदेव और पतंजलि को नहीं मिली सुप्रीम कोर्ट से माफी

23 अप्रैल को सुनवाई

नई दिल्ली, (हि.स.)। एलोपैथिक दवाओं के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव और पतंजलि को मंगलवार को भी माफी नहीं मिली। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने 23 अप्रैल को बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को पेश होने का आदेश दिया।सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की ओर से पेश वकील मुकुल रोहतगी ने सार्वजनिक माफी प्रकाशित करने की बात कही। कोर्ट ने कहा कि वे बाबा रामदेव से सीधा बात करना चाहते हैं। उसके बाद बाबा रामदेव ने हाथ जोड़कर कहा कि हम पूर्ण रूप से माफी मांग रहे हैं। कोर्ट ने पूछा कि आपने जो किया है, क्या उसके लिए हम माफी दें। इस पर बाबा रामदेव ने कहा कि हमारा मकसद कभी भी अदालत की गरिमा घटाना नहीं है। कोर्ट ने दोबारा पूछा कि हमारे यहां ढेर सारी पद्धतियां हैं। ऐसे में क्या दूसरी पद्धति को खराब बताया जाए। तब रामदेव ने कहा कि जो भी हमसे भूल हुई, उसके लिए अभी भी हम बिना शर्त माफी मांग रहे हैं।कोर्ट ने कहा कि महर्षि चरक के समय से आयुर्वेद चल रहा है। अपनी पद्धति के लिए दूसरे की पद्धति को रद्द करने की बात आपने क्यों कही? तब रामदेव ने कहा कि हमारी मंशा ऐसी नहीं है। हमने पांच हजार से ज्यादा रिसर्च किया है। आयुर्वेद को लेकर हमने मेडिसिन के स्तर पर अनुसंधान किया है। कोर्ट ने कहा कि आप यहां इसलिए हैं कि आपने कोर्ट की अवहेलना की है। रामदेव ने कहा कि हमें उस समय ऐसा नहीं कहना चाहिए था। हमने अपने साक्ष्य पर बात की थी। कोर्ट ने कहा कि लाइलाज बीमारियों के लिए बनने वाली दवाओं का प्रचार नहीं किया जाता। यह कोई नहीं कर सकता। आपने प्रेस में जाकर बिल्कुल गैरजिम्मेदाराना हरकत की है। तब रामदेव ने कहा कि करोड़ों लोग मुझसे जुड़े हैं, अब इस तथ्य के प्रति जागरूक रहूंगा। यह मेरे लिए भी अशोभनीय है। भविष्य में ऐसा नहीं होगा, इसका ध्यान रखूंगा।कोर्ट ने 10 अप्रैल को भी बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्णा का माफीनामा अस्वीकार कर दिया था।

हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र थे तो क्या हुआ था

बैलट पेपर से वोटिंग की कमियों का सुप्रीम कोर्ट ने किया जिक्र, अब 18 अप्रैल को अगली सुनवाई

नई दिल्ली, (हि.स.)। चुनावों में ईवीएम के डाटा से वीवीपीएटी पर्चियों के मिलान की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में 18 अप्रैल को भी सुनवाई जारी रहेगी। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया।मंगलवार को एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। जब प्रशांत भूषण लगातार ईवीएम के तकनीकी पहलुओं को लेकर दलील दे रहे थे तो कोर्ट ने कहा कि आप इस मामले से जुड़े कानूनी पहलुओं पर अपनी दलील दें। प्रशांत भूषण ने सुझाव देते हुए कहा कि या तो बैलेट से वोट देने का अधिकार दिया जाए या वोटिंग के बाद वीवीपीएटी से निकलने वाली पर्ची मतदाताओं को दी जाए और मतदाता उसे एक बैलेट बॉक्स में डाल दें। प्रशांत भूषण ने कहा कि वीवीपीएटी पर्चियों की भी गिनती होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि अभी जो वीवीपीएटी है उसका बॉक्स पारदर्शी नहीं है और उसमें अब सिर्फ सात सेकेंड के लिए पर्ची वोटर को दिखाई देती है। इसके लिए वीवीपीएटी का डिजाइन बदला जाए, जैसा जर्मनी में होता है। तब जस्टिस दीपांकर दत्ता ने पूछा कि जर्मनी की जनसंख्या कितनी है। तब प्रशांत भूषण ने कहा पांच-छह करोड़ के करीब। तब कोर्ट ने कहा कि भारत में 50-60 करोड़ वोट डालने वाले हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा कि भारत में कुल रजिस्टर्ड मतदाताओं की संख्या 97 करोड़ है। हम सभी जानते हैं कि बैलेट पेपर के आने पर क्या हुआ था। हो सकता है कि आपको न पता हो लेकिन हम भूले नहीं हैं।सुनवाई के दौरान वकील संजय हेगड़े ने भी मांग की कि ईवीएम पर पड़े वोटों का मिलान वीवीपीएटी पर्चियों से किया जाना चाहिए। तब जस्टिस खन्ना ने पूछा कि क्या वीवीपीएटी की सभी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान वकील गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि चुनाव आयोग का कहना है कि वीवीपीएटी की सभी पर्चियों की गिनती में 12 दिन लगेंगे।सुनवाई के दौरान एक वकील ने वोट देने के लिए बारकोड का सुझाव दिया तब जस्टिस खन्ना ने कहा कि अगर आप किसी दुकान पर जाते हैं तो वहां बारकोड होता है। इस मामले मे बारकोड से गिनती में मदद नहीं मिलेगी जब तक कि हर उम्मीदवार या पार्टी को बारकोड न दिया जाए और यह भी एक बहुत बड़ी समस्या होगी। जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि सामान्यतः मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं उत्पन्न होती हैं या जब सॉफ्टवेयर या मशीन मे अनधिकृत परिवर्तन किया जाए। उन्होंने सभी से कहा कि यदि आप लोगों के पास इसे रोकने के लिए कोई सुझाव है तो उसे आप हमें दे सकते हैं। प्रशांत भूषण ने कहा कि बेहतर तरीका यह होगा कि वोटर को वीवीपीएटी की स्लिप दी जाए और वोटर उसे देखने के बाद बैलेट बॉक्स में डाले और फिर उसका ईवीएम से मिलान किया जाए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग प्रति विधानसभा केवल पांच वीवीपीएटी मशीनों की गिनती कर रहा है।



जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 1 अप्रैल को सभी वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया था। याचिका एडीआर ने दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि सभी वीवीपीएटी पर्चियों का मिलान किया जाए। वर्तमान में ये प्रैक्टिस है कि एक विधानसभा क्षेत्र में पांच ईवीएम की वीवीपीएटी पर्चियों का ही मिलान किया जाता है।

बसपा ने जारी की 11 उम्मीदवारों की लिस्ट

पीएम मोदी के खिलाफ अतहर जमाल लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पांचवी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें 11 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इस लिस्ट में बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का नाम भी शामिल है। बीएसपी ने श्रीकला रेड्डी को जौनपुर से अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा मायावती ने मैनपुरी सीट से अपना प्रत्याशी भी बदल दिया है।बीएसपी ने इस लिस्ट में बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार, सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पांडेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से श्रीकला रेड्डी (पत्नी-धनंजय सिंह), गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को चुनावी मैदान में उतारा है। बदायूं में मुस्लिम खां का मुकाबला समाजवादी पार्टी के आदित्य यादव और बीजेपी के दुर्विजय सिंह शाक्य से होगा। वहीं बरेली में बीएसपी उम्मीदवार का मुकाबला के छत्रपाल गंगवार से हैं। बीजेपी ने इस बार संतोष गंगवार की जगह छत्रपाल गंगवार को टिकट दिया है।सुल्तानपुर में बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी हैं, उनके मुकाबले में मायावती ने उदराज वर्मा को उतारा है। इसके अलावा डुमरियागंज में बीजेपी ने जगदम्बिका पाल को टिकट दिया है तो वहीं कांग्रेस ने कुशल तिवारी को मैदान में उतारा है। यहां बीएसपी ने मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाया है। बलिया से बीजेपी के नीरज शेखर मैदान में हैं। उन्हें लल्लन सिंह यादव टक्कर देंगे। वहीं फर्रूखाबाद में जहां बीजेपी ने अपने दो बार के सांसद मुकेश राजपूत को टिकट दिया है। वहीं सपा ने नवल किशोर शाक्य को उतारा है। बीएसपी ने यहां से क्रांति पांडेय को चुनावी मैदान में उतार दिया है। इसके अलावा बांदा से सपा ने शिवशंकर सिंह पटेल और बीजेपी ने आरके सिंह पटेल को उतारा है। यहां मायावती ने ब्राह्मण कार्ड खेलकर मयंक द्विवेदी को टिकट दिया है। जौनपुर में बीजेपी ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है, वहीं सपा ने बाबूलाल कुशवाहा को उतारा है। यहां मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। गाजीपुर में अफजाल अंसारी के खिलाफ उमेश कुमार सिंह और वाराणसी में पीएम मोदी के सामने अतहर जमाल लारी होंगे।

पंजाब में आप ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब में भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बठिंडा से पूर्व ढ्ढस् अफसर परमपाल कौर सिद्धू, होशियारपुर से अनिता सोमप्रकाश और खडूर साहिब से मनजीत सिंह मन्ना को टिकट दिया गया है। इससे पहले 30 मार्च को भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर थी। इसमें 6 उम्मीदवारों का ऐलान किया गया था। इनमें जालंधर से सुशील रिंकू, लुधियाना से रवनीत सिंह बिट्टू, पटियाला से परनीत कौर, फरीदकोट से हंसराज हंस, गुरदासपुर से दिनेश बब्बू और अमृतसर से तरणजीत सिंह संधू का नाम शामिल था।

तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल के शुगर लेवल की नियमित जांच की मांग पर ईडी को नोटिस

नई दिल्ली, (हि.स.)। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल की नियमित जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को करने का आदेश दिया।सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका शुगर लेवल लगातार ऊपर नीचे हो रहा है। ईडी की हिरासत के दौरान केजरीवाल का ब्लड शुगर लेवल गिरकर 46 तक आ गया था। इसको देखते हुए उन्हें हफ्ते में तीन दिन उस डॉक्टर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सलाह की इजाजत दी जाए, जिनसे उनकी गिरफ्तारी से पहले जांच होती थी।सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि जेल में डॉक्टर हैं और केजरीवाल की जांच वहां भी हो सकती है। ईडी ने केजरीवाल की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। उसके बाद कोर्ट में ईडी को जवाब दाखिल करने का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को तय कर दिया।कोर्ट ने 15 मार्च को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी। दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने उसी दिन 21 मार्च को देर शाम पूछताछ के बाद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। केजरीवाल इस मामले में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों युवकों को 10 दिन की पुलिस हिरासत

मुंबई, (हि. स.)। फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने हवाई फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों को मंगलवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 10 दिनों तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।पुलिस ने गुजरात के भुज इलाके में सोमवार को देर रात दोनों आरोपितों विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया था। आज इन दोनों को पुलिस मुंबई लाई और जेजे अस्पताल में मेडिकल जांच करवाकर दोनों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट में पुलिस ने इन दोनों की 14 दिनों के लिए पुलिस हिरासत की मांग की लेकिन कोर्ट ने सिर्फ 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इन दोनों से गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है।पुलिस आयुक्त ने पत्रकार वार्ता में बताया कि दोनों के पास से फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हवाई फायरिंग के लिए प्रयोग में लाई गई विदेशी पिस्तौल और मैगजीन बरामद कर ली है। दोनों की दस दिन तक पुलिस हिरासत मिली है। जांच के बाद जो जानकारी मिलेगी उसे मीडिया के साथ साझा किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने दोनों आरोपितों ने रविवार को सुबह हवाई फायरिंग की थी और उसके बाद गुजरात भाग गए थे।

हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई, ईडी ने जवाब के लिए मांगा वक्त

रांची (आरएनएस)। जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल पायी। इस मामले में ईडी ने अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए समय की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को मुकर्रर की गई है।सनद रहे कि रांची के बड़गाई अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने विगत 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

सभी दलों के साथ हो रहा समान व्यवहार, एक महीने की कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की-चुनाव आयोग

नई दिल्ली,(हि.स.)। चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है।आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन में रखेगा। इसका मकसद समय-समय पर कुछ क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों और आक्षेपों को संबोधित करना है।आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान 07 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की। राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर भी कई प्रतिनिधिमंडल मिले।विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगभग 200 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गयी है। शिकायतों में से भाजपा से प्राप्त कुल शिकायतें 51 थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई है। कांग्रेस की ओर से 59 शिकायतें थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य पक्षों से प्राप्त शिकायतें 90 थीं, जिनमें से 80 मामलों में कार्रवाई की गई है।इसके अलावा आयोग ने हाल ही में उसकी ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों, नेताओं और अफसरों पर की गई कार्रवाई और सरकारों तथा विभागों को दिए गए निर्देशों में से कुछ चुनिंदा की जानकारी साझा की है।आयोग के अनुसार नागरिकों के लिए बने पोर्टल सी विजिल पर कुल 2,68,080 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 2,67,762 मामलों में कार्रवाई की गई और 92 प्रतिशत मामलों का समाधान औसतन 100 मिनट से भी कम समय में किया गया।

यूपी बोर्ड परीक्षा: अगले सप्ताह घोषित हो सकता है परिणाम

रिजल्ट घोषित करने की तैयारियां अंतिम दौर में

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम तैयार किए जाने की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल के निर्देश पर क्षेत्रीय अपर सचिवों ने मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों को दिए गए अंकों का मिलान करा लिया है।

अब परीक्षाफल को अंतिम रूप देने में बोर्ड के अधिकारी जुटे हुए हैं। बोर्ड पिछले वर्ष 25 अप्रैल को घोषित किए गए परीक्षाफल से पहले इस बार परिणाम घोषित करने की तैयारी में हैं। तेजी से तैयारी को देखते हुए माना जा रहा है कि अगले सप्ताह की शुरुआत में परीक्षाफल घोषित किया जा सकता है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च के बीच 12 कार्यदिवस में संपन्न कराकर बोर्ड सचिव ने उतने ही कार्यदिवस में 16 से 30 मार्च के मध्य मूल्यांकन पूर्ण कराया। मूल्यांकन कार्य निर्धारित तिथि 31 मार्च से एक दिन पहले पूर्ण कराकर बोर्ड ने पिछले वर्ष से भी पहले इस बार परीक्षाफल घोषित किए जाने के संकेत दे दिए हैं।

मूल्यांकन कार्य प्रदेश के 259 मूल्यांकन केंद्रों पर संपन्न कराया गया। मूल्यांकन के आधार पर परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं पर दिए गए अंकों का मिलान अवार्ड ब्लैंक से करा लिया गया है। इस तरह परीक्षाफल घोषित करने के पहले सभी परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में पहुंचा दी गई हैं, ताकि परीक्षाफल घोषित किए जाने के बाद स्क्रूटनी के लिए परीक्षार्थी आवेदन कर सकें और कापियों में पर दिए गए अंकों का परीक्षण किया जा सके।

वर्ष 2024 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को मिलाकर कुल 55,25,308 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 51,99,308 सम्मिलित हुए।

चुनाव को रवाना हुआ पुलिस बल

मतदान ड्यूटी के लिए पुलिस कमिश्नर ने दूसरे जिलों में भेजी फोर्स, कहा चुनाव आयोग के निर्देश का पालन हो

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रयागराज कमिश्नरेट में भी इसे लेकर तैयारी जोरों पर हैं। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा ने आज मगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में ड्यूटी में लगे पुलिस बल को दूसरे जिलों के लिए रवाना किया।

पुलिस बल को रवाना करने से पहले सीपी ने ब्रीफिंग कर सकुशल चुनाव कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण अपनी-अपनी निर्धारित बसों में टोलीवार बैठकर यात्रा करेंगे। दौरान यात्रा, चुनाव ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाएं रखें। सीपी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स का हर हाल में पालन करेंगे। प्रथम चरण की ड्यूटी पूर्ण करने के उपरान्त दूसरे दिन रवाना होकर अगले चरण की ड्यूटी में संबंधित जनपद पहुंचकर अपने आगमन की सूचना अंकित कराएंगे। जनपद में उपस्थित रहकर, शांति एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी भी संपादित करेंगे। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अपने नियुक्ति जनपद वापस नही आएगा न ही अनुपस्थित होगा।

सभी अपने-अपने शस्त्र एवं एम्यूनेशन की सुरक्षा के प्रति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने कहा कि दौरान यात्रा या चुनाव ड्यूटी उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन्स का पालन करेंगे तथा प्रथम चरण की ड्यूटी पूर्ण करने के उपरान्त दूसरे दिन रवाना होकर अगले चरण की ड्यूटी में सम्बन्धित जनपद पहुँचकर अपने आगमन की सूचना अंकित करायेंगे तथा जनपद में उपस्थित रहकर, जनपद की शांति एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी भी संपादित करेंगे। कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने नियुक्ति जनपद वापस नही आयेगा और न ही अनुपस्थित होगा। सभी अपने-अपने शस्त्र एवं एम्यूनेशन की सुरक्षा के प्रति स्वयं उत्तरदायी होंगे। पुलिस बल के प्रस्थान के समय फर्स्टएड किट, ओआरएस पैकेट, मॉस्किटो अगरबत्ती, लंच पैकेट व पानी की बोतल टोलीवार संख्या के अनुरुप प्रदान की गयी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि यात्रा के समय किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अपने पार्टी प्रभारी को अवगत करायेंगे। समस्या निदान न होने पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं नोडल चुनाव अधिकारी तथा चुनाव सेल प्रभारी को अवगत करायेंगे। ब्रीफिंग में पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

हंसराजपुर में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। कंपोजिट विद्यालय हंसराजपुर में मंगलवार को शिक्षकों एवं बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से 25 मई को सबसे पहले मतदान करने की अपील की।रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संघ होलागढ़ के ब्लाक अध्यक्ष राकेश मिश्र नगरहा ने करते हुए कहा कि मतदान हमारा परम कर्तव्य है।सभी लोग अपने अपने बूथों पर 25 मई को जाकर पहले मतदान करें तब घर आकर जलपान करे।इस मौके पर धनंजय तिवारी, हरीलाल, अंजू रेणू, वन्दना त्रिपाठी, शालिनी, प्रतिभा केसरवानी, नम्रता पांडेय,छाया मिश्रा, निखिलेश पांडेय, दूधनाथ, मूलचंद, सरोजा देवी, उर्मिला देवी, भानुमती एवं दर्जनों अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

अप्रैल माह में पारा 41 पार

फूलपुर। दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ने से दिन में तपिश शिखर पर पहुंच रही है अभी अप्रैल माह में 41 डिग्री पारा पहुंच गया है। अभी मई-जून बाकी है जो गर्मी और लू के नाम से जाने जाते हैं। दिन में अभी से लोगों का निकलना दुभर हो गया है। 10 बजे से शाम तक आग बरसने जैसा माहौल रहता है। हालांकि मंडाई में किसान तेजी से लग गए हैं क्योंकि तापमान बढ़ने पर आंधी पानी का भय बना रहता है। छोटे बच्चों पर मौसम का प्रकोप ज्यादा पड़ने का भय बना है विशेषता स्कूली बच्चों पर। इसी तापमान में लोस चुनाव भी मध्य मई में पड़ रहे हैं। जिसमें लोगों का कतारबद्ध होना भी टेढ़ी खीर जैसा है।

मतदाता जागरूकता हेतु निकाली बाइक रैली,मंडलायुक्त ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीप व मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव के साथ मंगलवार को केपी इण्टर कालेज ग्राउण्ड में लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से लगभग 3000 से अधिक मोटर साईकिल स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली के पूर्व जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक व शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण कतारबद्ध ढंग से खड़े होकर एवं अपने-अपने वाहनों में मतदाता जागरूकता सम्बंधी स्टीकर लगाकर लोगो को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा अधिक से अधिक लोगो को मतदान किए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह मोटर

साईकिल/स्कूटी रैली शहर के विभिन्न हिस्सों में होते हुए पुनः के0पी ग्राउण्ड में समाप्त हुई। कार्यक्रम में साई बंधुओं के द्वारा ''आओ मतदान करें हम'' व सेंट एंथोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता सम्बंधी गीत एवं राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज की क्षात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि मैं चन्द्रशेखर आजाद की धरती पर आप सभी जोश से भरे हुए प्रयागराजवासियों का स्वागत करता हूं। इस गर्म मौसम में आने वाला यह 25 मई का दिन आपके लिए परीक्षा का दिन है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल ने कहा कि रैली के माध्यम से आप सभी जनपद वासियों को मतदान हेतु जागरूक, प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0 सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया

मण्डलायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के प्रत्येक मतदाता को 25 मई को घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए कहा

कि 01 अप्रैल, 2024 को जो भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिए है और उन्होंने अभी तक अपना मतदाता सूची में पंजीकरण नहीं कराया है, वे सभी लोग 26 अप्रैल तक अपना नाम मतदाता सूची में अंकित करा सकते है।

कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भदाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त -नगर निगम, सह जि0वि0नि0 एल0बी0 मौर्य, डॉ0 बी0एस0 यादव, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों सहित भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

उ0 प्र0 सरकार से शराब बन्द करने की मांग

प्रयागराज। इलाहाबाद जन कल्याण समिति की ओर से मीरापुर हर्षवर्धन नगर कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता मो0 हन्जला, इलाहाबाद जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ने किया। संचालन परशुराम चौहान ने किया।

समिति के सचिव परशुराम चौहान ने कहा कि जनपद प्रयागराज में सूखा नशा यानि धूम्रपान, चरस गांजा व भांग का कारोबार खूबल फल फूल रहा है। इनके सेवन व शराब के सेवन से उत्पन्न विकारों को पूरे समाज पर बुरा समाज पर असर डालने वाले कारक के रूप में देखा जाता है। मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले विकार एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसका सामना कई देश कर रहे है। गरीब तबके के लोग शराब में अपनी मेहनत का ज्यादातर पैसा बर्बाद कर देते है, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण भी अच्छे से नही करते है। उ0 प्र0 में शराब बन्द कर दिया जाय साथ साथ ही साथ सूखी नशा भी बन्द कर दिया जाय तो कई सामाजिक बुराईयो को भी खत्म किया जा सकता है।

तीन सौ किताबों के लेखक अल्लामा ज़ीशान हैदर को किया याद

जव्वादी की बरसी पर पेश की गई खेराजे अक़ीदत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज के बड़े और ख्याति प्राप्त अज़ीमुश्शान मज़हबी रहनुमा अल्लामा ज़ीशान हैदर जव्वादी की चौबीसवीं बरसी पर शहर के मुख्तलिफ तन्ज़ीमों व अदारों के साथ ओलमा ने खेराजे अक़िदत पेश की।

मस्जिद क़ाज़ी साहब बख्शी बाज़ार में खानवादा ए अल्लामा जव्वादी की ओर से बरसी की मजलिस में उनके क़ायम किए गए मदरसे जामिया अनवारुल उलूम के उस्ताद छात्र व बड़ी संख्या में ओलमा ने शिरकत की। हुज्जतुल इस्लाम मौलाना कमाल अहमद खां साहब क़िब्ला ने मजलिस को खेताब करते हुए उनकी ख़िदमात ए ख़ल्क़ व उनके द्वारा लिखी गई तीन सौ किताबों का हवाला देते हुए तफसीली तक़रीर की। मजलिस का आग़ाज़ मौलाना मोहम्मद ताहिर की तिलावत ए कलाम ए पाक से हुआ। कई शायरों ने ताज़ियती नज़्म भी पेश किए।

उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार अल्लामा ज़ीशान हैदर जव्वादी का

निधन सन दो हज़ार में आबूधाबी में रोज़े आशूरा यानि दस मोहर्रम को शहादत ए इमाम हुसैन पर शामें ग़रीबां की मजलिस पढ़ने के उपरान्त हृदयाघात से हुआ था। उनका जनाज़ा प्रयागराज लाया गया था और दरियाबाद क़ब्रिस्तान में उनको सुपुर्द ए खाक किया गया था। उनके निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके निधन को देश के अमन पसन्द लोगों के लिए बड़ी क्षति बताया था। मजलिस में अल्लामा जवादी की शरीके हयात (पत्नी) ज़मीर फात्मा व छोटे बेटे मौलाना एहसान हैदर जव्वादी के लिए भी मग़फीरत की दुआ की गई जो अब इस दुनिया से रुखसत हो चुके हैं।

इस मौक़े पर मौलाना रज़ी हैदर, मौलाना मोहम्मद अली गौहर, डॉ रिज़वान हैदर रिज़वी मौलाना शहरयार हुसैन, मौलाना मोहम्मद अब्बास, मौलाना कल्बे अब्बास, मौलाना आमिरुर रिज़वी, मौलाना अख्तर हुसैन, मौलाना अम्मार ज़ैदी, मौलाना ज़रगाम हैदर, मौलाना आज़म मेरठी, फरीद रज़ा, फरमान रज़ा, मक़सूद रिज़वी, ज़ुलक़रनैन आब्दी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, शाहरुख काजी, ज़ुल्फ़ेकार हैदर आदि शामिल रहे।

धूमधाम से मनाया गया रामनवमी एवं दुर्गाष्टमी उत्सव

रामनवमी का पर्व सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है- बांके बिहारी पांडे

प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के नेतृत्व में रामनवमी एवं दुर्गाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने अपनी धर्मपत्नी सीता पाण्डेय के साथ मां दुर्गा जी एवं भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन करके विधिवत पूजन अर्चन करने के पश्चात विद्यालय की नन्ही मुन्नी देवी स्वरूपा नौ कन्याओं का पूजन अर्चन करते हुए सभी का पांव धुलाकर चुनरी पहनाई और माला पहनाकर तिलक लगाया। उसके बाद दही जलेबी खिला करके सभी को उपहार एवं दक्षिणा प्रदान करके उन्होंने एवं समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद विद्यालय की छात्राओं यशी तिवारी, आराधना मिश्रा, कीर्ति सिंह एवं पल्लवी पाण्डेय ने संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में श्री रामचंद्र जी एवं देवी जी के भजनों को सुनाकर भक्ति रस का वातावरण बना दिया।इस अवसर प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने कहा कि रामनवमी का पर्व सनातन धर्म के महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है और इस दिन का भगवान राम के भक्तों को वर्ष भर इंतजार रहता है। रामनवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। रामनवमी और महानवमी दोनों ही हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्यौहार हैं, लेकिन इनकी तिथि, महत्व, पूजा, और उत्सव में अंतर होता है। रामनवमी भगवान राम के जन्म का उत्सव है, जबकि महानवमी देवी दुर्गा की जीत का प्रतीक है।कार्यक्रम का संचालन आचार्य सत्य प्रकाश पाण्डेय ने किया।

नन्हे साई ब्रदर्स ने बनाया मतदान जागरूकता गीत,अधिकारियों ने किया गीत का विमोचन

प्रयागराज। देश भर में 19 अप्रैल से लोक सभा का चुनाव होने जा रहा है। इसी क्रम में संगम नगरी प्रयागराज के नन्हे साई ब्रदर्स ने मतदाता जागरूकता गीत रचा है। प्रयागराज प्रशासन के आलाधिकारियों ने एक गीत का

विमोचन किया। इससे पहले मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव के साथ केपी इण्टर कालेज ग्राउण्ड में लोकसभा चुनाव के मतदान में अधिक से अधिक लोगो को मतदान करने के प्रति जागरूक करने हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग के सौजन्य से लगभग 3000 से अधिक मोटर साईकिल/स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

नन्हे साइ ब्रदर्स ने अभी तक कोई

मतदान नहीं किया है उसके बावजूद भी सभी को जागरूक करने के लिए गीत बनाया है जिसे देखकर मंडलायुक्त और डीएम बहुत ही प्रसन्न हुए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा गीत का प्रचार प्रसार करने के लिए सभी को आग्रह किया और 25 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसके लिए सभी को जागरूक करना है। इस गीत को बनाने वाले साई बंधुओ का कहना है की आज के समय के लिए यह बहुत ही आवश्यक है। मतदान के दिन को लोग छुट्टियों के दिन के तौर पर मानते हैं इसलिए अपने अधिकार को भूलकर घर पर बैठते हैं। अपने अधिकारों को भूलना नहीं है और ज्यादा से ज्यादा मतदान करना है।

नन्हे साई बंधुओ ने बताया कि उन्होंने यह गीत महज़ 7 दिनों की कड़ी मेहनत कर तैयार किया है। जब उनको पता चला कि अप्रैल माह में लोकसभा का चुनाव होना है तब दोनों ही बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के लिए इस गीत को रच डाला। आपको बता दें प्रयागराज के रहने वाले साई बंधु सगे भाई हैं अशित साई की उम्र 11 वर्ष जबकि आरव साइ की उम्र 6 वर्ष है। इसके पूर्व में भी साई ब्रदर्स ने कई गीत बनाये है जिसमें प्रमुख विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता 2022 , यातायात नियम जागरूकता गीत गीत के लिए प्रयागराज के डीएम के अलावा सांसद और कई मंत्रियों ने सम्मान प्रदान किया है ।

महिलाओं के सुरक्षा पर बनाया गया जागरूकता गीत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा विमोचन और गीत को बहुत ही सराहा गया तथा हर घर तिरंगा गीत को सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बच्चों के गीत अभिमोचन हुआ है और पूरे देश में बच्चों के गीत ने धूम मचा दिया था।

प्रयागराज में रामनवमी पर जारी हुआ स्पेशल डाक कवर

प्रयागराज। रामनवमी के उपलक्ष्य में आज मंगलवार को प्रधान डाकघर में स्पेशल डाक कवर जारी किया गया। यह कवर रामनवमी पर आधारित है, इसपर श्रीराम की धनुष बाण लिए तस्वीर दिखाई गई है। डाक विभाग एवं प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी की ओर से यह कवर तैयार किया गया है। प्रधान डाकघर के सभागार में पोस्ट मास्टर जनरल केके यादव में इस कवर का विमोचन किया। केके यादव ने कहा कि श्रीराम का संगम नगरी प्रयागराज से गहरा नाता है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग लोगों को अपनी विरासत और संस्कृति से जोड़ने के लिए तमाम डाक टिकटें और स्पेशल कवर जारी करता रहा। भगवान श्री राम की महिमा डाक टिकटों के माध्यम से भी देश दुनिया में प्रसारित हो रहा है। भारत के साथ-साथ विश्व के 20 से ज्यादा देशों ने रामायण से जुड़े चरित्रों पर समय समय पर डाक कवर जारी किए हैं।

जनता की सेवा हमारा संकल्प- नीरज त्रिपाठी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी कोरांव विधानसभा में एवं करछना विधानसभा क्षेत्र के तहसील परिसर में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं से एवं क्षेत्रीय जनता से जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा का संकल्प लेकर मैदान में उतरा हूं और आप सभी के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड जीत हासिल होगी।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी बताया कि करछना विधानसभा के अंतर्गत साधु कुटी चौराहा, बरदहाबाजार, कैथी चौराहा, भईवरा चौराहा और कोंराव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोडहार, राज बल्लभ तिवारी ग्राम, मेजा रोड, ताल तारा, चांद खमरिया, खीरी बाजार आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया। नीरज त्रिपाठी की पत्नी कविता यादव त्रिपाठी ने शंकर ढाल, नैनी, नैनी बाजार, कीडगंज मुट्ठीगंज, कल्याणी देवी, क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क और संवाद किया।

इस अवसर पर हरि केसरवानी, राजन शुक्ला, दिलीप केसरवानी रमेश केसरवानी, हरि अग्रवाल, राम लखन देवंशी, गनेशी सोनार, मंगला प्रसाद, मुकेश भारती, राधेश्याम गुप्ता, भुंवर जायसवाल, मनोज मिश्रा आदि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिना अनुमति न करें कोई प्रचार-प्रसार और रैली

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में नामांकन की प्रक्रिया, सुविधा पोर्टल, व्यय, सक्षम एप, सीविजिल एप सहित निर्वाचन आयोग के अन्य दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गयी। बैठक में बताया गया कि सभी प्रकार की अनुमति हेतु आनलाइन आवेदन ही किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार से आफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। बैठक में बताया गया कि प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है, बिना अनुमति लिए यदि चुनाव प्रचार से

प्रचार-प्रसार से सम्बंधित किसी भी प्रकार के आयोजन एवं वाहन प्रयोग के लिए अनुमति लेना अनिवार्य

सम्बंधित कोई कार्यक्रम किए जाते है या वाहन का प्रयोग किया जायेगा, तो वह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। किसी भी प्रकार की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जायेंगे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह सहित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सपा कांग्रेस की संयुक्त बैठक में बूथ स्तर पर सामंजस्य बनाने पर चर्चा

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव को लेकर इण्डिया गठबंधन में शामिल दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के जिला इकाई गंगापार क्षेत्र पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आज सपा कार्यालय में संपन्न हुई। सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश यादव की अगुवाई में हुई बैठक में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर पर दोनों दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में सामंजस्य बनाकर बूथ प्रबंधन के आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। संगठन के हिसाब से गंगापार क्षेत्र में कुल 5 विधानसभा आती है।जिले के फाफामऊ, सोराव, फूलपुर में सपा प्रत्याशी एवं प्रतापपुर एवं हंडिया विधानसभा में तृण मूल कांग्रेस के प्रत्याशी के समर्थन जुटाने पर भी दोनों दलों की भूमिका और तैयारी पर चर्चा की गई। तय हुआ कि दोनों दलों के कार्यकर्त्ता एक दो दिन में ही बूथ स्तर पर सामूहिक बैठकें सभी विधानसभाओं में कर लेंगे। किस बूथ पर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने में क्या, क्या रणनीति की जरुरत है इसकी रिपोर्ट तैयार कर जिले स्तर पर जानकारी दी जाएगी। ताकि आगे की रणनीति उसी हिसाब से तैयार किया जाय।सपा के जिला मीडिया प्रभारी ने बताया है कि शीघ्र ही अगली बैठक बुलाई जाएगी जिसमें सघन रणनीति पर चर्चा होगी।बैठक में प्रमुख रूप से सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल, अनिल यादव, सुरेश यादव, जीतलाल यादव, राकेश पटेल, राम अवध पाल, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, संदीप यादव, कुलदीप यादव, रईस अहमद, सलमान, मो एरम रब्बानी, महेंद्र विश्वकर्मा, सैयद आसिफ हुसैन, शाहनवाज, मो असलम, धारा भारतीय, जगदीश यादव, सिद्ध नाथ मौर्य,प्रशांत यादव, मनोज पासी आदि मौजूद रहे।

नवरात्रि की अष्टमी को हुई महागौरी स्वरूप की पूजा

कन्या भोज कर घर घर पूजी गयी कन्याए

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। नवरात्रि पर्व के अष्टमी को 51शक्तिपीठ कडाधाम में स्थित मां शीतला के दरबार में श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी स्वरूप की विधिवत पूजा की। धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।ऐसा माना जाता है कि महागौरी की पूजा से सभी पापो से मुक्ति मिलती है और अंखड सुहाग के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है अष्टमी के दिन माता दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा का विधान हैं।देवी भागवत पुराण में बताया गया हैं कि मां के नौ रूपो में आदिशक्ति के अंश और स्वरूप है। लेकिन महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी हमेशा विराजमान रहती है। मां दूर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से सोमचक्र जाग्रत होता है और हर असंभव कार्य पूरे होते है।ज्यादातर घरो में इस दिन कन्या पूजन किया जाता हैं और कुछ लोग नवमी के दिन पूजा अर्चना करने के बाद कन्या पूजन करते है। अष्टमी तिथि को मां गौरी को नारियल या नारियल से बनी चीजे का भोग लगाया जाता हैं। भोग लगाने के बाद नारियल को ब्राह्मण को देने और प्रसाद स्वरूप भक्तों में बांटने का प्रावधान है । कन्या पूजन के समय भक्तों को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनना चाहिए।मां गौरी ने अपनी तपस्या से इन्होंने गौर वर्ण प्राप्त किया था।उत्पति के समय यह आठ वर्ष की थी इसलिए इन्हें नवरात्रि के आठवें दिन पूजा जाता हैं।अपने भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप है।जो लोग नवरात्रि के नौ दिन व्रत नही रख पाते हैं वह केवल अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं और नवमी के दिन कन्या पूजन करते है तो उन्हें नवदिन के व्रत के बराबर फल मिलता है।कडाधाम में रात्रि 12 बजे अष्टमी तिथि को भव्य श्रृंगार का आयोजन किया जाता हैं जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु कडाधाम पहुंचते हैं। नवरात्रि की अष्टमी को क्षेत्र के रामपुर धमावा में शीला देवी ने घर में कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया इसी तरह क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मां के भक्तो ने कन्या पूजन कर कन्या भोज का आयोजन किया।

अष्टमी को 56 भोग लगाकर मां शीतला का हुआ भव्य श्रृंगार

लोकमित्र ब्यूरो

कडा, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कडा धाम में चैत्र नवरात्रि के आठवे दिन माँ कडेवाशिनी की महगौरी के स्वरूप में मध्य रात्रि को भव्य श्रागांर किया गया, जिसमें छप्पन प्रकार का भोग लगाकर माता की पूजा आरती की गई। मंगलवार को रात बारह बजे तक भक्तों ने महागौरी के रूप में माता के दर्शन पूजन किया।

शक्ति पीठ कडा धाम में आठवें दिन (अष्टमी) को माता महागौरी के स्वरूप में मध्य रात्रि को मॉ कडेवाशिनी का भव्य श्रागांर किया गया मंगलवार को भोर से ही श्रद्धालुओ का जत्था मन्दिर प्रागंण में जुटना शुरू हो गया था । जो देर शाम तक चलता रहा दूर दराज से आये श्रद्धालु पंक्तिबध्द होकर अपनी बारी आने तक माता की एक झलक पाने को लालायित रहे । पुरोहित कृष्ण कुमार बताते हैं कि हिन्दू पौराणिक कथाओं का कहना है कि शैलपुत्री सोलह वर्ष की आयु में अत्यंत सुंदर थी उनका रंग एक दम श्वेत था इसलिये उन्हें महागौरी के रूप में जाना जाता है माँ शैलपुत्री की तरह वह भी बैल की सवारी करती हैं इसी वजह से उन्हें वृषारूढ़ा भी कहा जाता है । नवरात्रि में आठवें दिन महाअष्टमी को महिषासुर पर माँ दुर्गा की जीत का जश्न मनाया जाता है लोग इस दिन महागौरी की पूजा करते हैं जो अपने भक्तों को धन और दौलत प्रदान करने और उनके सभी कष्टों को दूर करने के लिए जानी जाती है । नव दिन नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी को माता कडेवाशिनी की विशेष पूजा आरती होती है । इस दिन मन्दिर प्रागंण को तरह - तरह के फूलों और विद्युत झालरों से सजाया जाता है और मध्य रात्रि यानी बारह बजे रात्रि को मॉ कडेवाशिनी का छप्पन प्रकार के भोग के साथ भव्य श्रंगार पूरी बिधि बिधान से मंत्रो उच्चारण के साथ होता है।

कड़ा धाम में लगे नवरात्रि मेले का एसडीएम, सीओ ने भ्रमण कर लिया जायजा

सिराथू, कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ा धाम में लगे नवरात्रि मेले के अष्टमी को एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए गंगा घाटों का निरीक्षण करते हुए बैरिकेटिंग आदि का जायजा लिया साथ ही ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

अपर पुलिस अधीक्षक ने मेले में लगे कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, उपजिलाधिकारी सिराथू व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां शीतलाधाम कड़ाधाम में लगे मेला में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आग लगने से नगदी समेत लाखों रुपए की गृहस्थी जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

कसेंदा, कौशाम्बी। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर गांव में मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से कच्चे मकान में आग लग गई। धुएं के गुबार और आग की लपटें देख कर जुटे ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक नगदी समेत लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया।शेरपुर गांव निवासी प्रेम कुमार पुत्र कुंवारे लाल मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को वह काम करने के लिए प्रयागराज चला गया था। उसकी पत्नी सुनीता देवी एक व्यक्ति का गेहूं कटाई करने गई थी।इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे उसके कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें छप्पर समेत घर के अंदर रखा सामान धू - धू कर जलने लगा। आग की लपटें देख पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई।आग से 15 हजार रुपए की नकदी समेत कपड़े, बिस्तर आदि समेत करीब एक लाख रुपए का सामान जल कर राख हो गया। घटना की जानकारी होने के बाद बदहवास हालत में पहुंचे परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी। पुलिस के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आकलन किया। साथ ही पीड़ित परिवार को योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।

एफएसटी टीम प्रभारी ने पार्टी का झंडा लेकर जा रहे अज्ञात पर दर्ज कराया आचार संहिता का केस

सिराथू, कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा जगह जगह जांच पड़ताल कर लोगो को आचार संहिता का पाठ पढ़ाया जा रहा है, वही सोमवार को सिराथू कस्बे के फ्लाई ओवर के पास एक पार्टी का झंडा लेकर जा रहे लोगो को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल के बाद एफएसटी प्रभारी ने अज्ञात लोगो पर आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज कराते हुए कार्यवाही में जुटी है। एफएसटी टीम 05 के प्रभारी डॉ0 मो0 आदिल ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर सिराथू कस्बे के फ्लाई ओवर के पास राजनीतिक पार्टी जा झंडा लेकर निकल रहे व्यक्ति का वीडियो वायरल

श्रीराम जन्मोत्सव पर कल शोभा यात्रा का होगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृहस्पतिवार को करारी कस्बे में श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर बाजे - गाजे के साथ श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। यह बातें विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ल ने कही। मंगलवार को करारी में विहिप बैनर तले संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बैठक किया। बैठक में श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का रूप रेखा तैयार किया गया। जिला अध्यक्ष अवधेश शुक्ल ने बताया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया चाहिए।यह कार्यक्रम हमारे जीवन को ऊर्जा देता है। सभी सनातनियों को इस शोभा यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना सौभाग्य की प्राप्ति होगा। शोभा यात्रा इंद्रा नगर के विहिप कार्यालय से उठकर सोनारन टोला, अशोक नगर ,नेता नगर,किंग नगर होते हुए पुनः विहिप कार्यालय पर समाप्त होगा। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री वेद प्रकाश, कार्यक्रम आयोजक पुष्कर जायसवाल, गनेश वर्मा, बजरंगी अग्रहरी, प्रदीप जायसवाल, मुकेश, कपिल,मनोज जायसवाल उपस्थित रहे।

सम्राट अशोक एक शूरवीर और ताकतवर राजा थे- शिवमोहन मौर्य

मूरतगंज में धूमधाम से मनाई गई सम्राट अशोक की जयन्ती

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी ।चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज मरधरा में सम्राट अशोक सेवा के तत्वाधान में सम्राट अशोक की जयन्ती समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है सम्राट अशोक की जयंती समारोह की अध्यक्षता कर रहे कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य ने अशोक लाट व महात्मा बुद्ध की प्रतिमा में नमन कर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज देश को उनके आदर्शों को ग्रहण करने व विचारों को सुनने की जरूरत है।डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिवमोहन मौर्य ने कहा कि सम्राटों के सम्राट, सम्राट अशोक को कौन नहीं जानता। सम्राट अशोक का नाम इतिहास में उनके शासन काल से चला आ रहा है और आगे भी लिया जाएगा। सम्राट अशोक एक शूरवीर और ताकतवर राजा थे, जिन्होंने भारतीय इतिहास में अपनी छाप छोड़ी है।बिगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी सम्राट अशोक की जयन्ती समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर सिराथू ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष, शिव मोहन मौर्य, अशोक कुमार मौर्य,शिप्रा मौर्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सराय अकिल में भागवत कथा की समाप्ति के बाद किया गया कन्या पूजन

सराय अकिल, कौशाम्बी। नगर पंचायत सराय की सब्जी मंडी स्थित शक्ति धाम में चल रहे मद भागवत कथा की समाप्ति के बाद भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर कन्या पूजन किया गया जिसमें सैकड़ो कन्याएं प्रसाद ग्रहण कराया गया ग्रहण। बता दे, कस्बे में शिव शक्ति धाम प्रांगण में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक मध्य भागवत कथा का आयोजन किया गया, यह आयोजन शिव शक्ति धाम के सभी भक्तगण किया, जिसमें मद भागवत कथा की समाप्ति के बाद मंगलवार को कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्या भोज के पहले भरत केसरवानी ने बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार किया गया भोलेनाथ के दर्शन के लिए शिव शक्ति धाम मंदिर में लोगों का ताता लग गया मौके पर कथा वाचक विवेक कृष्ण भारद्वाज भरत केसरवानी कृष्ण नारायण रस्तोगी महेश रस्तोगी अमित रस्तोगी नरोत्तम दास अग्रहरि सुनील सोनी रमेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

दुष्कर्म के दो वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित मनीष कुमार निवासी जनका थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज वांछित अजय यादव निवासी मनौरी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को मनौरी बाजार से गिरफ्तार किया गया।

अवैध तमंचा कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा ज्ञानचन्द्र निवासी पड़रिया सुकुवारा थाना सराय अकिल को 01 अदद तमंचा 315 बोर01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोरके साथबेरूई पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ दस गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा पिन्टू शर्मा निवासी रक्सराई थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को 20लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा संदीप कुमार उर्फ लाला निवासी रामनगर शाहपुर थाना महेवाघाट को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उपनिरीक्षक आदित्य कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा राकेश कश्यप निवासी उदहिन बुजुर्ग थाना मोहब्बतपुर पइन्सा जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा शिवराज निवासी सेलरहा पूरब थाना मंझनपुर को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा राजू सिंह निवासी हरहुआ थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक शिवचरण राम मय हमराह पुलिस बल द्वारा राजेन्द्र कुमार निवासी भटवरिया थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुमेर यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा चांद बाबू निवासी बड़ा पचम्भा थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक मिश्री लाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा संजीत कुमार सरोज नि0 कन्थुवा थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक आलोक राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा जवाहर लाल सरोज निवासी पथरावां थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा बुदुन निवासी अमाव थाना खकरेरू जनपद फतेहपुर को 22 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कशिया में स्वचछता पखवाड़ा के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

भवारी, कौशाम्बी। कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कशिया में ''स्वचछता पखवाड़ा'' का आयोजन कामधेनु ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के कौशाम्बी पब्लिक स्कूल कशिया में स्वचछता पखवारा 18 अप्रैल 2024 तक चलाया जायेगा। जिसके अनतर्गत विद्यालय परिसर एवं आस पास की सड़कों की सफाई हुई। प्रवेश द्वार, गलियों एवं कमरों की समुचित सफाई करते हुए पूरे विद्यालय परिसर के स्वच्छ एवं अलंकृत किया गया। विद्यालय के 17 यू.पी. बटालियन प्रयागराज के कैडेटों मे स्वच्छता पखवारे में भागीदारी निभाते हुए विद्यालय परिसर, खेल के मैदान, कार्यालय एवं रास्तों की सफाई की। विद्यालय के प्रबन्धक श्रषि कुशवाहा, प्रधानाचार्य अश्विनी सिंह कुशवाहा, एन.सी.सी. ए एन ओ लेफ्टिनेष्ट कर्णवीर विजय प्रताप कुशवाहा एवं परेड इंस्ट्रक्टर सत्येन्द्र यादव ने 'स्वच्छता' को ईश्वरत्व बताया। उनहोने गाँधी जी के स्वच्छता अभियान की भी याद दिलायी। इस अवसर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएँ स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

एसओजी टीम व पंजाब पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में फिरौती का शातिर अपराधी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 14 अप्रैल, 2024 को पंजाब पुलिस की एक इन्वेस्टिगेशन टीम जनपद कौशाम्बी में आकर बताया कि उनके यहां विगत फरवरी माह में 05 करोड़ रुपए फिरौती की मांग की गई थी, जिसमे एक बिजनेस मैन के प्रतिष्ठान पर कुछ अज्ञात शूटरों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी, जिसके सम्बन्ध में महिलपुर जनपद होशियारपुर, पंजाब में पंजीकृत किया गया था। घटना से सम्बन्धित वांछितघनश्याम विश्वकर्मा निवासी बेनीराम कटरा पूरे घासी थाना सरायअकील अपराध करने के बाद से ही जनपद कौशाम्बी में छिपा हुआ है, इस जानकारी पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेते हुए एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ सिंह को पूरी टीम के साथ मिलकर आवश्यक

कार्यवाही करनेहेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में एसओजी टीम व पंजाब पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से गहन छानबीन की गयी व मुखबिरों से जानकारी करने का प्रयास किया गया तो सूचना मिली कि उपरोक्त आरोपी ग्राम वैशकांठी थाना करारी में अपने नाना के घर में छिपा हुआ है। इस सूचना पर एसओजी टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी घनश्याम विश्वकर्मा निवासी बेनीराम कटरा पूरे घासी थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने पंजाब की घटना को स्वीकार किया साथ ही यह भी बताया कि वह पंजाब के कौशल चौधरी गैंग का सदस्य है और असम, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल तथा मुम्बई में कई घटनाओं को अंजाम दिया है, जिसमें नकली नोटों की तस्करी व फिरौती जैसे गम्भीर अपराध भी शामिल हैं। यह भी पता चला कि आरोपी पश्चिम बंगाल में भी नकली नोटों की तस्करी में वांछित चल रहा है। कौशल चौधरी गैंग पंजाब के हार्डकोर अपराधियों का बड़ा गैंग है जो हत्या, लूट, डकैती, फिरौती जैसी बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। अभियुक्त घनश्याम को नियमानुसार पंजाब पुलिस इन्वेस्टिगेशन टीम के हवाले किया गया। अग्रिम कार्यवही पंजाब पुलिस द्वारा सम्पादित की जाएगी।

एएसपी ने निर्वाचन ड्यूटी हेतु गैर जनपद जाने वाली पुलिस फोर्स को किया ब्रीफ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर कौशाम्बी द्वारा जनपद कौशाम्बी से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन ड्यूटी हेतु गैर जनपद जाने वाली पुलिस फोर्स को ब्रीफकिया गया एवं चुनाव के दौरान उनके कर्तव्यों का दायित्वबोध कराते हुए फर्स्ट ऐड किट देकर हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 116 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 16 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना करारी से 03, थाना कौशाम्बी से 01, थाना पिपरी से 02, थाना कड़ाधाम से 07, थाना सैनी से 01) कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध अधिकारियों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विधानसभा, सिराथू के सभी बीएलओ एवं तहसील,सिराथू के लेखपालों को आज उदयन सभागार में सामान्य प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा बीएलओ एवं लेखपालों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में उनके कार्यो/दायित्वों से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बीएलओ से कहा कि 15 मई 2024 तक मतदाता पर्ची का नियमानुसार वितरण करना सुनिश्चित करें। मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को दिया जाना है एवं प्रत्येक परिवार को एक मतदाता गाइड का वितरण किया जाना हैं। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र (ईडीसी) के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, विकास पाण्डेय तथा डॉ0 अभिषेक सिंह द्वारा बीएलओ एवं लेखपालों को ईवीएम से सम्बन्धित जानकारीध्प्रशिक्षण तथा सामान्य प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं उप जिलाधिकारी सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली को डायट मैदान से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने स्वीप के अंतर्गत आयोजित दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली को डायट मैदान से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा तक निकाली गई। जनपद के मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को ÷छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान। पहले मतदान, फिर जलपान। चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।÷ आदि स्लोगन के माध्यम से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

भाजपा का संकल्प पत्र एक जुमला पत्र - दिनेश उपाध्याय

भाजपा बताए दो करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दुगुनी वादे का क्या हुआ ?

पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी 42 वर्षों में सबसे अधिक आप

उद्योगपतियों को लूट की छूट, आम आदमी बेहाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी, सांसद संजय सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं को इण्डिया गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार करने को निर्देशित किया गया है।.जिसके चलते प्रतापगढ़ आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में मंगलवार को प्रेसवार्ता कर गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की जनता से अपील की और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा इस दौरान गठबंधन सपा के जिलामहासचिव अब्दुल कादिर जिलानी भी प्रेस वार्ता में मौजूद रहे । आप अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा के संकल्प पत्र को आम आदमी पार्टी ने जुमला पत्र बताया। . प्रेसवार्ता करते हुए जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा भाजपा के संकल्प पत्र से महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की एमएसपी गायब है .भाजपा की पिछली घोषणाएं जमीन पर आज तक नहीं आ पाई भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र में वादा किया था, 20 करोड़ नौकरियां, काला धन, 15लाख रुपया, किसानों की आय दोगुनी, सभी को पक्का मकान का मोदी जी का वादा क्या हुआ ? भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है।. 400 का सिलेंडर 1200 का हो गया. आटा, दाल दूध तेल पेट्रोल डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं .उद्योगपतियों को लूट की छूट है आम आदमी बेहाल है ।

जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा देश में अघोषित इमरजेंसी लगी है फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है , चुनाव के वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया, उनको जेल में डालकर प्रचार करने से रोका गया. भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है । जनता जेल का जबाब वोट से देगी ।जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में ईंधन और दवाओं की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। ष्पीएम मोदी के कार्यकाल में, बेरोजगारी 42 वर्षों में सबसे अधिक हो गई। किडनी की बीमारियों, कैंसर और तपेदिक की दवाओं की लागत भी काफी बढ़ गई।ष्अग्निवीर योजना से युवाओं को धोखा दिया गया था। भाजपा सरकार में नौजवानों को रोजगार मांगने पर लाठियां मिली हैं ।

1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अंतू,प्रतापगढ़। पुलिस ने एक किलो 50 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना अंतू के उ0नि0 श्री शुभनाथ साहनी मय हमराह यूटी उ0नि0 श्री जय किशन, का0 शिवम राजपूत, का0 दीपक यादव, का0 अवधेश यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र अंतू प्राथमिक विद्यालय गौराडांड के सामने टीम सेड के नीचे से 01 अभियुक्त विनोद कुमार सिंह पुत्र स्व0 जगदीश बहादुर सिंह निवासी गौराडांड थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ को 1 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना संग्रामगढ़ में मु0अ0सं0 157,2024 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

लोकतंत्र की मजबूती को जरूर करें मतदान - डा0नीलिमा श्रीवास्तव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। साकेत महिला महाविद्यालय दहिलामऊ, प्रतापगढ़ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 श्रीमती नीलिमा श्रीवास्तव ने प्रतापगढ़ जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने समस्त कर्मचारियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें प्राचार्या महोदया ने अपने विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अपने वार्ड में लोगों को जागरूक करने की अपील की और कहा कि इस वर्ष लोकसभा के चुनाव में कुछ ऐसा प्रयास करना चाहिए कि शत-प्रतिशत मतदान हो सके। हम सभी शिक्षा वर्ग से जुड़े हुए है इस नाते हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम सभी अपने लोकतंत्र की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु मतदान का प्रतिशत बढ़ायें साथ ही प्राचार्या महोदया ने समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी दी कि वे अपने वार्ड का शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करेंगें।

कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति सिंह, श्रीमती प्रभा भारती, श्री विनय सिंह, श्री फिरोज जमील, श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती सुजस शुक्ला, श्रीमती अनीता त्रिपाठी, श्री राहुल मिश्रा, श्री परमजीत सिंह, डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा, श्री संतोष मिश्रा, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, श्री अनंत प्रकाश शुक्ला, श्री प्रशांत विश्वकर्मा, डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, श्रीमती आरती श्रीवास्तव, श्री जितेन्द्र कुमार, श्री रईस अहमद एवं श्री अजमत अली ने जिम्मेदारी लेते हुए आश्वस्त कराया कि उनके वार्ड में शत-प्रतिशत मतदान हेतु पूरा प्रयास किया जायेगा।

मां भद्रकाली पीठ में विशाल कन्या भोज आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। बाबागंज ब्लाक मुख्यालय के ठीक बगल में स्थित मां भद्रकाली पीठ में चौत्र नवरात्रि के पर्व पर अष्टमी तिथि को मां भद्रकाली पीठाधीश्वर स्वामी रामाश्रम जी महराज के देखरेख में विशाल कन्याभोज का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की हजारों की संख्या में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान क्षेत्र की कन्याओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सुबह से ही मां भद्रकाली मंदिर परिषद् में लगी रही। सर्व प्रथम समस्त कन्याओं का आरती पूजन व टीका लगाकर कन्याभोज का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजन प्रतापगढ़ जनपद के प्रमुख सीमेंट डीलर मूलचंद्र जायसवाल रहें । इस मौके पर सरिता मिश्रा सुनीता त्रिपाठी मधु देवी गंगोत्री शुक्ला सीमा जायसवाल संकठा प्रसाद मिश्र अनिल त्रिपाठी बबन शुक्ला अरविंद शुक्ला अविनाश मिश्रा अमित मिश्रा आजाद बादल पांडेय अमित पांडेय रामू पांडेय सत्यम पांडेय आकाश मौर्या देशराज पांडेय सुमित कामता मणि देवेंद्र मणि पांडेय डिप्टी मां भद्रकाली के पुजारी श्री त्रिभुवन नाथ शर्मा सहित भक्तगण मौजूद रहे।

वी.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भव्य कन्या पूजन का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में चौत्र नवरात्रि महापर्व के विशेष अवसर पर भव्य कन्या पूजन का अयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय की छोटी-छोटी बच्चियों ने नौ देवियों के अद्भुत रूप सौंदर्य को धारण किया।विद्यालय की छात्रा आभा, अनवी, आन्या, अक्षिता, प्रानवी, अद्रिका, विसाखा, अनिका, उर्वशी, तनिष्का, आर्या, प्रिशा, उर्वशी, अनाया आदि ने शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा,कूष्माण्डा, स्कंदमाता,कात्यायनी,कालरात्रि, महा गौरी का रूप धारण कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।वहीं त्रियाँश ठाकुर ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम तथा अविका मिश्रा ने मां सीता का तथा साहस, शौर्य ने शेषनाग अवतार लक्ष्मण का रूप धारण कर सबका मन

मोह लिया।विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने मां के नौ रूपों की पूजा विधि विधान से की। इस महत्वपूर्ण अनुष्ठान में छोटी-छोटी कन्याओं का सम्मान किया गया जो देवी दुर्गा के अवतार का प्रतिनिधित्व करती हैं। सभी कन्याओं के पैर धोकर उन्हें आसन पर बैठाकर उनकी कलाइयों के चारों ओर कलावा बांधते हुए माथे पर कुमकुम लगाया तत्पश्चात पूड़ी, हलवा, चना और फल को प्रसाद के रूप में खिलाया गया साथ ही कन्याओं के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया गया और अंत में दक्षिणा देकर विदाई की गई।

विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेंद्र कुमार सिंह ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए राम मंदिर निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी को रामनवमी महापर्व से जोड़ा। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका नीलम, स्वाति, महिमा, अंशिका, राखी ने मां दुर्गा और भगवान राम पर आधारित लोकगीत गाकर भारतीय संस्कृति और सभ्यता का बखूबी परिचय दिया।निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने विद्यालय परिवार को चौत्र नवरात्रि और रामनवमी महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अनुष्ठान मां भगवती के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए किया जाता है और कन्यापूजन से सर्वोच्चता का आशीर्वाद मिलता है। अतः हमें अपनी संस्कृति के प्रति पूर्ण श्रद्धा और आस्था रखनी चाहिए।

मां काली धाम रिखैयापुर में कन्या भोज और सामूहिक हवन का आयोजन

कुंडा प्रतापगढ़। बाबागंज विकासखंड के सम्मानित ग्राम पंचायत राजापुर के रिखैयापुर गांव में स्थित मां काली धाम में चौत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि को वरिष्ठ पत्रकार रुपेंद्र शुक्ला के देखरेख में आचार्य अनूप धर द्विवेदी द्वारा पूजा पाठ करा करके कन्या भोजन का शुरुआत किया गया। जिसमें क्षेत्र की कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य यजमान पंडित राम अनुग्रह शुक्ला, धनंजय तिवारी,व अजय यादव छोटे प्रजापति ने हवन पूजन करने के बाद कन्याओं को भोजन कराया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला, विपुल निश्चल पांडेय, युवा पत्रकार अनूप द्विवेदी,बल्लू तिवारी,पवन प्रजापती,ओम प्रकाश दुबे, पंडित कामाक्षा प्रसाद शुक्ला,ओम तिवारी,पवन तिवारी, शैंपू पांडेय, बब्बू शुक्ला, सोनू शुक्ला, समाजसेवी सूरज द्विवेदी मनीष यादव,बबन प्रजापती,राम अवध प्रजापती सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

संविधान निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका पर समरसता संगोष्ठी का आयोजन

भारत रत्न बाबा साहेब के जयंती पर अधिवक्ता परिषद द्वारा हुआ कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिला दीवानी न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता परिषद की अवध ईकाई के आयोजकत्व में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के जयंती पर समरसता दिवस पर संविधान निर्माण में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन वारिष्ठ अधिवक्ता शिशिर शुक्ल की अध्यक्षता व परिषद के महामंत्री मनोज सिंह के संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मौजूद बतौर मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रुप नारायण सरोज ने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि सभी वर्गों को समानता का अधिकार मिले। बाबा साहेब ने संविधान में देश के गरीब, दलित व पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ महिलाओं व बच्चों को अधिकार प्रदान कर सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया,इस लिए बाबा साहेब को दलित एवं पिछड़ों के मसीहा कहा जाता है।इस मौके पर अतिथि के रूप में मौजूद वारिष्ठ अधिवक्ता आलोक सिंह ने डॉ भीमराव अम्बेडकर को समाजिक समरसता का अग्रदूत बताया।इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वारिष्ठ अधिवक्ता शिशिर शुक्ल कहा कि डॉ साहब स्वंय विधि वेद्ता थे उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।इस मौके पर मौजूद पारिजात मिश्र प्रारुप समिति में अम्बेडकर का बडा योगदान बताया। इसके पूर्व परिषद के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संविधान निर्माण में डां अम्बेडकर के साथ- साथ अनेकों विधि वेद्ताओं ने तत्कालिक परिस्थितियों का अध्ययन कर एक सर्वक्षेष्ठ संविधान का तैयार किया था। अंत में मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस मौके पर आशीष गुप्ता, विनीत शुक्ल,सुरेंद्र सरोज,पंकज चौधरी,अंतिम, प्रदीप पांडेय, अरविंद पाण्डेय सहित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

पेयजल आपूर्ति न होने से हलाकान हो रहे ग्रामीण

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर विकासखण्ड के उदयपुर व खानीपुर के ग्रामीणो ने मंगापुर पेयजल योजना के तहत पीने के पानी की टंकी से आपूर्ति न होने को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौपा है। अधिवक्ता हर्षद श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसडीएम को सौपे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि इस पेयजल योजना के पिछले पचीस तीस दिनों में खराबी को लेकर ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नही हो पा रही है। आपूर्ति बाधित होने के चलते ग्रामीण खारा पानी पीने को मजबूर हो उठे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समस्याओं को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया गया किंतु अफसर समस्या से मुंह मोडे हुए है। एसडीएम प्रवीण द्विवेदी ने अधिशाषी अभियंता जल निगम को पेयजल आपूर्ति शुरू कराए जाने के आदेश दिये है।

सम्राट अशोक की जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। विश्व विजेता सम्राट अशोक महान की जयंती पर मौर्य सभा प्रतापगढ़ के तत्वावधान में विशाल शोभा यात्रा नगर पंचायत अंतू प्रतापगढ़ में निकाली गई, अध्यक्षता डा. शिवमूर्ति लाल मौर्य अध्यक्ष मौर्य सभा प्रतापगढ़ ने किया, मुख्य अतिथि आलोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश रहे, सालिक राम मौर्य अशोक बन कर शोभायात्रा के अकर्षण का केन्द्र रहे, शोभायात्रा पुरानी बाजार अंतू से स्टेशन तक रही, मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि, चक्रवर्ती सम्राट अशोक (ईसा पूर्व 304 सें ईसा पूर्व 232) विश्वप्रसिद्ध व शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे। सम्राट अशोक का पूरा नाम देवानांप्रिय अशोक मौर्य (राजा प्रियदर्शी देवता सब के प्रिय) है। उनका राजकाल ईसा पूर्व 272 से 232 प्राचीन भारत में था। मौर्य राजवंश के चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अखंड भारत पर राज्य किया है तथा उनका मौर्य साम्राज्य उत्तर में हिन्दुकुश की श्रेणियों से लेकर दक्षिण में गोदावरी

नदी के दक्षिण तथा मैसूर तक तथा पूर्व में बांग्लादेश से पश्चिम में अफ़ग़ानिस्तान, ईरान तक पहुँच गया था। सम्राट अशोक का साम्राज्य आज का संपूर्ण भारत, पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यान्मार के अधिकांश भूभाग पर था, लगभग 52 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला विशाल साम्राज्य उस समय तक से आज तक का सबसे बड़ा भारतीय साम्राज्य रहा है। चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शीर्ष स्थान पर ही रहे है। सम्राट अशोक ही भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट है। सम्राट अशोक को 'चक्रवर्ती सम्राट अशोक' कहा जाता है, जिसका अर्थ है - 'सम्राटों का सम्राट', और यह स्थान भारत में केवल सम्राट अशोक को मिला है। सम्राट अशोक को अपने विस्तृत साम्राज्य से बेहतर कुशल प्रशासन तथा बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए भी जाना जाता है।सम्राट अशोक ने संपूर्ण एशिया में तथा अन्य आज के सभी महाद्विपों में भी बौद्ध धर्म धर्म का प्रचार किया। सम्राट अशोक के संदर्भ के स्तंभ एवं शिलालेख आज भी भारत के कई स्थानों पर दिखाई देते है। इसलिए सम्राट अशोक की ऐतिहासिक जानकारी एन्य किसी भी सम्राट या राजा से बहुत व्यापक रूप में मिल जाती है। सम्राट अशोक प्रेम, सहिष्णुता, सत्य, अहिंसा एवं शाकाहारी जीवनप्रणाली के सच्चे समर्थक थे, इसलिए उनका नाम इतिहास में महान परोपकारी सम्राट के रूप में ही दर्ज हो चुका है। इस अवसर पर डा नितेश मौर्य, बसंत लाल मौर्य, अंकित मौर्य, प्रदीप मौर्य आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

जन आशीर्वाद यात्रा में मिल रहा अपार जन समर्थन - सांसद विनोद सोनकर

क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में हुआ सांसद का स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

कुण्डा प्रतापगढ़। पिछले दस वर्षों में मेरे द्वारा कुण्डा बाबागंज क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कार्य करने का प्रयास किया गया। 2014 के पहले क्षेत्र की सड़कें गढ्ढो में तब्दील थी। आज अच्छी सड़के बन गई है। जिसके कारण अब विकासशील क्षेत्रों में क्षेत्र की पहचान बन रही है। एक साथ तीन रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के लिये शिलान्यास किया गया। कार्य प्रारम्भ हो गया है। इन्ही सब से आज कुण्डा की पहचान विकसित क्षेत्र में हो रही है। इस बार आप सभी के द्वारा अपार जन समर्थन मिल रहा है। उक्त बातें मंगलवार को सांसद कौशाम्बी एवं लोकसभा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने लेहदरी गंगा पुल में स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं के बीच कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि अबकी बार 400 पार का संकल्प लिया गया है। कौशाम्बी लोकसभा के सभी मतदाताओं ने कहा है तीसरी बार 3 लाख पार। इस बार कुण्डा बाबागंज में आम मतदाताओं के द्वारा जिस तरह से स्वागत किया जा रहा है। इस अपार जन समर्थन को देख कर विपक्ष मायूस हो गया है। सांसद विनोद सोनकर का परियावां, अंसारगंज, अदलाबाद, लवाना, कधेरुआ,कुसुवापुर, रेवली मोड़,लाला बाजार,पनिगो,खनवारी, बंधवा, संग्रामगढ़, नरई,बाबागंज, लखपेड़ा,लंगड़ी महुली,झीगुर, लक्ष्मीगंज, नगर पंचायत हीरागंज बाजार,बहोरिकपुर,महेशगंज, पटना,राजापुर, शुकुलपुर, नगर पंचायत डेरवा बाजार, विकरा, कानूपुर, भिटारा एवं बाघराय बाजार में समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी,सांसद मीडिया प्रभारी एवं कौशाम्बी लोकसभा मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र,सतीश चौरसिया, कमलेश सोनकर,गौरव सिंह, शिवम शुक्ल, मण्डल अध्यक्ष मोहित मिश्र, अनिल पटेल,आशुतोष मणि द्विवेदी, विस्तारक सौरभ काशी, मुन्ना मिश्र, राम मूरत पटेल, अमर जीत सिंह, मोनू शुक्ल, धर्मेन्द्र मिश्र, प्रधान राम खेलावन पटेल, सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र पटेल, सन्तोष पांडेय, उमेश पाण्डेय, ऋषभ केसरी, सरोज तिवारी, आनन्द तिवारी, सन्तोष सोनकर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

दो पते का निवासी एवं मतदाता बनकर बनाई अकूत दौलत

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।महेशगंज थाना क्षेत्र के गोगहर गांव निवासी कन्हैया लाल यादव पुत्र किशोरी लाल ने कूटरचित दस्तावेजों और अपनी पहुंच का का प्रयोग कर दोहरी नागरिकता प्राप्त कर ली और लखनऊ शहर में करोड़ों की अवैध संपत्ति बना ली है। कन्हैया लाल का नगर पंचायत हीरागंज बाजार के वार्ड नंबर 6 गोगहर की मतदाता सूची में क्रमांक 468 पर मकान नंबर 38 में नाम पत्नी, पुत्र व पुत्री सहित अंकित है। वहीं लखनऊ नगर निगम के वार्ड नंबर 67 लाला लाजपत राय वार्ड में भी कन्हैया लाल का नाम पत्नी व पुत्र सहित मकान नंबर ई-4 एम - 103 पर दर्ज है। जोकि नियमानुसार गलत है। किसी भी भारतीय नागरिक का नाम नियमानुसार एक ही जगह की मतदाता सूची में दर्ज हो सकता है। उक्त कन्हैया लाल द्वारा किए गए फर्जीवाड़े की शिकायत शीघ्र ही शिकायतकर्ता विनोद यादव द्वारा निर्वाचन आयोग व मुख्यमंत्री के यहां की जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व में ही कन्हैया लाल की अवैध संपत्ति की शिकायत ईडी, आयकर, विजिलेंस व एलडीए लखनऊ में की जा चुकी है।

थाने पर नही हो रही सुनवाई, एसपी से लगायी इंसाफ की गुहार

लालगंज प्रतापगढ़। दलित की पिटाई को लेकर लीलापुर पुलिस जांच के नाम पर टालमटोल कर रही है। थकहार कर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार की है। लीलापुर थाना के मोती का पुरवा सगरा सुंदरपुर निवासी विनोद सरोज के पुत्र सूरज कुमार ने मंगलवार को एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती ग्यारह अप्रैल को दबंगो ने रंजिशन उसकी पिटाई कर दी थी। पीडित ने घटना की जानकारी लीलापुर पुलिस को दी। पीडित के मुताबिक लीलापुर पुलिस ने जांच के नाम पर थाने में पंचायत भी करायी। पीड़ित द्वारा घटना को लेकर कार्रवाई न होने पर लालगंज सीओ से भी मिलकर फरियाद की गयी। सीओ ने लीलापुर पुलिस को जांच के आदेश दे रखे हैं। पीडित का कहना है कि इसके बावजूद उसकी सुनवाई नही हो रही है। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर का कहना है कि घटना की जांच करायी जा रही है, सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

ग्रामीणों ने अस्पताल घेरा,पुलिस ने जांच बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

लोकमित्र ब्यूरो

कटरा गुलाब सिंह। थाना क्षेत्र की नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में स्थित पार्वती हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की मृत्यु होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अस्पताल को घेर लिया और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और दोषी डॉक्टर पर जांचोंपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह में अमर जनता इंटर कॉलेज के समीप डॉक्टर ऋषि कुमार पटेल द्वारा संचालित पार्वती हॉस्पिटल में पूरे तोरई गांव की महिला रिंकी देवी 32 वर्ष पत्नी राजबहादुर को आज सुबह करीब 9 बजे भर्ती कराया गया था। बताते हैं कि महिला ने कोई दवा खाया था जिसके कारण रात से ही उसको ब्लीडिंग हो रही थी सुबह करीब नौ बजे जब उसको पार्वती हॉस्पिटल ले जाया गया तो रक्तस्राव के कारण उसका बी पी काफी नीचे जा चुका था। यहां इलाज के दौरान लगभग 5 बजे उसकी मौत हो गई । मौत की खबर मिलते ही गांव के सैकड़ो लोग अस्पताल में जमा हो गए और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे । सूचना मिलते ही पुलिस चौकी कटरा गुलाब सिंह प्रभारी गणेश दत्त पटेल के साथ इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति राज बहादुर ने अस्पताल के डॉक्टर ऋषि कुमार पटेल और महिला डॉक्टर पार्वती पटेल पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए करवाई करने की मांग करने लगे। जेठवारा पुलिस ने मिली तहरीर पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर करवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। नगर पंचायत क्षेत्र में पार्वती हॉस्पिटल की तरह कई नर्सिंग होम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में संचालित हो रहे हैं जहां मरीज का खुलेआम शोषण ही नहीं उनके जीवन से भी खिलवाड़ किया जाता है ।

दारानगर में श्री शतचण्डी महायज्ञ में अष्टमी को 108 कन्याओ का हुआ पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

सैनी, कौशाम्बी। दारानगर कस्बे के महादेव मंदिर परिसर में हो रहे श्री शतचण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन एक दिवसीय यजमान दीपकमणि, अरविंद मणि ने मुख्य यजमानों के साथ मिलकर भगवती का पूजन अर्चन के बाद हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात परिसर में 108 कन्याओं का एक साथ वैदिक मंत्रों द्वारा पूजन यजमान अमृत लाल केशरवानी ने किया । उसके उपरांत श्रीमद् देवी भागवत कथा का वाचन करते हुए कथा व्यास कृष्ण देवाचार्य महाराज ने कहा कि जो भी नवरात्र में कन्या पूजन करता है उसकी समस्त मनोकामनाएं सिद्ध होती हैं।कथा व्यास देवाचार्य जी ने बताया कि एक वर्ष की कन्या पूजा में नहीं लेनी चाहिए, क्योंकि वह कन्या गन्ध और भोग पदार्थों की स्वाद से अनभिज्ञ रहती है। कुंवारी कन्या वह कही गई है जो दो वर्ष की हो चुकी हो। तीन वर्ष की कन्या को त्रिमूर्ति कहते हैं और चार वर्ष की कन्या को कल्याणी, पांच वर्ष की रोहिणी, 6 वर्ष की काली, 7 वर्ष की चंडिका, 8 वर्ष की शांभवी, 9 वर्ष की दुर्गा और 10 वर्ष की कन्या सुभद्रा कहलाती है। इससे ऊपर की आयु वाली कन्या का पूजन नहीं करना चाहिए क्योंकि वह सभी कार्यों में निंद मानी जाती है। इन नामों से कुंवारी का विधिवत पूजन सदा करना चाहिए और इन कन्याओं की पूजन से प्राप्त होने वाला जो फल है वह इस प्रकार है। कुंवारी कन्या का पूजन करने से दुख तथा दरिद्रता का नाश होता है वह शत्रुओं का क्षय है और धन आयु तथा बल की वृद्धि करती है। त्रिमूर्ति नाम की कन्या का पूजन करने से धर्म अर्थ काम की पूर्ति होती है धन-धान्य का आगम होता है और पुत्र पौत्र आदि की वृद्धि होती है जो राजा विद्या विजय राज्य तथा सुख की कामना करता हो उसे सभी कामनाएं प्रदान करने वाली कल्याणी नामक कन्या का नित्य पूजन करना चाहिए। शत्रुओं का नाश करने के लिए भक्ति पूर्वक काली का नाम की कन्या का पूजन करना चाहिए तथा धन एवं ऐश्वर्य की अभिलाषा रखने वाले को चंडिका नाम की कन्या की पूजा अर्चना करनी चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि सम्मोहन, दुख, दरिद्र के नाश तथा संग्राम में विजय के लिए शांभवी नाम की कन्या की नित्य पूजा करनी चाहिए। क्रूर शत्रु के विनाश एवं उग्र करम की साधना के निमित परलोक में सुख पाने के लिए दुर्गा नाम कन्या की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। मनुष्य अगर अपना मनोरथ सिद्ध करना चाहता है तो उसे सुभद्रा नाम की कन्या की पूजा करनी चाहिए और अगर भयंकर रोग नाश की इच्छा रखता हो तो उसे रोहणी नाम की कन्या की विधिवत आराधना करनी चाहिए। इस प्रकार विधिवत कन्या पूजन करने से निश्चित ही भगवती जगदंबा की कृपा होती है एवं संपूर्ण अनिष्टों का नाश होता है। कार्यक्रम में हजारों भक्त शामिल रहे।कल के कार्यक्रम के लिए स्वामी गोपालाचार्य जी महराज ने बताया कि राम नवमी के उपलक्ष्य पर भगवान श्री राम के जन्म दिवस के अवसर पर रामार्चा सहस्रनामो का होगा।उसके पश्चात शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति एवम श्री मद देवी भागवत महापुराण कथा का समापन होगा।

रामनवमी पर मेला व भंडारा आज

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के सेलरहा पश्चिम गांव में स्थित मसूरिया माता के मंदिर में रामनवमी पर लगने वाले दो दिवसीय मेले व भंडारे का आयोजन किया गया है। मंगलवार को रामचरितमानस का पाठ शुरू किया गया जिसका समापन बुधवार को होगा। मंझनपुर से सिराथू मार्ग पर सेलरहा पश्चिम गांव के पास मसूरिया माता का प्रचीन मंदिर है। नवरात्रि पर विशेष पूजा पाठ का आयोजन होता है। धार्मिक स्थल की व्यवस्था देख रहे पूर्व प्रधान लवलेश कुमार यादव ने बताया बुधवार रामनवमी व गुरुवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा ।इस दौरान मंगलवार को रामचरितमानस का पाठ शुरू किया। जिसकी शुरुआत खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने की है। बुधवार को समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

चायल में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली , मतदान हेतु दिलाई गई शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। देश के सबसे बड़े महापर्व निर्वाचन 2024 की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विकास खंड चायल में खंड विकास अधिकारी चायल के संयोजन में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला समन्वयक मनरेगा मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि वोट हमारा अधिकार है इसके सदुपयोग की जिम्मेदारी भी हमारी है। लोकतंत्र के आगामी महायज्ञ में दिनांक 20 मई को सभी अपनी अपनी आहुति अवश्य प्रदान करे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी चायल बृजेश सिंह ने बताया कि भारत देश की एकता को अक्षुण्ण रखने के लिए सही व्यक्ति का चुनाव नितांत आवश्यक है।इसलिए सभी को चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। आभार ज्ञापित करते हुए खंड विकास अधिकारी सागर सिंह ने बताया कि हम सबको प्रयास करना है कि अधिकाधिक संख्या में मतदान करना है तथा महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी है।कार्यक्रम का संचालन रघुनाथ द्विवेदी ने किया।

उसके बाद रैली में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक के बच्चों ने प्रतिभाग कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। पूरे विकास खंड में स्वीप कार्यक्रम के दृष्टिगत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विकास खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

प्रथम स्थान पर अंशिका पटेल, द्वितीय स्थान पर प्राथमिक विद्यालय चायल की तस्मिया खातून, तृतीय स्थान पर यूपीएस फरीदपुर सुलेम की सृष्टि साहू रहीं। इसके अतिरिक्त 6 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।इसके बाद उपस्थित सभी लोगों को मुख्य अतिथि ने मतदाता शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के समस्त कर्मचारी,विकास खंड चायल के समस्त ए आर पी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

नौगीरा में पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से संचारी रोगों की दी गई जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के नौगिरा में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को विशेष संचारी रोग अभियान नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के बीच पोस्टर व बाद विवाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद शिक्षक विकास कुमार ने बच्चों को संचारी रोग के विषय में जानकारी देते हुए कहा की स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग को हराना है। डेंगू फाइलेरिया, दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग के बारे में भी बताया। उन्होंने इस संबंध में सात प्रकार के विशेष कार्य से अवगत कराते हुए कहा की इनसे संचारी रोग की हार होगी। हम पर ना पड़े भारी, गर्मी वाली बीमारी। बच्चों को गतिविधियों के माध्यम से ही संचारी रोगों के संबंध में बताया।

पीड़ित ने दबंगों पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप, एसपी से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

गुलामीपुर, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंगो ने पीड़ित को मामूली बात को लेकर हुए विवाद में जान से मारने की धमकी देने लगे जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मडूकी गांव के राजू सोनकर का आरोप है की गांव के कुछ दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने मंगलवार को एसपी कौशांबी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया की सोमवार की शाम वह मंझनपुर से वापस आकर घर की तरफजा रहा था की पंचायत भवन के पास पहले से मौजूद गांव के ही तीन लोगों ने रोकते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया। कारण पूछने पर मारने के लिए झपट पड़े। पीड़ित ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई।

शहजादपुर संकुल की ननमई में हुई बैठक

संकुल शिक्षको को सभी विभागीय ऐप अपडेट करने व मतदाता जागरूकता पर भी हुई चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खण्ड कड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय ननमई में मंगलवार को शहजादपुर संकुल के शिक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन दोपहर दो बजे किया गया। बैठक में विद्यालय संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी लेने के बाद पांच बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी प्रदान की गई। शिक्षक संकुल गुलाब सिंह ने स्कूल में बच्चों की निपुण बनाने के लिए कक्षावार रणनीति बनाने के लिए जोर दिया। नोडल शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला ने शिक्षकों को सभी विभागीय ऐप को अपडेट करते हुए संबंधित कार्य करने पर चर्चा किया। शिक्षक संकुल बृजश्याम ने गत वर्ष के शैक्षिक सत्र में शिक्षकों के बेहतर कार्यो को एक दूसरे के बीच साझा किया। इसके साथ ही प्रेरणा ऐप पर रजिस्टर को डिजिटल करने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया। शिक्षक संकुल राकेश कुमार ने कहा की लोकसभा का चुनाव है जिसके लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अभी शिक्षक समय समय पर मतदाता जागरूकता रैली, विद्यालय प्रबंध समिति के बैठक कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करते रहें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवबरन, मनोज द्विवेदी, कमलेश कुमारी , माया सिंह, रिया सेठी, सूर्य प्रकाश सहित संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग कई बीघे गेंहू की फसल जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के कनवार का मजरा मकरीबाग गांव में मंगलवार की शाम गांव के बाहर गेंहू की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई , आसपास मौजूद लोगो ने खेत में लगी आग की लपटे देखा तो आनन फानन में कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया , इस दौरान गांव के अवधेश कुमार मौर्य का लगभग एक बीघा , रामभवन मौर्य का लगभग दस विश्वा , राकेश कुमार का लगभग दस विश्वा के करीब गेंहू की फसल जलकर राख हो गई । जिसके बाद पीड़ित किसानों ने मामले की सूचना राजस्व कर्मियो को दिया।

दयानंद कालेज में समाजसेवी ने लगवाया फ्रीजर

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे में स्थित दयानंद सरस्वती ज्ञान मन्दिर विद्यालय में माता पिता की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कस्बे के समाजसेवी ने बच्चो को ठंडा पानी की व्यवस्था करते हुए फ्रिजर लगवाया जिससे अब विद्यालय के बच्चो को ठंडा पानी मिलेगा। समाजसेवी फूलचंद्र केसरवानी ने बताया की माता बिट्टन देवी व पिता मोतीलाल केसरवानी की स्मृति में विद्यालय द्वारा चिन्हित पांच निर्धन छात्रों को दो वर्ष तक निशुल्क शिक्षा साथ ही साथ 1000- प्रति बच्चो को किताब ड्रेस के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य डा रमेश चंद्र केसरवानी की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण को दान किया गया। साथ ही कस्बे के वार्ड नंबर दो में हो रहे मन्दिर निर्माण के लिए 51000ध- का चेक दान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी फुलचंद्र केसरवानी ने बच्चो को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया । कार्यक्रम का संचालक रामप्रसाद ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य रमेश चंद्र केसरवानी , समाजसेवी फूलचंद्र केसरवानी, राजेंद्र कुमार, शिवबाबू केसरवानी , रमेश केशरवानी , कपूरचंद्र आर्य, ओमप्रकाश कुशवाहा, अमन कुमार, मिथिलेश केसरवानी, आनंद केसरवानी, दिनेश केसरवानी , सरवन केसरवानी , बड़ेलाल , विनोद कुमार, नीरज कुमार, रमेश , सुघर सिंह , विक्की केसरवानी, प्रदीप, रामबाबू मोदनवाल, अवधेश साहू, तुषार केसरवानी, संजीव केसरवानी, सत्येंद्र कुशवाहा, मोनी कुशवाहा , सुनीता केसरवानी , शीला देवी सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर परिसर में भव्य मंदिर का हुआ शिलान्यास

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी हनुमान मंदिर नया बाजार परिसर प्रांगण में श्याम बाबा के भव्य मंदिर का शिलान्यास हुआ। भूमि पूजन मंदिर के पुजारी सुरेश्वर नाथ शुक्ला ने पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। श्री रामलीला कमेटी नया बाजार भरवारी द्वारा संचालित हनुमान मंदिर परिसर में श्याम मित्र मंडल भरवारी द्वारा कलयुग के अवतारी, लखदातारी, शीश के दानी बाबा श्याम के भव्य मंदिर का शिलान्यास व भूमि पूजन मंदिर पुजारी सुरेश्वर नाथ शुक्ला व विकास शुक्ला ने विधिवतपूजा अर्चना किया। श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि, संरक्षक कैलाश केसरवानी, अध्यक्ष जितेन्द्र केसरवानी,उमेश कुमार उर्फ लाला वेद प्रकाश राजेश अग्रहरी उर्फ मुन्ना घनश्याम केसरवानी ,रामचन्द्र मास्टर, गोपाल केसरवानी, कमलेश अविनाश चंद बच्चा प्रकाश सुभाष आदि के कमेटी के पदाधिकारी और श्याम मित्र मंडल के गौरव केसरवानी उर्फ मोनू अजय केसरवानी उपांशु सुरेश अग्रवाल अमन ऋषभ गुप्ता सागर दीपक वर्मा अभिषेक जायसवाल नितेश अग्रहरि व कमेटी के पदाधिकारी व मित्र मंडल के मंडल के लोग मौजूद रहे।

शिक्षण योजना से बच्चों को पढ़ाएं शिक्षक- नीरज उमराव

कोर्रो संकुल के शिक्षकों की अप्रैल माह की हुई मासिक समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के कोर्रो संकुल के शिक्षकों की अप्रैल माह की मासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय असकरनपुर मंगरोहनी में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू नीरज कुमार उमराव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर लिया। उसके बाद उन्होंने आए हुए प्रधानाध्यापकों से क्रमवार स्कूल के प्रगति के बारे जानकारी लेते हुए समीक्षा किया। तत्पश्चात उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए बताया की स्कूल में निपुण अभियान के लिए अभिभावकों की सतत जागरूकता, आऊट आफस्कूल बच्चों के नामांकन के लिए सघनता से प्रयास करना, निपुण लक्ष्य ऐप से प्रतिदिन पांच छात्रों का एसिसमेंट, विज्ञान किट और गणित किट का प्रतिदिन प्रयोग करना, कक्षा एक, दो और तीन के बच्चों को संदर्शिका आधारित शिक्षा व कक्षा चार और पांच के बच्चों को एफएलएन आधारित व कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण प्रदान करना, शिक्षक डायरी और शिक्षण योजना से पठन पाठन करना, छात्र के ठहराव के लिए सुनिश्चित प्रयास करना आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। बैठक में संकुल के कुलदीप सिंह सहित समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक उपस्थित रहे।

भैरावां में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भण्डारे का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

अजुहा, कौशाम्बी। विकास खण्ड कड़ा के भैरांवा गांव में काली माता का मंदिर निर्माण के बाद कलश यात्रा के साथ पण्डित शिवराम मिश्र के द्वारा हवन पूजन एवं मंत्रोचार के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई जिसके बाद गांव के राम पाल यादव की अगुवाई में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कन्या भोज एवं सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, हनुमत सिंह, विद्याप्रसाद मिश्र, ज्ञान लाल यादव, बाराती लाल मौर्य, गोपी मौर्य, आवेश श्रीवास्तव, भीमसेन मिश्र, रिंकू तिवारी, अवधेश सिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

गेहूं का बोझ उठाते समय सर्पदंश से किशोरी की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के शेरगढ़ गांव निवासी अम्बोल कोटेदार किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके खेत से गेहूं की कटाई हुई थी। मंगलवार की दोपहर उसकी 16 वर्षीय बेटी अन्नू गेहूं के कटी फसल को थ्रेशर से कटाने के लिए खेत में बोझ इकट्ठा करने गयी थी। इसी दौरान गेंहू का एक बोझ उठाते समय उसके नीचे बैठे जहरीले सर्प ने उसके हाथ में काट लिया। किशोरी के शोर मचाने पर परिजन वहां भाग कर पहुंचे। सर्पदंश की जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। उन्होंने सांप को वहां से भागते हुए देखा। परिजन झाड़ फूंक कराने के लिये उसे गांव ले गये। हालत गंम्भीर होने पर परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले जा रहे थे। मगर रास्ते में ही अन्नू ने दम तोड़ दिया। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बगैर शव का पोस्टमार्टम कराये उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा सवार युवती की मौत, मां और चालक घायल

लोकमित्र ब्यूरो

नेवादा, कौशाम्बी। सरायअकिल कोतवाली के डहिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार डंपर ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में ई-रिक्शा के पलटने से उसमें सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मां समेत चालक जख्मी हो गए। आसपास रहे लोगों ने ई-रिक्शा सीधा कर घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान चालक मय डंपर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है।

करारी कस्बा की रशीदा बेगम पत्नी अशरफ अपनी बेटी सानिया(18) के साथ दो दिन पहले एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के भीखपुर मेंडवारा गांव मायका उर्स में शामिल होने आई थी। मंगलवार सुबह वह मेंडवारा निवासी शनि पुत्र श्रीनाथ के ई-रिक्शा से अपने ससुराल करारी वापस जा रही थी।इसी दौरान सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के डहिया गांव के समीप प्रयागराज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से ई-रिक्शा सड़क किनारे पलट गया। हादसे में सानिया की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसमें सवार मां रशीदा बेगम व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास रहे लोगों ने ई-रिक्शा सीधा कर घायलों को बाहर निकाल तिल्हापुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर परिजन बदहवाश हालत में घटना स्थल पहुंच शव को करारी ले गए। इस संबंध में इंस्पेक्टर विनीत सिंह का कहना है कि मामले में अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। परिजनों के पोस्टमार्टम से इंकार करने पर शव का पंचनामा कर उन्हे सुपुर्द कर दिया गया है।

अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

लोकमित्र ब्यूरो

पूरामुफ्ती, कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के तेरामील काजीपुर के समीप सोमवार की रात अनियंत्रित कार ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार सड़क के किनारे एक घर में घुस गयी।हादसे में युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार चालक को पुलिस के सुपुर्द कर घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पाकर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

संदीपन घाट थानाक्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र शिवप्रसाद के अनुसार सोमवार की रात उसका भाई रंजीत कुमार बाइक से उजिहिनी आइमा ननिहाल जा रहा था।इसी दौरान तेरामील काजीपुर के समीप पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार सड़क किनारे एक मकान में घुस गई। हादसे में बाइक समेत सड़क पर गिरकर वह घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर घायल को इलाज के लिए पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पाकर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

रक्सवारा गांव में नहर की ऊंची पुलिया होने से वाहनों के आवागमन में कठिनाई

लोकमित्र ब्यूरो

बेनीराम कटरा, कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव नहर पुलिया ऊचॉ होने से वाहनों का चढ पाना मुश्किल होता है। गौरतलब तलब हो कि करारी थाना क्षेत्र के रक्सवारा गांव पर नहर में पुलिया ऊचॉ हो जाने के कारण आये दिन अक्सर लोड वाहनों को चढाने मे चालक को पसीने आने के साथ साथ वाहनों से दुर्घटना होने की भी आंशका बनी रहती है। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मालूम हो कि रविवार दोपहर एक लोडेड वाहन पास के गांव से लिपस्टिक पेड़ के कुछ कटे हुए लकड़ियो को लादकर आया और जब पुलिया पर चढाने की कोशिश की वहीं कई बार वाहन को आगे पीछे करता रहा और तो और गांव की बाजार होने के कारण सब्जी वाले भी वाहन की रवैया देख अपने जान बचाने के लिए दूर भाग खडे हुए तथा काफी मशक्कत के कारण आखिर कार चालक ने अपने वाहन चढाने मे कामयाबी पायी। यदि सँबधित विभाग समय रहते इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है तो किसी न किसी दिन दुखद घटना को नही कहा जा सकता है।

सम्पादकीय

मुलायमियत न बरती जाए

हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के कनीना में उन्हाणी गांव के करीब स्कूल बस के पेड़ से टकराने पर छह बच्चों की मौत वाकई दिल कचोटने वाली है।हादसे के वक्त चालक नशे में था। बस में 43 बच्चों समेत एक शिक्षिका भी थी। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि 34 छात्र घायल हो गए, जिनमें से नौ आईसीयू में हैं। बस चालक, प्रधानाचार्या और स्कूल सचिव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। चालक तेज गति से वाहन चला रहा था, मोड़ पर संतुलन खोने से बच्चे खिड़कियों से बाहर उछल कर गिर गए। मरने वाले छात्र 13 से 16 साल की उम्र वाले हैं। हादसे के बाद प्रशासन और नेताओं ने रस्मादायगी करने में देर नहीं की।इस दुर्घटना में पूर्व मंत्री के परिवार का बच्चा भी मारा गया है। दिल दहलाने वाले इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। साथ ही, विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की बात भी हो रही है। पुन- यह बात नहीं की जा रही कि छात्रों की जिंदगी को जोखिम में डालने वालों पर नकेल कैसे डाली जाए। देश भर से कहीं-न-कहीं से इस तरह के हादसों की खबरें आती रहती हैं। स्कूलों के लिए विभिन्न नियम बनाए जाते हैं मगर उनको निर्धारित करने और उन्हें सख्ती से लागू करने वालों को जिम्मेदार नहीं बनाया जाता।थोक के भाव में गली-गली स्कूल खोले जा रहे हैं, उन पर दूर-दराज से बच्चों को लाने-ले जाने की परिवहन व्यवस्था करनी होती है जिसके प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। जब भी इस तरह के हादसे महानगरों के बाहर होते हैं तो उन्हें उतनी गंभीरता से नहीं लिया जाता। शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय समेत संबंधित अधिकारियों को भी अहसास कराया जाना जरूरी है कि उन्होंने घोर लापरवाही बरती है। गैर-जिम्मेदारी सिर्फ मोटी रकम वसूलने वाले निजी विद्यालय ही करते, बल्कि सरकारी स्कूलों की स्थिति और भी खराब है।अभिभावकों के पास प्राय- न्यूनतम अधिकार होते हैं, उनकी शिकायतों की अनसुनी की जाती है। यदि वे सख्ती से किसी तरह की आलोचना करते हैं तो बच्चे के प्रति अनुचित बर्ताव होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं, या उन्हें स्कूल से निलंबित करने की धमकियां दी जाती हैं। हादसे के बाद नये-नये नियम लादने से भी कोई सुधार नहीं होने वाला। मारे गए बच्चों के अभिभावकों की क्षतिपूर्ति तो असंभव है, मगर देश भर के शेष छात्रों के जीवन को जोखिम में डालने वालों के साथ किसी भी तरह की मुलायमियत न बरती जाए।

मेष राशि- आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहे इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आप राहत महसूस करेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। माँ कालरात्रि का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगायें, रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच-विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही दिक्कते दूर होंगी।

कन्या राशि-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला राशि- आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। दुर्गा जी को फल अर्पित करें, आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।दोस्तों की मदद से आपकी कोई इच्छा पूरी होगी। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगायें, घर में शांति का माहौल रहेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस मे फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। मां दुर्गा को खोये का भोग लगायें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि को हाथ जोड़कर प्रणाम करें, आपके साथ सब अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी।

मीन राशि- आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

नवाचार- विचारधारा का

संध्या
कानपुर, उत्तर प्रदेश

अंजलि के नवाचार शिक्षण प्रशिक्षण का आज आखिरी दिन था। पहले तीन दिनों में बराबर इसी बात की चर्चा होती रही कि क्यों पूर्व निर्धारित विधियों से अपेक्षित शिक्षण परिणाम नहीं मिल रहे हैं। वांक्षित परिणाम पाने के लिए प्रभावी शिक्षण विधियां को अपनाने की जरूरत है ताकि छात्र व शिक्षक दोनों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण भी बना रहे और लक्षित अधिगम स्तर भी प्राप्त हो जाए, इसके लिए नवाचार की विधियों को अपनाना होगा। नवीन शिक्षण विधियां को अपनाना, साथ ही पुरानी नीरस, अप्रभावी विधियों परिमार्जित करना श्रेयकर रहेगा।अंजलि का फोन बराबर वाइब्रेट हो रहा था उसने फोन को बिना देखे ही साइलेंट कर दिया मगर जब बार-बार कॉल आ रही थी तो अंजलि ने अपना मोबाइल बैग से बाहर निकाला और बाहर आ गई उसने देखा पापा की छह मिस्ड कॉल पड़ी थी। अंजलि के दिमाग में सैकड़ों सवालों का सैलाब उमड़ पड़ा और उसका मन अज्ञात भय से कांप उठा क्योंकि इस अवस्था में दो पुत्रों के बावजूद पापाङ्कमम्मी दोनों अकेले रहते थे। इस वजह से हर घड़ी अंजलि को यह भय रहता था कि कभी पापा या मम्मी को अचानक कुछ हो गया तो उनको कौन संभालेगा। इसी विचार श्रृंखला में डूबे हुए उसने कॉल लगाया काफी देर के बाद कॉल रिसीव हुई तब तक अंजलि के माथे की सिकन साफ़ तौर पर उसकी घबराहट को प्रदर्शित कर रही थी जैसे ही अंजलि ने हेल्लो बोला उधर से पिताजी का घबराया हुआ स्वर आया की मम्मी बुरी तरह घायल हो गई हैं जल्दी आ जाओ। अंजलि ने धैर्य बंधाते हुए कहा आप परेशान न हों मैं आ रही हूं। मगर हकीकत में वह घर से 30 किलोमीटर दूर थी और ट्रेनिंग अभी खत्म भी नहीं हुई थी उसे कुछ भी सूझ नहीं रहा था। अंत में बहुत विचार करने के बाद उसने भाई को कॉल किया और कांपते स्वर से सारी बात बताई, जिसे सुन कर भाई की आवाज़ में जरा भी फर्क नहीं आया। भाई ने बेहद कर्कश स्वर में जवाब दिया कि तुम जानो मैं नहीं आ जा सकता। तुम्हे ज्यादा चिंता है तो तुम ही रख लो और देखोङ्कभालो और ऐसे बेकार की बातों के लिए मुझे फ़ोन मत किया करो और हां मुझे दुबारा परेशान करने की कोशिश न करना। इतना कह कर कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। मगर अंजलि जो 1 घंटे से ट्रेनिंग की असमर्थता का दंश झेल रही थी उसे समझ नहीं आ रहा था की क्या करे, और कैसे करे। अंजलि सोच रही थी की पापा ङ्कमम्मी यह सच सह नहीं पाएंगे कि कल तक जिन बच्चों के लिए इतना कुछ त्याग दिया वो आज उनकी परेशानी में आना भी नहीं चाहते हैं। अंजलि ने मास्टर ट्रेनर से घर जाने की परमिशन लेनी चाही पर उन्होंने उसे ऐसे देखा मानो वो यह पढने की कोशिश कर रही हो की अंजलि जो कह रही है उसमे कितना सच है। काफी टाइम लेने के बाद उन्होंने थोड़े रूखे से स्वर में कहा, आधे घंटे में प्रशिक्षण का आखिरी हिस्सा खत्म हो जाएगा तब तुम जा सकती हो। कहने को तो कह दिया था उन्होंने पर अभी भी वो तिरछी निगाह से अंजलि को देख रही थी। हम किस समाज में रह रहे हैं जहाँ व्यक्ति की परेशानी को समझने के लिए भी लोगो को शक करना पड़ता है। ट्रेनिंग का आखिरी सेशन शुरू हो गया था पर अंजलि का मन नहीं लग रहा था उसे मालूम था कि मम्मी पापा मेरे घर में नहीं रहेंगे और भाई रखना नहीं चाहते कितनी अजीब विडंबना है समाज की कि बेटी अगर अपने मम्मी-पापा के लिए करना चाहती है तो उसके लिए कहा जाता है कि कोई स्वार्थ या संपत्ति के लालच में वह यह सब कर रही है जबकि लडकों के स्वार्थपरिता को उनके हक का नाम दिया जाता है। अभी इसी तरह के द्वन्द में अंजलि खोयी हुई थी कि उसके बराबर की सीट की टीचर ने कहा ध्यान दो मैडम कुछ कह रही हैं और वो तुम्हे ही देख रही हैं।अंजलि ने अपने आपको संभाला और लेक्चर सुनने लगी। मास्टर ट्रेनर कह रही थीं कि नवाचार एक विचार है, व्यवहार है ,जो नवीन है और वर्तमान स्वरूप में गुणात्मक दृष्टि से भिन्न है जिसे हम सब अपने जीवन में अपना कर अपनी जिन्दगी के बहुत सारे पहलुओं को बेहतर कर सकते हैं। यह ट्रेनिंग मात्र आप को शिक्षण के नए तरीकों के बारे में नहीं सिखा रही बल्कि आप को सहज जीवन जीने की राह भी दिखा रही है, जैसे ही अंजलि ने यह सुना उसे उसकी परेशानी का हल मिल गया। अंजलि उस समय ऐसा लगा कि यह प्रशिक्षण शिक्षण विधियां के नवाचार के साथ-साथ पुरानी रूढिगत मानसिकता को मिटा कर नई विचारधारा का शिलान्यास करने के लिए है। उसने मन ही मन निश्चय किया कि अब वह किसी से कोई अपेक्षा नहीं करेगी अपने असहाय बुजुर्ग माता-पिता को अपने घर रखेगी। तब तक क्लास ट्रेनिंग का सेशन भी खत्म हो गया। वह ट्रेनिंग से सीधे हॉस्पिटल गई और वहा से एंबुलेंस ली और मम्मी को एडमिट करवा दिया और साथ ही पापा को घर ले आई। रात तक किसी भाई का कॉल नहीं आया और उसे इसकी कोई जरूरत भी नहीं थी क्योंकि अंजलि ने समाज की पुरानी मान्यताओं और विचारधारा के जीर्ण वस्त्र हटाकर उन्हें नवीन विचारधारा का आवरण पहना दिया था। उसने अपने माता-पिता को अपने साथ अपने घर में रख लिया था। अब उसे इस बात की कोई चिंता नहीं थी की लोग उसकी निस्वार्थ भावना को क्या नाम देंगे।

जूते की कीमत

औकात नहीं थी, जमाने में जो
हमारी कीमत लगा सके .....

ऐसे ही हमारे श्याम सुंदर दास जी अपने जूते पहनकर घर के बाहर निकले। कानों मे सांय- सांय करती हवा गालों पर तमाचे जैसी पड़ रही थी। दोनों जूते अपने आप में खुश नज़र आ रहे थे। किन्तु वे यह भी चाहते थे कि कोई इनसे भी पूछे कि वे कहां जाना चाहते है। मगर श्याम जी तो थे मस्तमौला स्वभाव के, वह कहाँ किसी कि इच्छा या अनिच्छा का ध्यान रखते थे। दोनों जूते उनके सानिध्य में स्वयं पर गर्व महसूस करते थे। श्याम जी जहाँ पर भी जाते वही ये भी जाते। दोनों एक-दूसरे से इतना प्रेम करते थे कि एक दूसरे के बिना एक भी कदम बाहर नहीं रखते थे ।दोनों ने यह प्रेम अपने घनिष्ठ मित्र श्याम जी से सीखा था। श्याम जी के सभी मित्र उनके जूते की सुंदरता से जलते थे। समय बीतता जा रहा था, जूते भी अपने उस पड़ाव पर आ पहुंचे थे।जहाँ उन्हें होना चाहिए था। श्याम जी को कई बार मित्रो ने टोकना आरंभ कर दिया था। लेकिन श्याम जी उनके द्वारा दिये गए आराम को भूलना नहीं चाहते थे, न ही उन्हें त्यागना चाहते थे। श्याम जी समय-समय पर उनकी मरहम - पट्टी करवाते रहते लेकिन त्यागने को तैयार नहीं। एक दिन श्याम जी के यहा मेहमान पधारे। मेहमानों मे से एक मेहमान ने श्याम जी का जूता बाहर जाने के लिए पैरो में डाला तो जूतो को बुरा लगा और मूह खोलकर चिल्लाने लगे। श्याम जी ने जूतो को प्रेमपूर्ण दृष्टि से देखा, और उनकी पीड़ा समझते हुए उन्हे उतारने का आदेश दिया। तभी मेहमान ने व्यंग्य स्वरूप में कहा जूते तो बदल लीजिये। अब तो ये भी अपना मुंह खोलने लगे हैं। श्याम जी ने मुसकुराते हुए कहा हां जनाब! श्री मान जी ले तो लें मगर महंगाई का सुरसा के समान मुंह है उसे रोके भी तो कैसे? सरकार की दी गयी आमद बढने से रही, ये महंगाई अपनी हैसियत बढ़ाती जा रही है जनाब! मेरे मन मे भी कई बार आता तो है किन्तु आज के जमाने में माता - पिता की कमाई बच्चों के शौक पूरे करने में ही पूरी हो जाती है। तभी मेहमान का पुरुषत्व जाग गया। बोले- साहब आप भी क्या बात करते है। आज ही नए जूते ले लिए जाए, चलिये!दोनों जूते यही सोच रहे थे और मन ही मन डर भी रहे थे कि कब घर के बाहर फेंक दिये जाएगे। पर अपने मित्र श्याम पर पूरा भरोसा था कि वह ऐसा नहीं करेंगे।

समय जैसे पंख लगाकर उड़ रहा था और और श्याम जी उन्हें पहनते ही जा रहे थे, साथ ही समय - समय पर उन्हे उनकी मंज़िल तक भी पहुंचाते रहते थे।श्याम जी के जूते अपने जीवन में इतने अनुभव ग्रहण कर चुके थे कि जितने किसी ने भी न ग्रहण किए होंगे। एक दिन उनके जीवन में आश्चर्य उत्पन्न कर देने वाला परिवर्तन आया।

श्याम जी को नेताजी की सभा के लिए बुलावा आया। श्याम जी शाम होते ही सभा में जाने के लिए तैयार हो गए और जूते भी उनेकी उत्सुकता का बहुत बड़ा हिस्सा बनकर उनके साथ चल दिये। तभी सभा में अचानक हलचल मची और एक हाथ ने दायें पैर के जूते को उठाया और सभा में उपस्थित नेताजी पर फेक दिया। जूता सीधा उनकी नाक पर पड़ा। जब सभा खत्म हुई तो सभागार में श्याम जी का दूसरा जूता भी रह गया।मंच पर पड़ा जूता अकेलेपन से घबराया और चिल्लाया कोई है, कोई है क्या? तभी साथी जूता बोला अरे! मित्र मैं यहीं हूं, तुम डरो मत।

जूते ने मंच पर बैठे जूते से कहा, तुम्हें वहां तकलीफ हो रही हो तो नीचे आ जाओ। मंच पर पड़े जूते ने कहा, नहीं मित्र, आज मैंने अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। जहां पहुचना चाहता था वहां पहुच गया। श्याम जी ने मेरा जीवन सफल कर दिया और श्याम जी को धन्यवाद करते हुए ज़ोर-ज़ोर से कहने लगा। भीड़ मे खड़ा रहना मकसद नही था मेरा बल्कि भीड़ जिसके लिए खड़ी है वही बनना था मुझे।प्रातः काल होते ही श्याम जी के पैरो का जूता सुर्खियो में था।

सबकी चर्चा- परिचर्चा का विषय था।कहा जा सकता है कि जूते ने अपनी औकात और अहमियत को पहचान कर घमंड कर लिया था क्योकि वह जूता नेता जी पर नहीं सामाजिक व्यवस्था पर गहरा तमाचा था, जिसने अपनी अहमियत को ख़त्म कर दिया था।

रंजीता जोशी तुलसी
जयपुर

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

भूख-स्वार्थ में खत्म होती उम्र

गांवों के अंधियारे चौबारों में
खेलता हुआ भूखा बचपन
आधार कार्ड पर नाम सही नहीं
मनरेगा में पालकों का
रोज कम मिल रहा श्रमदान
रोज एक पहर भोजन लिए
हर रात भूखा सोता बचपन
हाथ में कलम के बजाए
चौराहे पर खड़े हो पिता संग
मजदूरी खोज रहा यौवन,
महज 50-100 रूपए लिए
धूप में झुर्रियों संग खेतों में
खत्म हो गया मन का सावन
ये भूख की आग ऐसी है कि
दाह-संस्कार से पहले खाते में
टटोले लिए जाते हैं पैसे।
बीमा कंपनी में क्लेम मिल जाए
आंगन में अकड़ा हुआ पड़ा है,
घरवालें बीमा और बंटवारे सोच रहें।
दिल्ली मुंबई लिए सूटकेस-बैग भरे,
जनरल बोगी में ठूंसे हुए अभागे,
सोच रहे सपनों के पूरा होने लिए
निकल पड़े अपने मन के अंधियारे से
गगनचुंबी इमारतों में खोने-गिरने लिए.

-- अन्नू प्रिया ,
कटिहार, बिहार

माता सिद्धिदात्री

नवरात्रि के नवम दिन करते हैं,
सिद्धिदात्री मां की वंदना,
पावन तिथि प्रगटे प्रभु श्री राम लला,
राजा दशरथ के अंगना ।
सिद्ध चक्र की शक्ति है माता,स्वर्णिम
कंचन जगमग आभा,
अष्ट सिद्धि नव निधियां देती दुर्गे,
जिसने इस चक्र को साधा ।
सकल ब्रह्मांड की संपूर्ण शक्ति व
सिद्धियां, यहीं पर है उपस्थित,
अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति,
प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व ।
भोलेनाथ ने पाया मां सिद्धिदात्री से,
सिद्धियों का अनुपम वरदान,
शिवजी अर्धनारीश्वर कहलाए, माता
रानी का किया जयगान ।
सिंह पर सवार कमल पुष्प धारिणी,
चतुर्भुजी देवी कमलासनी,
मातेश्वरी, जगदाती, त्रिभुवनेश्रवरी,
जगदंबे सर्व सिद्धि प्रदायिनी ।
जो जन करता माता सिद्धिदात्री का,
पूर्ण आस्था से मन लगाकर ध्यान,
भवसागर से मुक्त - विमुक्त हो, पाता
मोक्ष का वृहद अद्भुत ज्ञान ।
सभी देवी देवताओं ने समय-समय पर
,विभिन्न रूपों में की माता की श्रेष्ठ
भक्ति,
सर्वेसर्वा महामाई का मिला आशीष,
मनवांछित वर की हुई प्राप्ति ।
नवरात्रों के नौ दिवस, इसीलिए होते हैं
अति विशेष,
विकारों पर विजय प्राप्त कर, योगिजन
शक्ति का कराते अंतर्मन में प्रवेश ।
नौ दिनों में नवरात्रि के जागृत होती है,
यह सारी दिव्य शक्तियां,
सकल ब्रह्मांड नमन करता माता को,
सर्व समर्पण कर अपनी अभिव्यक्तियां
।
हर इच्छा पूरी होती है जो, मेहरोवाली
जगदंबे की शरणे आता,
सच्ची श्रद्धा भाव, आस्था, भक्ति से
मां दुर्गा का दर्शन पाता ।
चरणों में तेरे शीश झुकाता हूं मईया,
मेरे क्षमा करो सब अपराध,
सदैव बरसाओ मां मुझ पर अपना,
अमित ÷आनंद÷ प्रसाद ।
धन्यवाद करता हूं देवी दुर्गे महारानी,
आप है परम कृपालु,
मूढ़ मति मैं बालक हूं आपका, दया
करो भवानी, महायोगिनी दयालु ।

- मोनिका डागा ÷आनंद÷ , चेन्नई , तमिलनाडु



झर-झर बहता निर्मल पानी

आज लिखूंगी एक कहानी,
झर-झर बहता निर्मल पानी।
जीवन का अनुराग लिखूंगी
राग-विराग-सहास लिखूंगी।
लोर बरसता नेह लिखूंगी
प्रेम सरसता मेह लिखूंगी
और लिखूंगी शाम सुहानी।
झर-झर बहता निर्मल पानी।
आज लिखूंगी उन आहों को,
दम तोड़ रही कराहों को।
जो पहुँच सकी न मंजिल तक,
ऐसी भटकती राहों को।
और लिखूंगी करुण कहानी।
झर-झर बहता निर्मल पानी।
तीखा मीठा खार लिखूंगी,
नोक झोक तकरार लिखूंगी।
बिछुड़न अरु मनुहार लिखूंगी,
पल-पल छिड़ती रार लिखूंगी।
और लिखूंगी बस मनमानी।
झर-झर बहता निर्मल पानी।
प्रेम लिखूंगी द्वन्द्व लिखूंगी,
बन्ध और स्वच्छन्द लिखूंगी।
बहे बयार समरसता की,
ऐसे सुन्दर छंद लिखूंगी।
नहीं करूंगी गलतबयानी।
झर-झर बहता निर्मल पानी।
आज लिखूंगी एक कहानी।

अनुपम चतुर्वेदी
सन्त कबीरनगर, उ0प्र0

मोबाइल का नशा

मोबाइल का नशा ऐसा चढ़ा है,
जो शायद ही उतर पाएगा।
बच्चा हो बूढ़ा हो या जवान,
इसे शायद कोई छोड़ पाएगा।।
घर में अगर छाई है शांति,
इसमें घबराने की नहीं है बात।
मोबाइल साथ है तो काफी है,
हो जाएगी सबसे मुलाकात।।
मोबाइल का नशा है विचित्र,
इसके बिन मानव न रह पाएगा।
भोजन न मिले कोई बात नहीं,
पर मोबाइल को न छोड़ पाएगा ।।
परिवार रिश्तों की नहीं जरूरत,
केवल चाहिए मोबाइल हाथ में।
कहने को तो सब रहते हैं घर में,
मोबाइल है तो न बैठते साथ में।।
मोबाइल का नशा का ऐसा असर,
इसके लिए मानव लड़ जाएगा।
वह छोड़ देगा अपने उद्देश्य को,
पर मोबाइल को न छोड़ पाएगा।।

मनोरमा शर्मा मनु
हैदराबाद, तेलंगाना

राष्ट्र का स्वाभिमान है तिरंगा

यह तिरंगा राष्ट्र ध्वज सम्मान है मां
भारती का।
हिन्द का गौरव अनोखा थाल जैसे
आरती का।
सरहदों पर बन सिपाही शान से लहरा
रहा है।
मानमर्दन शत्रु का कर गीत जय के गा
रहा है।
रूह खुश होती शहीदों की इसे जब भी
निहारे।
इस तिरंगे के लिए ही शत्रु से लड़ प्राण
वारे
भारती का हर निवासी पूजता इसको
सदा से।
यह झुकेगा सोचना मत यह परे है
कल्पना से।
आत्मबल है यह हमारा और प्यारा प्राण
से है।
तीन रंगों को हमें भी सोचना नित ध्यान
से है।
रंग केसरिया अमर बलिदान की
अनुपम निशानी।
श्वेत द्योतक हैअमन का विश्व ने यह
बात जानी।
चक्र की हर एक तीली नित प्रगति की
बात करती।
रंग हरे से हिन्द की संपन्नता पल पल
संवरती।
धार कर में जब इसे सैनिक लिए रण
को निकलते।
देख उन रणबांकुरो को दुश्मनों के दिल
दहलते।
हाथ है इस पर सदा से पार्थ के हरि
सारथी का।
ताज है यह वीर भू जो नित विजय
उच्चारती का।

प्रीति अग्रवाल
मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

महागौरी से है विनय

मातु महागौरी नमन, दिवस अष्टमी
आज।
स्वीकारो मम भक्ति को, जैसा भी है
साज।।
भाव पुष्प स्वीकार कर, चखिए पावन
भोग।
दया दृष्टि ऐसी रखो,शुभता से हो योग।।
धर्म कर्म में मन लगे,मधुरिम हो
व्यवहार।
निशिदिन मेरे हाथ से,हो कुछ तो
उपकार।।
सकल सृष्टि हर्षित रहे,बहे प्रेम की धार।
मानवता के मर्म को,समझे यह संसार।।
समुचित माया रख मनुज,करे ईष्ट की
भक्ति।
उचित ज्ञान सबको मिले,बढ़े सत्य की
शक्ति।।
मानव जीवन में बहे,सत्य शान्ति की
धार।
उचित कर्म करके सभी, पाएँ माँ का
प्यार।।
द्वेष दर्प उर से मिटे,काया रहे निरोग।
कृपा मातु की यूँ रहे, सुफलित हो
उद्योग।।
जीवन के हर मोड़ में, रहो मातु तुम
साथ।
सत्य कर्म करता चलूँ ,लगे सफलता
हाथ।।
विनती करता ओम कवि, रखो मातु
तुम मान।
जगहित के हों कर्म सब,ऐसा बने
विधान

ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम
शिक्षक व साहित्यकार
भीतरगांव
कानपुर नगर

आज मिला आशीष तुम्हारा

पूर्ण हुये सब ख्वाब यहाँ, हुआ सफल मम जीवन सारा।
धन्य हुआ है भाग्य हमारा, आज मिला आशीष तुम्हारा।
सबको सब सुख कब मिलता, होता कब कोई पूर्ण कहाँ।
समझ समय सम नदिया तुम, वसुधा बहती है धार जहाँ।
पल -पल बीत रहा जीवन, करता है वक्त इशारा 7
धन्य हुआ है भाग्य हमारा, आज मिला आशीष तुम्हारा।
जीवन का ध्येय बना लो, श्रम ही आभूषण बन जाये।
स्वेद कणों की धारा से, विश्वास हृदय का जग जाये।
संग सत्कर्म का करके, पोषित हो मम जीवन सारा।
धन्य हुआ है भाग्य हमारा, आज मिला आशीष तुम्हारा।
राजा रंक सभी जाते, ये सब जग की रीत निभाते।
भजन करें जो ईश्वर का,वही परम पद सुख है पाते।
झूठी माया पाकर तू, क्यूँ जीवन ये तूने वारा।
धन्य हुआ है भाग्य हमारा, आज मिला आशीष तुम्हारा।

कल्पना भदौरिया
स्वप्निल
लखनऊ,
उत्तरप्रदेश

लक्ष्मी का उलट-फेर

लक्ष्मी का उलट-फेर ऐसा हुआ ।
जो लिखा दैव ने कार्य वैसा हुआ।।
राम को राज्य गद्दी नहीं मिल सकी।
कामना की कली तक नहीं खिल सकी
।।
रो रहे थे पिता हार के दो वचन।
जल रहा था बदन अश्रुपूरित नयन।।
तापसी वेश में राम आगे बढ़े।
लोग कहने लगे काल कैसा हुआ।।
लक्ष्मी का उलट-फेर ऐसा हुआ.
धर्म का साथ देते हुए राम जी।
चल पड़े छोड़ नगरी अवध धाम की।।
जानकी राम के साथ में चल पड़ी।
लक्ष्मण ने गँवाई नहीं इक घड़ी ।।
हाय संकट विकट आज कैसा पड़ा।
जो न सोचा कभी आज जैसा हुआ।
लक्ष्मी का उलट-फेर ऐसा हुआ..
धर्म का ढोंग माता दिखाने लगीं।
पास अपने भरत को बुलाने लगीं।।
गर्व में डूब के माँ कहें यह वचन।
दो वचन माँग के सब किया है जतन।।
मैं तुम्हें सौंपती राज्य की लक्ष्मी।
भाग्यफल- कर्मफल एक जैसा हुआ
।।
लक्ष्मी का उलट-फेर ऐसा हुआ..
सुन रहे थे भरत क्रूर माँ के वचन।
अश्रु बरसा रहे थे कमल से नयन।।
माँ तुम्हें आज धिक्कार देता हूँ मैं।
राम का नाम श्रद्धा से लेता हूँ मैं।।
राम का दास बनकर रहूँगा सदा।
राम के साथ व्यवहार कैसा हुआ।।
लक्ष्मी का उलट-फेर ऐसा हुआ ।
जो लिखा दैव ने कार्य वैसा हुआ।।

डा0 नीलिमा मिश्रा
प्रयागराज

अनुपस्थित मतदान कार्मिक 18 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त कर लें अन्यथा होगी कार्रवाई-जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण एवं दिये महत्वपूर्ण निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने संयुक्त रूप से मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल राजकीय इण्टर कालेज व सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। राजकीय इण्टर कालेज व सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम को मास्टर टेऊनर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। निरीक्षण के दौरान दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने पीठासीन और मतदान अधिकारी प्रथम से निर्वाचन सम्बन्धी प्रश्न पूछे, ईवीएम मशीन सम्बन्धी जानकारी ली। उन्होने मतदान कार्मिकों से प्रश्न पूछे कि मशीनों को कैसे जोड़ा जायेगा, कन्ट्रोल यूनिट, वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने का क्या क्रम होगा, मॉक पोल कैसे होगा, मॉक पाल की पर्ची किस लिफाफे में रखकर शील्ड की जायेगी, सीआरसी का फुल फार्म क्या है,

मतदाता रजिस्टर क्या होता है, मत पत्र लेखा कैसे तैयार किया जाता है, पीठासीन अधिकारी की डायरी क्या होती है और कैसे भरी जाती है आदि महत्वपूर्ण प्रश्न किये। उन्होने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर टेऊनर से कर लें। उन्होने कहा कि ईवीएम को जोड़ना सीखे लें, मशीन सम्बन्धित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें। उन्होने मास्टर टेऊनर्स को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को गम्भीरतापूर्वक एवं अच्छे से प्रशिक्षण दें ताकि निर्वाचन की प्रक्रिया को मतदान कार्मिक अच्छे से समझकर जनपद में मतदान सकुशल सम्पन्न करायें। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि जो भी मतदान कार्मिक किसी कारण बस अभी तक प्रशिक्षण नही प्राप्त किये है वह दिनांक 18.04.2024 को राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में प्रथम पाली में प्रशिक्षण प्राप्त कर ले अन्यथा उनके खिलाफकार्रवाई की जायेगी।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेऊनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मोहम्मद अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेऊनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित विशेष विन्दुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते है, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेण्डर वोट क्या है, चैलेन्ज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन कौन सी मशीन रहती है आदि पर पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा मास्टर टेऊनर द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, आईटीआई कुण्डा प्रधानाचार्य रूपेश शुक्ला सहित कुलश्रेष्ठ तिवारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शिव बहादुर मौर्य, सुशील त्रिपाठी, वंशीधर पाण्डेय, अमित कुमार दुबे, शुभम कुमार, बृजेन्द्र स्वरूप निगम, आनन्द कुमार जान, वसीम, रणवीर, नीरज मिश्रा, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, शशांक कुमार वैश्य और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

डीएम के सख्त निर्देश पर 05 वर्ष से अधिक तहसील कुण्डा में लम्बित 204 वादों किया गया निस्तारण

डीएम ने तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के न्यायालय में लम्बित वादों की समीक्षा की

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के न्यायालय में लम्बित 05 वर्ष से अधिक पुराने नामान्तरण (धारा-34) वादों की समीक्षा की गयी। तहसील कुण्डा के तहसीलदार व नायब तहसीलदार कैम्प कार्यालय में उपस्थित हुये। लगभग 15 दिन पूर्व तहसीलदार कुण्डा के न्यायालय में 28, तहसीलदार न्यायिक के 176, नायब तहसीलदार कुण्डा के 57, नायब तहसीलदार बिहार के 74, नायब तहसीलदार मानिकपुर के 18 व नायब तहसीलदार बाबागंज के 11 कुल 354 नामान्तरण के बाद 05 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित थे परन्तु जिलाधिकारी द्वारा वाद निस्तारण हेतु सख्त निर्देश के कारण अधिकारियों ने लगातार न्यायालय में बैठकर वादकारियों को सुनकर 204 वादों को निपटाया जिससे वर्तमान में तहसील कुण्डा में 5 वर्ष से अधिक अवधि के लम्बित वादों की संख्या 150 रह गयी है।

जिलाधिकारी ने उपरोक्तोल्लिखित सभी लम्बित पत्रावलियों को एक-एक करके चेक भी किया। पुराने वादों के निस्तारण में किये गये प्रयास को जिलाधिकारी ने खुले मन से सराहा, साथ ही तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार सिंह व दोनो नायब तहसीलदारों को भविष्य में भी अपने न्यायिक कार्य व कर्तव्य के प्रति सचेत रहकर वादकारियों को ससमय एवं स्वच्छ न्याय देने हेतु निर्देशित किया। ज्ञातव्य है कि जनपद में 05 वर्ष से अधिक पुरानें वादों की संख्या अधिक होने को लेकर जिलाधिकारी ने चिन्ता व्यक्त की थी तथा इतने अधिक समय से नामान्तरण वादों के लम्बित होने के कारणों को जानने के लिये जनपद के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को वाद पत्रावलियों के साथ कैम्प कार्यालय में उपस्थित होने हेतु रोस्टर जारी किया था।

गाजे बाजे के साथ बच्चों ने निकाली स्कूल चलो रैली

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़ । सर्व शिक्षा अभियान के तहत बाबागंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय उतरार में को स्कूल चलो रैली निकाली गई।बीईओ आशीष मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चे हाथ में बैंड बाजा लेकर नारे लगाकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक नामांकन करने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय शुक्ला, एसबीआई के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर शिवानंद मौर्य ,शिक्षक बबलू सोनी,सुमन मौर्या,सुनीता देवी,सुमन देवी, कल्लू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

ट्रेनिंग कक्ष के पंखे खराब, गर्मी से मतदान कर्मी बेहाल

ट्रेनिंग स्थल राजकीय इंटर कालेज का हाल

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए ट्रेनिंग ले रहे मतदान कार्मिकों को काफी अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ रहा है। कई कक्ष के पंखे खराब हैं। जिससे गर्मी के मारे अन्दर बैठे कर्मियों का हाल बेहाल है। कहीं कहीं कुशल मास्टर ट्रेनर नहीं मिले हैं। जो चुनावी प्रक्रिया को आसान तरीके से समझा सके। कन्ट्रोल मशीन और प्रोजेक्टर में खराबी की शिकायत भी मिल रही है। राजकीय इंटर कालेज में इस तरह की दिक्कतें मतदान कराने की ट्रेनिंग ले रहे कर्मियों के सामने आ रही है। कक्ष संख्या दस में लगा पंखा खराब है। कमरा नंबर सात में प्रोजेक्टर खराब हो गया था। खास बात यह है कि लाइट जाने के बाद जनरेटर भी देर से चलता है। जिससे ट्रेनिंग में बाधा आई।

कक्ष में जाकर सवाल पूछते नजर आए सीडीओ

ट्रेनिंग के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा कक्ष में जाकर ट्रेनिंग ले रहे कर्मियों से सवाल दागते नजर आए। मसलन, टेंडर वोट क्या है। कौन कौन सी आईडी वोट डालने के लिए अधिकृत की गई है। इस दौरान कई कर्मी उत्तर नहीं दे पाए। सीडीओ ने उनको खुद समझाया।

विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

लालगंज प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी रामनवमी पर आज विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगे। वह दिन मे साढे ग्यारह बजे संग्रामगढ़ में पुश्तैनी मंदिर मे आयोजित श्रीरामनवमी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिन में ढाई बजे कौड़ियाडीह तथा सायं साढे चार बजे लालगंज घुइसरनाथ रोड तथा पौने पांच बजे नया का पुरवा चौराहा पर हो रही श्रीमदभागवत कथा में भी राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

माता शीतला तथा मां काली मंदिर में मना प्राण प्रतिष्ठा उत्सव, निकली शोभा यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर के समीप हण्डौर गांव में मां शीतला के नवनिर्मित मंदिर में को देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा हण्डौर से गाजी चौराहा, लीलापुर, कटरा मेंदनीगंज के शीतला धाम पहुंची। शोभा यात्रा में मां के जयकारे में मंत्रमुग्ध भक्त रंग गुलाल उडाते उल्लास मे दिखे। मुख्य यजमान अरविंद दुबे व सुनीता द्विवेदी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य माता शीतला की मूर्ति मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई। आचार्य पं. काली प्रसाद मिश्र के वैदिक पूजन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर लोक कलाकार अनिल रिमझिम के दल द्वारा राधा कृष्ण एवं सुदामा की आकर्षक झांकी देख भी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। वहीं भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को देवी आराधना में मगन देखा गया। इस मौके पर लालजी दुबे, रामजी दुबे, अशोक दुबे, हरिशंकर दुबे, राधेश्याम, शीतला प्रसाद, लाल बहादुर, विकास दुबे, कौशलेन्द्र, रामगोपाल दुबे, लक्ष्मीकांत दुबे, राजेश, आयुष, रामकिंकर आदि रहे। इसी क्रम में गांव मे ही काली माता के भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव भव्यता से मना दिखा। मुख्य यजमान पं. लक्ष्मीशंकर दुबे के संयोजन में नवरात्र पर काली माता के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। इसके पूर्व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हण्डौर चौराहे से लीलापुर होते हुए अमेठी के कालिकन धाम पहुंची। संयोजन केदारनाथ दुबे व समर बहादुर दुबे ने किया। शोभा यात्रा में अधिवक्ता राजकुमार दुबे, शेर बहादुर, जितेन्द्र दुबे, सूरज तिवारी, राजेश, विश्वनाथ आदि रहे।

मां काली धाम में महा भंडारा आज

कुंडा प्रतापगढ़। बाबागंज विकासखंड के राजापुर ग्राम पंचायत के रिखैयापुर गांव में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी महा भंडारा का आयोजन कल बुधवार को हैं। आयोजक टीम के अध्यक्ष रुपेंद्र शुक्ला ने सम्मानित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया है कल शाम 3 बजे से देर रात तक भंडारे में महा प्रसाद वितरण होगा।

श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा, हुई पुष्पवर्षा

लालगंज प्रतापगढ़। राम जन्मोत्सव को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा मंगलवार को यहां लालगंज बाजार में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। सगरा सुंदरपुर के शिव मंदिर नर्वदेश्वर धाम से गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा लालगंज के हरिहरमंदिरम पहुंची। शोभा यात्रा मे भगवान श्रीरामचंद्र के चित्र पर राम भक्त पुष्पवर्षा करते दिखे। शोभा यात्रा का संयोजन विहिप के जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने किया। जिला मंत्री नागेन्द्र भूषण शुक्ल ने शोभा यात्रा का सह संयोजन किया। हरिहरमंदिरम परिसर में जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम में प्रान्त सत्संग प्रशिक्षक मोहन जी ने राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर मे विराजमान हुए हैं तो हिन्दुओं का स्वावलंबन मजबूत हुआ है। संचालन बृजेश शुक्ल ने किया। शोभा यात्रा में जय श्रीराम व जय श्री बजरंगबली का जयघोष भी गूंजता रहा। प्रान्त मातृशक्ति प्रमुख पूनम पाण्डेय की अगुवाई में शोभा यात्रा मे महिलाओं की भी उत्साहजनक सहभागिता दिखी। इस मौके पर दिलीप तिवारी, सम्राट द्विवेदी, रजनीश तिवारी, वीरू शुक्ल, नवीन पाल, अजय मिश्र, सर्वेश मिश्र, समाजसेवी संजय शुक्ल, युवराज सिंह, अभय शुक्ला, चंचल शुक्ल, प्रकाशचंद्र गिरि, अवनीश पाण्डेय, कृष्णा श्रीवास्तव, आनंद शुक्ल, कमलेन्द्र, सीमा, बिन्दु, मण्डन मिश्र आदि रहे।

शिवसहाय सिंह राणा के नेतृत्व में उत्तर भारतीयों के समूह ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी से की मुलाकात, लोकसभा चुनाव में प्रतिनिधित्व की उठाई मांग

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज प्रतापगढ़। मुम्बई के उत्तर भारतीयों के समूह के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी से मुलाकात कर उत्तर भारतीयों के हितों के संरक्षण की मांग उठायी। पूर्व नगर सेवक शिवसहाय सिंह राणा सिंह के नेतृत्व में नई दिल्ली में राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी से प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर उत्तर भारतीयों के पार्टी में हित संरक्षण के लिए कांग्रेस हाईकमान को भावनाओं से अवगत कराने का अनुरोध पत्र सौपा है। समूह का नेतृत्व कर रहे शिवसहाय सिंह राणा ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई मुलाकात में बुकें भेंटकर उत्तर भारतीयों की ओर से सम्मान सौपा। प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व करते हुए शिवसहाय सिंह राणा ने विपक्ष के उपनेता से कहा कि मुम्बई और महाराष्ट्र के कुछ अवसरवादी उत्तर भारतीय नेता भले ही पार्टी से अलग हुए हों पर जनता अभी भी कांग्रेस की

विचारधारा के साथ मजबूती से पार्टी की नीतियों को स्वीकार कर रही है। समूह ने मुम्बई लोकसभा-26 से उत्तर भारतीयों के सम्मान में शिवसहाय सिंह उर्फ राणा सिंह को पार्टी की उम्मीदवारी का भी उपनेता को मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधि मण्डल ने श्री तिवारी से मिलकर यह विश्वास भी जताया कि कांग्रेस नेतृत्व उत्तर भारतीयों को समुचित सम्मान व न्याय का अवसर जारी रखेगी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भरोसा दिलाया कि वह पार्टी नेता के स्तर पर यह सुनिश्चित कराएंगे कि उत्तर भारतीय समाज के लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा नेताओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नही हो सकेगा। विपक्ष के उपनेता के आश्वासन पर शिवसहाय सिंह राणा ने प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में पार्टी हाईकमान पर यह भरोसा जताया है कि लोकसभा चुनाव में नार्थ मुम्बई छब्बीस से पार्टी उनकी उम्मीदवारी पर उत्तर भारतीयों का सम्मान करेगी। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता से शिवसहाय सिंह राणा के नेतृत्व में उत्तर भारतीयों के उच्चस्तरीय समूह से हुई मुलाकात की जानकारी मंगलवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत विधालय में छात्राओं को किया जागरूक

कोहंडौर, प्रतापगढ़। स्थानीय थाना की पुलिस द्वारा एसओ प्रीति कटियार के नेतृत्व में मंगलवार को सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हजारी प्रसाद इंटर कालेज कांधरपुर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। एसओ ने सरकार द्वारा चलाये गये 1090, 1098, 112, 108, 181 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के साथ ही घरेलू हिंसा, दहेज अपराध व बाल विवाह के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना व निराश्रित महिला योजना समेत महिलाओ,ध्बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

मॉकपोल से पहले और बाद में सीआरसी जरूरी

ऐसा न करने पर मतदान में आ सकती दिक्कत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में लगाए गए मतदान कर्मी अगर चाहते हैं कि उनके बूथ पर मतदान सही तरीके से हो जाए तो उन्हें सीआरसी यानी क्लियर, रिजल्ट और क्लोज पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। माकपोल से पहले और बाद में सीआरसी जरूरी कर लें। वरना आप दिक्कत में फंस सकते हैं। इसका असर मतदान पर पड़ेगा। उसके बाद क्या होगा। किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इस प्रक्रिया को सजगता से सकुशलता पूर्वक संपन्न कराना बहुत ही जरूरी कार्य है।माकपोल के समय उम्मीदवारों के एजेंट पोलिंग बूथ के अंदर बुलाकर उन्हें मॉकपोल की प्रक्रिया से अवगत कराना होगा। उसके लिए कंट्रोल यूनिट, वीपी पैड और बैलेट यूनिट को आपस में जोड़ लें। उसके बाद सीआरसी करें। जिससे यह पता चलेगा कि पहले से मशीन में कोई वोट नहीं डाला गया है। इसके बाद मॉकपोल की प्रक्रिया को शुरु करें। जिसमें सात पर्ची वीपी पैट से कटकर गिरेगी। इसके अलावा कम से कम पचास दिखावा वोट और डालना पड़ेगा। जिसमें उम्मदीवारों के साथ में नोटा का भी बटन दबाना हैं। ऐसा इसलिए कि पता चल सके कि बैलेट यूनिट के सारे बटन काम कर रहे हैं। सात पर्ची और उसके अलावा पड़े मत को गिन लें। पीठासीन उसे लिख ले। उसके पश्चात फिर से सीआरसी करें ताकि दिखावा मत पूरी तरह से डिलीट हो जाए। मशीन मत की संख्या शून्य बताने लगे। उसके बाद वास्तविक मतदान के लिए तैयार हो जाइए।अगर पहले और बाद में ऐसा नहीं करेंगे तो वास्तविक मतदान की प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो पाएगी।

काफी व्यवधान उत्पन्न होगा। जिसका खामियाजा पोलिंग पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। मसलन फिर से मॉकपोल कराना होगा। मतदान फिर से होगा। इस संबध में मुख्य मास्टर ट्रेनर डाक्टर मोहम्मद अनीश का कहना है कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार मॉक पोल के पूर्व और पश्चात दोनो ही दशाओं में सीआरसी कराना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता है तो पीठासीन अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

वैश्विक काव्य-संग्रह नयी सदी के स्वर में डॉ. रत्न की रचनाएं प्रकाशित,बढ़ा बेल्हा का गौरव

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। विश्व के विभिन्न देशों के 325 हिन्दी कवियों की रचनाओं को समाहित करने वाले विशालतम काव्य -संग्रह नयी सदी के स्वर में बेल्हा के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न को स्थान मिला है। चित्र -परिचय समेत डॉ. रत्न की रचनाओं को 8 पृष्ठों में प्रकाशित किया गया है। इसका संपादन सुप्रसिद्ध लेखक हीरालाल मिश्र मधुकर ने किया है। गौरतलब है कि 1300 पृष्ठों के इस काव्य -संग्रह में विश्व के नामचीन जीवित हिन्दी तथा अहिन्दी भाषी हिन्दी कवियों को ही सम्मिलित किया गया है। सरस्वती पुरस्कार प्राप्त सौ वर्षीय राम दरस मिश्र जैसे अनेक रचनाकार काव्य संग्रह में संग्रहीत हैं। नयी सदी के स्वर के प्रकाशन से वैश्विक स्तर पर हिन्दी साहित्य की दशा और दिशा के अध्ययन में सुविधा होगी। इस प्रतिष्ठित और दुर्लभ काव्य ग्रंथ पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग ने शोध कार्य आरंभ कर दिया है। इस उपलब्धि हेतु डॉ. दयाराम मौर्य रत्न को साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ने बधाई दी है। कहा कि डॉ. रत्न ने जनपद प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। उनमें एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशन लाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य, शिक्षाविद राकेश कनौजिया, साहित्यकार प्रेमकुमार त्रिपाठी प्रेम, श्रीनाथ मौर्य श्सरसश, राधेश्याम दीवाना, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, अनिल कुमार निलय, सुनील कुमार सिंह प्रमुख रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली गयी रैली

लालगंज प्रतापगढ़। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को यहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अधिवक्ताओं के द्वारा रैली निकाली गयी। एसडीएम न्यायिक नैनसी सिंह तथा तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में तहसील परिसर से रैली चौक होते हुए कालाकांकर रोड पहुंची। एसडीएम न्यायिक नैनसी सिंह ने लोगों को मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता प्रदान की। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी शत प्रतिशत मतदान के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज, उपाध्यक्ष लाल विनोद प्रताप सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, अकरम, राजेश तिवारी, संतोष पाण्डेय, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, प्रमोद तिवारी, शिवाकांत शुक्ला, आदि रहे।

रॉयल हाईज पब्लिक स्कूल में बच्चों को जन्म अग्नि से सुरक्षा की दी गई जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

खेमीपुर प्रतापगढ़ । मंगलवार को रॉयल हाईज पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया गया । अग्नि सुरक्षा सप्ताह दिवस के मौके पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कुंडा सौरभ सक्सेना अपने दल बल के साथ रॉयल हाई पब्लिक स्कूल में उपस्थित हुए। उनके साथ लीडिंग फायरमैन लाल प्रताप सिंह फायरमैन राकेश मिश्रा, विनोद कुमार यादव, अंकित कुमार यादव उपस्थित थे । सौरभ सक्सेना ने बच्चों को अग्नि से होने वाले जान माल के नुकसान से बचने के बहुत सारे तरीके बताएं, तथा उनके सहकर्मियों ने बच्चों के सामने आत्मरक्षा के प्रत्येक तरीके स्वयं करके दिखाए।

बच्चों को प्रशिक्षण देकर अग्नि से बचने के उपाय बताए। अग्नि लगने के कारण उसके बचाव एवं रोकथाम की जानकारी पाकर बच्चे बहुत प्रसन्न नजर आए और अधिकारियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रंजीत जयसवाल , सह -प्रबंधक सौरभ जयसवाल प्रधानाचार्य डॉ.आमिर वसीम संयोजक सुधा जायसवाल एवं अन्य सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं ।

एलायंस क्लब ने अष्टमी के दिन जन्मी बेटियों की माताओ को किया सम्मानित

बेटियां हैं साक्षात लक्ष्मी का स्वरूप – रोशनलाल उमरवैश्य

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अष्टमी के दिन जिला अस्पताल में जन्मी बेटियों का एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारीयो ने क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में जन्मी बेटियों की माताओ को उपहार आदि देकर सम्मानित किया। क्लब द्वारा यह अभियान 5 वर्षो से वेलकम बिटिया अभियान चलाया जा रहा है। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 5 वर्ष पहले क्लब ने वेलकम बिटिया अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान में क्लब के पदाधिकारी व महिला टीम जिनके घर बेटियां जन्म लेती हैं उनकी माताओ का उत्साह बढाष्कर सम्मानित किया जाता है एवं उनके घरों पर महिला टीम ढोल नगाड़े एवं मिठाई बांटकर खुशियां मानती हैं। क्लब यह अभियान बेटों और बेटियों में कोई फर्क ना समझे इसके लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।उसी क्रम में आज नवरात्रि के आठवें दिन जिला

अस्पताल में जन्मी बेटियों की माताओ को सम्मानित किया गया। इस अभियान में अभी तक 1543 बेटियों की माता को क्लब सम्मानित कर चुका है।

रोशनलाल ने कहा कि बेटियां लक्ष्मी का रूप होती है। आज बेटों से ज्यादा बेटियां हमारे देश का गौरव बढ़ा रही है। अष्टमी के दिन जन्मी यह बेटियां साक्षात लक्ष्मी का रूप है। आप सब माताएं भाग्यशाली हैं जिन्हें आज अष्टमी के दिन बेटी के रूप में माताजी स्वयं आपके घर पधारी हैं। इस अवसर पर क्लब की महिला टीम की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने कहा कि क्लब यह अभियान चलाता रहेगा। बेटियां ही घरों को रोशन करती हैं, बेटियों से ही घर में रौनक होती है। इस अवसर पर अर्चना खंडेलवाल, ज्योति, मोना, नीतू ,इंदिरा, मीनू, सुधा, शगुन, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, किरन पाल, रंजना, रितु, उमा पांडे, वर्तिका, ज्योति, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, संतोष कुमार, देवानंद, छेदीलाल, आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट

बसपा ने मयंक द्विवेदी को प्रत्याशी घोषित कर चुनाव को रोचक बनाया

सपा और भाजपा ने सजातीय प्रत्याशियों को मैदान में उतार वोटों की बंदरबांट की चली थी चाल

विचित्र तिवारी अज्जू

बांदा। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने पूर्व सांसद आरके पटेल को यहां उम्मीदवार बनाया है वहीं सपा से पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल मैदान में हैं। इस बीच बहुजन समाज पार्टी में यहां से पूर्व विधायक रहे पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को अपना प्रत्याशी घोषित कर जिले के राजनीतिक समीकरण को दिलचस्प बना दिया है। चर्चा है कि इस पूरी कवायद में एक माननीय की उछल कूद भी इसका हिस्सा है हालांकि समय आने पर माननीय के राजनीतिक कौशल का भी खुलासा हो सकता है।लोकसभा चुनाव में सर्वप्रथम सपा कांग्रेस गठबंधन ने यहां से शिव शंकर पटेल को समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बाद भाजपा ने अपने पुराने चेहरे वर्तमान सांसद आर.के. सिंह पटेल को दोबारा टिकट देकर भाजपा के कई स्वयंभू माने जाने वाले नेताओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। दोनों ही दलों से सजातीय उम्मीदवार होने की वजह से जिले में चुनाव को लेकर चर्चा तो तेज थी लेकिन इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में मायावती के अति करीबी रहे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने बसपा से अलग होने के बाद जन अधिकार नामक मंच पार्टी का गठन कर बांदा सहित प्रदेश में राजनीति की नयी दस्तक दी थी। मगर विगत सप्ताह श्री कुशवाहा के जौनपुर से समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार बनने से बांदा सहित प्रदेश के कुशवाहा वर्ग के मतदाताओं का रूझान कहां जायेगा यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

इसी को लेकर शिवशंकर पटेल की बम-बम है। सोमवार देर रात बहुजन समाजवादी पार्टी ने मयंक द्विवेदी को लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप संसदीय क्षेत्र के समीकरण एकदम उलट पलट हो गए। मयंक द्विवेदी की राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखा जाए तो उनके पिता पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी वर्ष 2007 में जिले की नरैनी विधानसभा क्षेत्र से बसपा के विधायक रहे उनकी छवि जिले के तेजतर्रार नेताओं में थी। मयंक द्विवेदी की पत्नी इसके पूर्व बांदा जिला पंचायत में सदस्य रही। वर्तमान में मयंक द्विवेदी भी जिला पंचायत बांदा के निर्वाचित सदस्य हैं।

राजनीतिक पृष्ठभूमि ठीक-ठाक होने और जाति समीकरण को देखते हुए उनकी दावेदारी को कमजोर नहीं आंकी जा सकती। इस लोकसभा क्षेत्र में जाति आधार पर अगर देखा जाए तो यह क्षेत्र ब्राह्मण और एससी बहुल है।

ऐसे में यहां का चुनाव खास रोचक हो गया है। सूत्रों की माने तो जिले के एक माननीय जो अपने आप को ब्राह्मण वर्ग का सर्वेसर्वा माने बैठे हैं उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती सी नजर आ रही है। हालांकि समाज द्वारा उनको उनकी कार्यप्रणाली के कारण ज्यादा तवज्जो नहीं दी जाती परंतु शायद मजबूरी का नाम..... झूठ विकास। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद यहां का चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है। जीत का ताज किसके सर पर सजेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। किंतु मामला त्रिकोणीय होने के साथ-साथ दिलचस्प हो गया है। बताया जा रहा है कि मयंक की उम्मीदवारी से ब्राह्मणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि समाज में एक ऐसा चेहरा तो आया जो अभी विवादित नहीं है, बाकी तो .....हर हर गंगे।

सदर विधायक ने सम्पर्क अभियान चलाया

बांदा। जिले में मतदाताओं की खामोशी राजनीतिक दलों में बेचैनी पैदा किए हुए है। अभी जनता में यहां पर चुनाव को लेकर नेताओं के प्रति कोई लगाव नहीं है। हालांकि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जन चौपाल और अन्य मामलों से ग्रामीणों से मुलाकात व प्रचार का सिलसिला चालू कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने ब्लाक महुआ एवं ब्लाक बिसंडा के दर्जनों गांव में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान सहित चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का कार्यक्रम चालू किया है जबकि जिले के अन्य विधान सभा में अभी किसी माननीयों का अपने क्षेत्रों में इसको लेकर अता-पता भी नहीं है और ना ही कोई खाश दिलचस्पी दिखाई दे रही है।हालांकि फसलों की कटाई-मडाई का समय होने के कारण यहां का किसान अभी अपनी किसानी पर ध्यान दिए हुए है जबकि काफी इलाकों की कटाई पूरी हो चुकी है। परन्तु इलाके के बालमुकुन्द तिवारी, चन्द्रशेखर मिश्रा, सिरोमन तिवारी व त्रिभुवन तिवारी आदि तमाम लोगों का कहना है कि अब हम कुछ फुर्सत महसूस कर रहे हैं। लोगों से जब राजनीति के मामले और चुनाव पर चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि कल रामनवमी..... काल से शुरू.....।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका- डीएम

जिलाधिकारी ने नवरात्रि मेला का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नवरात्र मेला विन्ध्याचल में अष्टमी के दिन मेला क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लगे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने परिक्रमा पथ सहित मुख्य मार्गो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा विन्ध्याचल परिसर में कन्या व बच्चों को फल का भी वितरण किया। रोडवेज परिसर विन्धाचल के सांस्कृतिक पंडाल में जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं को भी अपने मताधिकार के महत्व एवं मतदान करने के प्रति चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में लोकगायक जटांशकर के द्वारा अपने गीतो के माध्यम से एक जून को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की गयी। इसी क्रम में लोकगायक बद्री कवि तथा पतालू व उनकी टीम के द्वारा मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत प्लस करने हेतु सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोकगीतो के माध्यम से आगामी एक जून को अपने बूथ पर सबसे पहले पहुंचकर मतदान करने के प्रति संदेश दिया गया। इसी प्रकार समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता ''चलो हम सब मिलकर करे मतदान करे चल मतदान करे...'' गीत व मतदाता कजरी गीत प्रस्तुत कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने महिला समूहों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मंचीय कार्यक्रमों के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए घर घर संपर्क आभियान भी चलाएं जिससे आभियान का सार्थक परिणाम निकले। कार्यक्रम में उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों ने देवी आराधना एवम रामलीला का किया मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। बच्चों को शिक्षा के साथ ही अपनी संस्कृति से भी परिचित होना चाहिए। इसी भावना के साथ डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और भगवान राम के जीवन आदर्शो तथा देवी साधना के बारे में जाना।

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है तो रामनवमी को श्रीराम जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। नवरात्र शक्ति - पूजा और शक्ति - संचय का आध्यात्मिक पर्व है। यह पर्व संस्कृति और समाज के सरोकारों से भी जुड़ा हुआ है। इसी भावना के साथ डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, के तीनों शाखाओं के प्राइमरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको रोमांचित और पुलकित कर दिया। प्रार्थना कार्यक्रम के अंतर्गत कथक नृत्य, नृत्य नाटिका और देवीगीत के साथ भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। देवी रूप में सजी बच्चियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर बच्चों ने रामलीला का भी मंचन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निर्देशक अमरदीप ने अच्छी तैयारी के लिए अध्यापिकाओं विशेषकर संगीत अध्यापिकाओं को सराहा एवम कामना की कि शक्ति एवं सद्बुद्धि प्रदायिनी माँ दुर्गा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कल्याणकारी दृष्टि सभी देशवासियों पर सदैव बनी रहे।

जिलाधिकारी ने ली संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सम्बन्धी बैठक

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का प्रथम चरण 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज अंतर विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को अपने कार्यो को शत् प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ द्वारा दिए गए फीडबैक पर विस्तृत चर्चा करते हुए समस्त विभागों को कार्यो में सुधार के लिए कहा गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि दस्तक अभियान बीते 10 अप्रैल से चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कुल 824 टीमों द्वारा घरों का भ्रमण कर बुखार के मरीज, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम के लक्षण वाले व्यक्तियों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें समुचित इलाज व प्रबंधन के लिए संदर्भित कर रही है। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कार्ययोजना के अनुसार एंटी लारवा दवा के छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बोर्न डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान में आशाओं द्वारा घर के समस्त व्यक्तियों की आभा आईडी का भी सृजन किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत अभी तक आशाओं द्वारा कुल 34422 घरों का भ्रमण किया गया है। जिसमें खांसी, जुकाम, बुखार के कुल 23 मरीज, क्षय रोग के लक्षण वाले कुल 1 मरीज चिन्हित किए गए हैं। जिनका समुचित इलाज व प्रबंधन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि नालियों की साफ सफाई, झाड़ियां की सफाई व हैंड पंपों के मरम्मत भी करायें। साथ ही जो हैंडपंप खराब है, उसे पर लाल पेंट से मार्क भी कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सचिवों के साथ मीटिंग कर झाडियां की सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही निर्देशित किया कि बाजार में व पंचायत घरों में पानी के लिए घड़ा भी रखे है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जहां पर खड़े रखे जा रहे हैं, अपनी टीम द्वारा निरीक्षण कराएं। जिलाधिकारी ने नगर विकास से सम्बन्धित सभी अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बाजार में आरो व पानी का घड़ा रखवाएं। उन्होंने दस्तक अभियान के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि आशा और आंगनवाड़ी द्वारा जो स्टीकर लगाए जा रहे हैं, उसकी भी मॉनिटरिंग करते रहें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन का धरना जारी, कार्यवाही न होने से आक्रोश

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। बार एसोसिएशन पुरातन सदर तहसील में आवश्यक बैठक हुई। अध्यक्षता विवेक दत्त मिश्र एडवोकेट व संचालन महामंत्री अजय सिंह ने किया। जिसमें विभिन्न मांगो को लेकर तहसील सदर में 3 अप्रैल से अनवरत धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिस पर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस कारण सदर तहसील के अधिवक्तागणो में भारी आक्रोश है। पूर्व अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक यह आंदोलन अनवरत चलता रहेगा। राकी सिंह ने कहा कि हमारा संघर्ष अंतिम क्षण तक जारी रहेगा। अधिकारी अधिवक्तागणो में फूट डालना बंद करे। धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार प्राइवेट कर्मचारियो की वजह से है। जिसे अधिकारीगण बढ़ावा दे रहे है। उन्ही की आड़ में धन उगाही करके सरकारी पत्रावली में छेड़छाड़ कर रहे है। दुर्गेश सिह ने कहा कि हमारा संघर्ष अनवरत तब तक जारी रहेगा जब तक कर्मचारी और अधिकारी अपने कार्यशैली में बदलाव नहीं लाते। शैलेश गुप्ता ने कहा कि हमारी जो भी मांगे है वो जायज है। अधिकारियो तथा शासन को हमारी मांगे पूरी करनी चाहिए।

बैठक में अवनीश चन्द्र शुक्ला, अमित सिंह, बालेन्दु भूषण सिंह, अंसार अहमद, आशीष सिंह, संतोष सिंह, उदयराज यादव, विशाल सिंह, भूपेन्द्र तिवारी, रामगोपाल वर्मा, वासिक अली, बालमुकुंद सिंह, परवेज अहमद, पवन तिवारी, श्रीकांत, विजयशंकर तिवारी, करूणेन्द्र प्रताप सिंह आदि हजारो अधिवक्ता मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूली विवाहिता , मौत

कटर ामेदनीगंज,प्रतापगढ़। कोतवाली देहात अंतर्गत सराय बहेलिया गांव में नव विवाहिता की फांसी के फंदे से मौत हो गई। जानकारी अनुसार राहुल पुष्पाकर पुत्र राजेन्द्र पुष्पाकर निवासी सराय बहेलिया की शादी 10 फरवरी 2023 को वाराणसी जिले के ग्राम बाराडीह, कालिका बाजार थाना कपसेठी की नीलम पुष्पाकर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद तक तो सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन कुछ दिनों बाद ससुराल पक्ष के सदस्य नव विवाहिता को दहेज के लिए अक्सर प्रताड़ित करते रहते थे। शादी के तीन-चार महीने बाद नव विवाहिता को ससुराल वाले मारपीट कर भगा दिए थे। मृतका ने ससुराली जनों के खिलाफ थाना कपसेठी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आपस में सुलह समझौता होने के बाद युवती फिर अपने ससुराल आ गई । बीते सोमवार की रात को युवती की संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। जबकि परिजनों का कहना है कि युवती के गले में चोट का निशान पड़ा है। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष से भाई राजन कुमार पुष्पाकर ने बहन के ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट हत्या तथा दहेज उत्पीड़न को लेकर शिकायत दर्ज कराई है । सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भूपियामऊ चौकी इंचार्ज राहुल कुमार अपने हमराही सिपाहियों के साथ शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

प्रभु राम माता सीता की विवाह कथा सुन भाव विभोर हो उठे कथा प्रेमी

चित्रकूटः परमहंस संत रणछोड दास महराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गुफा में अरविंद भाई मफत्त लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कथा के सातवें दिन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत्त लाल और उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन ने राम कथा पोथी और किशोरी महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा वाचक ने प्रभु श्री राम और माता सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगने आते है। विश्वामित्र राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर जाते, जहां तडका आदि असुरों को मार कर यज्ञ की रक्षा करते है। उन्होंने बताया कि मिथिला के राजा जनक के यहां भगवान शिव का धनुष रखा था।

जिसको उनकी पुत्री सीता ने उठाकर उसके नीचे गाय के गोबर से लीपा और पुनः उसी जगह धनुष को उठा कर रख दिया। यह देख राजा जनक ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष की प्रत्यंचा चढाएगा उसी के साथ उनकी पुत्री का विवाह होगा। धनुष यज्ञ में देश देशांतर के तमाम राजा महाराजा आए।

सब ने धनुष उठने का प्रयास किया पर कोई हिला तक न पाया। राजा जनक दुखी हो गए और विलाप करने लगे तब धनुष यज्ञ शाला में राम लक्ष्मण के साथ आए विश्वामित्र ने प्रभु राम को धनुष उठने की आज्ञा दी। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान राम ने शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढाते है और प्रत्यंचा चढाते ही धनुष का खंडन हो जाता है। इतना सुनते ही कथा स्थल सीता राम के जयकारों से गूंजने लगता है। इसके बाद माता सीता प्रभु राम के गले में जयमाला डाल देती और बडे ही विधि विधान से प्रभु राम और माता जानकी के विवाह के साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का भी विवाह संपन्न होता है। कथा वाचक ने बताया कि राम सीता का जीवन प्रेम, आदर्श, समर्पण मूल्यों को प्रदर्शित करता है।

इस मौके पर श्री सदगुरू सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई मफत्त लाला, उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, उनकी धर्म पत्नी उषा जैन, ट्रस्टी विष्णु जोबन, ट्रस्टी मनोज पंड्या, इलेश जैन आदि मौजूद रहे।

अष्टमी पर मां के जयकारो से देवीमय हुआ वातावरण

श्रद्धालुओ ने व्रत अनुष्ठान कर कन्याओं को कराया भोजन

लोकमित्र

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। नवरात्र की अष्टमी को देवी मंदिरो में मां शेरावाली के जयकारो की गूंज से वातावरण देवीमय हो गया। भोर से मध्यरात्रि तक श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। लोगो ने पंक्तिबद्ध होकर मां के महागौरी स्वरूप का दर्शन पूजन किया। साथ ही पुष्प, नारियल, चुनरी आदि चढ़ाकर मां का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर दिन भर व्रत रखकर कुमारी कन्याओं को भोजन कराया। हवन, यज्ञ एवं जागरण की धूम रही।

शहर स्थित मां बेल्हा देवी धाम में मां का श्रृंगार महागौरी के स्वरूप में किया गया था। भोर से मध्यरात्रि तक मां के जयकारे की गूंज रही। मंदिर प्रांगण में कुमारी कन्याओं का पूजन कर उन्हे भोजन कराया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने अपने बच्चो का कर्ण छेदन एवं मुण्डन संस्कार सम्पन्न कराया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कल नवमी को मां भवानी का पूजन अर्चन मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में किया जाएगा। श्रृंगार एवं दर्शन भोर से ही शुरू हो जाएगा। इसी तरह रानीगंज तहसील क्षेत्र में मां बाराही देवी का श्रृंगार महागौरी स्वरूप में किया गया। भक्तो ने पुष्प नारियल, चुनरी आदि चढ़ाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रांगण में तमाम महिलाओं ने देवी को समर्पित गीत प्रस्तुत किए। इसी तरह सण्डवा चन्द्रिका स्थित मां चण्द्रिका देवी धाम में भी जयकारो के बीच श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन किया। मंदिर के प्रांगण में कर्ण छेदन एवं मुण्डन आदि संस्कार भी सम्पन्न किए गए। मंदिर के बाहर देवी गीतो से वातावरण भक्तिमय हो गया था। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित माता के अन्य मंदिरो में भी दिन भर पूजन अर्चन का कार्यक्रम चलता रहा। मंदिर के आसपास का क्षेत्र देवीमय बना रहा।

पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दिलीपपुर,जेठवारा,प्रतापगढ़। पुलिस ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।जनपद के थाना दिलीपपुर के उ0नि0 श्री दुर्गेश कुमार मय हमराह का0 विनोद कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0- 204,2000 धारा 323,324,325,504,506 भादवि व 3(1)10 एससी,एसटी एक्ट से संबंधित वारण्टी 01 अभियुक्त शिवकुमार पुत्र पतीपाल निवासी ग्राम मिसिद्दीपुर थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना नवाबगंज के उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह मय हमराह हे0का0 शिशुपाल सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग के दौरान मु0नं0- 336,2014 धारा 498ए,504 भादवि व 3,4 डीपी एक्ट से संबंधित वारण्टी 01 अभियुक्त अवधेश कुमार पुत्र देवनाथ तिवारी निवासी ग्राम अदलाबाद थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एफ0टी0सी0 महोदय प्रतापगढ़
सी0ए0 2/05
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन भोला बनाम भूपेन्द्र कुमार आदि
बनाम
मंगरू वादहू कलावती आदि 1. कलावती पत्नी शिव कुमार पुत्री मंगरू 2. शकुन्तला पत्नी बब्बन प्रसाद पुत्री मंगरू निवासीगण सरवाजपुर प0त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी प्रथम महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 479/422/134
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन पुत्री लाल आदि वादहू रामजतन बनाम बच्चू लाल आदि
बनाम
1/1 भजन 1/2 राममूरत सुतगण कालीदीन नि0ग्राम सहबाजपुर त0 सोरांव जिला प्रयागराज 2. मो0 शरीफ 3. निसार अहमद सुतगण मोसिम अली नि0 ग्राम बहरापुर पो0 वैशपुर प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़ 4. गावसभा द्वारा ग्राम प्रधान सा0 छितपालगढ़ प0 सदर त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 5. सरकार द्वारा श्रीमान जिला अधिकारी महोदय प्रतापगढ़ 6. रामदयाल सुत राम अधार मौर्या नि0 ग्राम मोहम्मदपुर (सराय अली) पो0 मऊआइमा त0 सोरांव जिला प्रयागराज 7. रामजी पत्नी जोखू लाल नि0 ग्राम छितपालगढ़ प0 सदर त0 रानीगंज प्रतापगढ़
तारीख पेशी 18.04.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डी0 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 71/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन विन्देश्वरी बनाम बद्री प्रसाद
बनाम
1. बद्री प्रसाद उम्र 70 वर्ष 2. रामेश्वर प्रसाद उम्र 52 वर्ष पुत्र स्व0 सूर्य प्रसाद निवासी ग्राम शीतलमऊ पर0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 14.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रतापगढ़
मु0नं0 169/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती सुनीता देवी आदि बनाम राकेश कुमार
बनाम
राकेश कुमार पुत्र मुन्ना लाल निव नेकनामपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़
अं0 धारा 125 जा0फौ0
तारीख पेशी 18.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय के नन्हे मुन्नों ने दिखाया दम

सेंट जेवियर्स के छात्रों को पहले दिन माथे पर रोली चंदन लगाकर किया गया स्वागत

बलरामपुर। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइमरी विंग में बच्चों को पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल गतिविधि में शामिल किया गया कोऑर्डिनेटर श्रीमती संगीता सरकार ने नर्सरी, एल के जी एवं यू के जी के बच्चों का नवीन सत्र 2024-25 में बैच लगाकर माथे पर रोली टीका चंदन लगाकर स्वागत किया ।

पहले दिन मंच के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को कोऑर्डिनेटर संगीता सरकार एवं अध्यापिका खुशी शर्मा ने विभिन्न जानकारी देकर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही साथ बच्चों को मंच पर लाकर उनके झिझक को दूर किया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुयश आनंद एवं सह निदेशका सुजाता आनंद रही। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम आए हुए बच्चों का स्वागत बैच एवं कैंडी के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलकूद के प्रति उनको प्रेरित करना एवं मानसिक विकास में खेलों के महत्व की भूमिका से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम के दौरान रोल एंड ड्रेग द बॉस्केट, बॉटल रिंग रेस, फन गेम, फीड द डंकी एंड फीड द क्लाउन, जोकर इंट्री गतिविधि आधारित कई खेल नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों में सामूहिक रूप से करवाए गए। गतिविधि आधारित इन खेलों में नर्सरी कक्षा से आरुष, अरनव, अनुकीर्ति, प्रांजल, आविष्का, 1 वीर, प्रिशा ने एल के जी से अनिरुद्ध, दीपाली, राजवर्धन, आरुष, अंवेषा, अर्चित ने यूकेजी से अद्विक, अक्षांश, रेयांश, आन्या सौभाग्या, अनुराग आर्यन इत्यादि ने प्रतिभाग किया। गतिविधि के बाद कक्षा नर्सरी से आयूश, उरुज को प्रथम एवं अनुकीर्ति, प्रिशा व आरुष द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा एलकेजी में प्रथम आर्यन, राजवर्धन, नैना, अखंड व द्वितीय अनायसा, दीपाली, अस्तुती रही। इसी क्रम में यूकेजी में प्रथम पुरस्कार सौभाग्या, कुनाल, तेजस ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय पुरस्कार तुर्वी, अवयुक्त ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उपहार भी वितरित किए गए। स्पर्धा के निर्णायकों की भूमिका पंपा बाग़ एवं संगीता सरकार ने निभाई। विजेता बच्चों को प्रबंध समिति के निदेशक सुयश कुमार, सह-निदेशिका सुजाता आनंद व प्राचार्य एम ए रूमी के हाथों पुरस्कृत किया। इवेंट इंचार्ज समन्वयक संगीता सरकार एवं अध्यापिका खुशी शर्मा ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनीता सिंह, श्वेता सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, पूजा सिंह, रश्मि पांडे, पंपा बाग एवं प्रभजीत कौर एवं जया मिश्रा ने विशेष योगदान दिया।

दुर्गा अष्टमी अवकाश के बाद भी खुले रहे स्कूल

बलरामपुर। जिले में दुर्गा अष्टमी को लेकर स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अवकाश होने के बाद भी जिले में कई विद्यालय खुले रहे ।आदेश की अवहेलना करते हुए जिला मुख्यालय पर संचालित सीएमएस इंटर कॉलेज एवं जीसस मेरी स्कूल एंड कॉलेज सहित कईअन्य विद्यालय खुले

रहे। अभिभावकों ने नाम न प्रकाशित करने के शर्त पर कहा कि जब जिलाधिकारी ने दुर्गा अष्टमी पर स्कूल बंद करने का आदेश दिया है तो उनके आदेशों का अवहेलना मुख्यालय के विद्यालय खुलेआम कर रहे हैं इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम का कहना है कि जिलाधिकारी के आदेशों की अवहेलना करने के मामले की जांच कराई जाएगी।

भक्ति नृत्य में प्राची एवं गायन में चांदनी रही अव्वल

मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बलरामपुर। तुलसीपुर तहसील मुख्यालय के नहीं बाजार वार्ड में संचालित मार्डन पब्लिक स्कूल मैं नवरात्रि एवं श्री राम नवमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने नौ देवी का रूप धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी है वही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन वृतांत पर बच्चों ने मनमोहन मंचन प्रस्तुत कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। विद्यालय प्रबंधक राजकुमार जायसवाल की निगरानी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक नौ देवी का रूप धारण अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है वही नृत्य एवं भक्ति गायन पर प्रतियोगिता आयोजित की गई विद्यालय के निर्णायक समिति ने प्राची को नृत्य एवं चांदनी यादव को भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति पर प्रथम स्थान घोषित किया वहीं अन्य छात्र-छात्राओं को द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में घोषित किया है विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देना है कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के अध्यापक गजाला अंजुम नंदलाल बैरागी मिथिलेश जायसवाल विद्या यादव शुभम जासवाल नंदनी सोनी नुजहत आफरीन शालिनीचौहान अनीता अग्रहरि महेश वर्मा शगुन जायसवाल शगुन मोदनवाल आदि का विशेष योगदान रहा है।

मोदी दस साल में राहुल गांधी का नहीं सिद्ध कर सके भ्रष्टाचार-वरुण मिश्रा

सुलतानपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्या के सुल्तानपुर में दिए गए बयान, राहुल गांधी का पूरा परिवार भ्रष्टाचार का दोषी है वो जेल जाने की तैयारी किए रहें। इस पर कांग्रेस पीसीसी मेंबर वरुण मिश्रा ने अमर पाल मौर्या पर हमला बोला है। मीडिया से बात करते हुए वरुण मिश्रा ने कहा कि दस साल से मोदी की सरकार केंद्र में है। राहुल गांधी से लेकर तमाम लोगों तक उन्होंने एड़ी चोटी का ज़ोर लगा दिया और कोई भी भ्रष्टाचार का आरोप वो सिद्ध नहीं कर पाए।

अपने गिरहबान में झांके मंत्री वरुण मिश्रा ने आगे कहा कि दस साल पहले जिस राबर्ट वाड्रा को वो जेल भेजने की बात करते थे उन राबर्ट वाड्रा को ये हाथ तक नहीं लगा पाए। राहुल गांधी को लगातार ईडी के सामने बैठाए रहे फिर भी उनके पास इनके लिए कुछ नहीं निकला। आज भारतीय जनता पार्टी जो खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है उसे 24 की हार एकदम सामने सामने दिख रही है। इसीलिए इस तरह के मंत्री चर्चा में रहने के लिए ऐसे हल्के लोग ऐसी ओछी बातें करते रहते हैं। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है सुल्तानपुर जनपद में डीपीओ के खिलाफ हम लोगों ने भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध किया। सूचना के अधिकार कानून के तहत वो दोषी भी पाए गए परंतु आजतक भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व और यहां का स्थानीय नेतृत्व उस भ्रष्ट डीपीओ को बचा रहा है। ज्वलंत उदाहरण सुल्तानपुर जनपद का है कही जाने की जरूरत नहीं है। मंत्री को गिरहबान में झांकना चाहिए। आपको बता दें कि भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्या ने सोमवार को सुल्तानपुर में भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया से कहा था भारतीय जनता पार्टी में जो भी शामिल है, जिस पर जांच चल रही है उसे बंद नहीं किया गया है। जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे भारतीय जनता पार्टी का होगा, समाजवादी पार्टी होगा, कांग्रेस का होगा वो बचने वाला नहीं है। मीडिया से बातचीत में अमर पाल मौर्या ने आगे कहा कि था कि जितने चोर लुटेरे थे, देश को जिन्होंने जिन परिवारों ने लूटा था उन परिवारों से जब एक-एक पाई निकालकर सरकार के खजाने में डाली जा रही है तो वहां दर्द है। उन्होंने कहा था राहुल गांधी और उनकी पीढ़ियों ने जो सत्तर साल तक राज किया है उस देश की अश्मिता, इस देश के नवजवानों के साथ, इस देश के किसानों के साथ इस देश की महिलाओं के साथ जितना उन्होंने धोखा दिया है उसका हिसाब उन्हें देना पड़ेगा।

पूजा-अर्चना को लेकर दो सम्प्रदाय में बढ़े तनाव को पुलिस ने सुलझाया

सुल्तानपुर। कादीपुर में दो समुदाय के लोग खासकर महिलाएं आमने-सामने हो गई। विवाद जीएस लैंड पर एक ओर कब्रिस्तान दूसरी ओर पूजा स्थल। आधिकारिक तौर पर बताया गया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने अपने क्षेत्र की भूमि से आगे बढ़कर पूजा अर्चना की कोशिश की गई। बजरंग दल जैसे संगठन ने खुलकर उनका समर्थन किया। विवाद उपजा तो सीओ कादीपुर विनय गौतम ने काफी सूझबूझ से मामले को शांत करा दिया है।

दरअस्ल ये पूरा मामला कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के जवाहर नगर वार्ड का है। यहां जीएस लैंड की जमीन पर एक ओर कब्रिस्तान है और दूसरी ओर पूजा स्थल। पूर्व में यहां दोनों पक्ष में कुछ विवाद हुआ था जिसे प्रशासन ने शांत करा दिया था। मंगलवार को एक बार फिर एक समुदाय से पुरुष और महिलाएं पूजा अर्चना करने पहुंच गई। बताया जा रहा है प्रशासन द्वारा सीमा परिधि से करीब 10 मीटर आगे बढ़कर एक समुदाय द्वारा त्रिशूल गाड़कर पूजा अर्चना की तैयारी की गई। ये ख़बर मिलते ही समुदाय विशेष की महिलाएं बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गई और विरोध करने लगी। माहौल काफी तनाव पूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही एसडीएम कादीपुर शिव प्रसाद, सीओ कादीपुर विनय गौतम दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों ही अधिकारियों ने काफी सूझबूझ का परिचय देते हुए, दोनों ही पक्ष के लोगों को मौके पर शांत कराकर हटाया। हालांकि बजरंग दल के पदाधिकारी चुनावी समर में मामले को तूल देने की फिराक में लगे रहे लेकिन सीओ विनय गौतम ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। काफी गहमा गहमी के बाद विवादित जमीन से लोगों को हटाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए सीओ विनय गौतम ने बताया कि मरी माता का जो स्थल है डेढ़ महीना पहले हम लोगों ने तय कर लिया था और उसकी मार्किंग कर दी थी। उस समय नगर पालिका की ईओ, तहसीलदार, एसएचओ सब मौजूद थे। आज कुछ लोगों ने अति उत्साह में आकर उससे आगे जाने का प्रयास किया। उसकी वजह से थोड़ा मन मुटाव हुआ जिसको दूर कर दिया गया है। बताया गया है अभी आचार संहिता लगी हुई है वैधानिक रूप से परमीशन लीजिए फिर जैसे हर्षोल्लास से काम करना है कीजिए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में स्टैडिंग कमेटी की पांचवी बैठक हुई सम्पन्न

सुलतानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(प्रशा0) गौरव शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैडिंग कमेटी की पांचवी बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (आई.ए.एस.) वैशाली व समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आयोग के निर्देशानुसार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थियों को अभ्यर्थिताएं वापस लेने की तिथि के पश्चात प्रारूप-सी1 पर 3 बार समाचार पत्रों एवं टीवी में प्रसारण कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में मतदाताओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से उम्मीदवारों/राजनैतिक दलों द्वारा डमी मतपत्र इकाइयां तैयार करने पर कोई आपत्ति नहीं है। डमी मतपत्र इकाईयां लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्से से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक मतपत्र के आधे आकार की हो सकती है पीले या भूरे रंग में रंगा जायेगा। इन डमी मतपत्र इकाईयों में डमी मतपत्र की तरह उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

स्वीप योजनान्तर्गत केश कुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

सुलतानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम (मतदाता जागरूकता) के तहत केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुलतानपुर में लोकगीत/लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वीप कार्यक्रम के सह जनपदीय नोडल रविशंकर जिला विद्यालय निरीक्षक, सुलतानपुर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम के सहयोगी सुनील यादव एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की आयोजक विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पल्लवी सिंह द्वारा बच्चों को सर्वप्रथम स्वीप कार्यक्रम की उपयोगिता एवं वर्तमान प्रासंगिकता के विषय में जानकारी दी गई एवं यह बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की क्या भूमिका है। इसके पश्चात विद्यालय में कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्राओं- कशिश मौर्या, स्वेच्छा सोनकर, रिया, अंजली मिश्रा, स्वाति मौर्या, शिवानी निषाद, संजना, तुलसी, सोनिया आदि के द्वारा अभिभावकों एवं सामान्य जन को जागरूक करने हेतु कई लोकगीत गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बच्चों के माध्यम से चुनाव के संबंध में अभिभावकों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया एवं यह बताया गया कि विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के माध्यम से समाज के एक वृहद वर्ग को मतदान प्रेरित किया जा सकता है।

समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन-श्यामलाल

सुलतानपुर। विकास खण्ड जयसिंहपुर के गोसाईगंज बाजार में डा. गोविंद भगत के नेतृत्व में निःशुल्क मोस्ट पाठशाला का उद्घाटन किया गया। उक्त पाठशाला का संरक्षण शिवा यादव द्वारा किया जाएगा।

मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन है किंतु जिस तरह से बिना मजबूत बुनियाद के गगनचुम्बी भवन नही बनाया जा सकता है ठीक उसी तरह प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की नींव मजबूत किये बिना समाज में उच्च शिक्षा व अच्छे परिणाम की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

उक्त अवसर पर मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, मोस्ट प्रमुख भदैंया धर्मेंद्र निषाद, मोस्ट रक्षक दल सदस्य रमेश निषाद, कलावती देवी, सुदामा देवी, रेखा, कलावती, श्याम यादव, मनीष कुमार, अंकित, डा. राहुल निषाद, सूरज सोनी, राहुल निषाद, बौद्धाचार्य राम मिलन, कमल किशोर, डा. रिजवान अहमद, शिवा गुप्ता, आत्माराम निषाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

डीआईओएस ने समय से वेतन बिल उपलब्ध न कराने पर डीएवी प्रबंधक को दी नोटिस

बलरामपुर। डीएवी इंटर कॉलेज का मार्च 2024 महीने का शिक्षक शिक्षक उत्तर कर्मचारियों का वेतन बिल माध्यमिक शिक्षा कार्यालय को उपलब्ध न करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधक एवं प्रिंसिपल पर कड़ी नाराजगी जताई है।

डीआईओएस ने विद्यालय प्रबंधक को चेतावनी दी है कि सभी विद्यालयों का वेतन बिल समय से विभाग को मिल चुका है सिर्फ डीएवी इंटर कॉलेज का वेतन बिल समय से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है

सामान्य लोकसभा चुनाव शीघ्र होने के कारण विद्यालय के समस्त शिक्षक कर्मचारियों में वेतन न मिलने का संतोष है समय से वेतन बिल उपलब्ध

18 अप्रैल 2024 के दोपहर 12:00 बजे तक बिल भुगतान न होने पर एकल संचालन करने की दी चेतावनी

न होने के कारण जिले के अन्य विद्यालयों का वेतन प्रभावित है ऐसी स्थिति स्थिति को देखते हुए डीआईओएस ने प्रबंधक को आदेशित किया है कि 18 अप्रैल 2024 तक दिन में 12:00 बजे तक प्रत्येक दशा में वेतन बिल मार्च महीना 2024 का कार्यालय का उपलब्ध करा दें बिल प्रस्तुत करने में अगर प्रधानाचार्य के द्वारा हीला हवाली की जाती है तो वर्तमान कार्यवाहक प्रधानाचार्य के पश्चात आने वाले वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रधानाचार्य का चार्ज देकर बिल पर हस्ताक्षर करा कर बिल भेजवाना सुनिश्चित करें यदि वेतन बिल विलंब माह मार्च 2024 का 18 अप्रैल 2024 के दोपहर 12:00 बजे तक प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा की प्रबंधक के तरफ से विलंब किया जा रहा है

ऐसे में विद्यालय को एकल संचालन करते हुए बिल भुगतान की कार्रवाई कर दी जाएगी जिसकी संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रबंधक का होगा।

आंतरिक शिकायत समिति की बैठक में महिलाओं को किया गया जागरूक

बलरामपुर। मंगलवार को एमएलके पीजी कॉलेज में महिला एवं यौन उत्पीड़न विरोधी प्रकोष्ठ की आंतरिक शिकायत समिति के सदस्यों की बैठक सभागार में आयोजित की गई । कॉलेज की महिला प्रध्यापकों के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना रहा है।

जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत, बी. एड. की छात्राओं व सभी उपस्थित महिला प्राध्यापकों को उतर प्रदेश सरकार द्वारा जारी वीडियो दिखाया गया। वीडियो में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को बताते हुए, यह भी जानकारी दी गयी कि यौन उत्पीड़न की शिकायत 90 दिन के अंदर लिखित रूप से हो जानी चाहिए। यदि एक से अधिक बार यौन उत्पीड़न की घटनाएं हुई हैं तो अंतिम घटना के 90 दिनों के बाद शिकायत हो जाने चाहिए। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ.अनामिका सिंह ने कहा कि बी. एड. की छात्राएं भावी शिक्षक है, अतः कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए बी. एड. की छात्राओं को भी जागरूक होना चाहिए। प्रकोष्ठ की वरिष्ठ सदस्य प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने कहा की ये उतर प्रदेश सरकार की एक अच्छी पहल है। प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. वीणा सिंह ने कहा कि निश्चय ही आप सभी इस वीडियो से लाभांवित हुए होंगे।अंत में प्रो. वीणा सिंह ने सभी को के प्रति आभार ज्ञापित किया।

समस्याओं का निस्तारण न होने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे शिक्षक-दिलीप पाण्डेय

सुल्तानपुर। जिले के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षको के विभिन्न समस्याओं के सम्बंध में जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के निर्देशानुसार मंगलवर को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष निज़ाम खान की अगुवाई में वित्त एव लेखा अधिकारी को खण्ड शिक्षा अधिकारी कुडवार सुधीर सिंह के माध्यम से ज्ञापन भेजा। निज़ाम खान बताया कि ज्ञापन में प्रमुख मुद्दे का उल्लेख निम्न लिखित है लेखा कार्यालय की कार्यशैली शासन की मंशा के विपरीत कार्य करते हुए शिक्षकों के समस्त पावनों/देयकों का ससमय भुगतान करने में किसी प्रकार से रुचि नहीं लेती है। अपितु भुगतान नहीं किये जाने का कारण पृच्छा करने लेखा द्वारा मौखिक रूप से अन्य कार्यालयों यथा- खण्ड शिक्षाधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी पर उनके द्वारा सहयोग न किये जाने /रुचि नही लिए जाने का आरोप लगाया जाता है। जबकि इनके द्वारा जनपद में कार्यभार ग्रहण के उपरांत से अद्यतन आप द्वारा शिक्षकों के वेतन, भविष्य निधि अग्रिम, अवशिष्ट वेतन, चयन वेतनमान निर्धारण, सरकारी अंश जमा करना, सेवानिवृत्त शिक्षकों के देयकों, निधन हुए शिक्षकों की ग्रेच्युटी इत्यादि का भुगतान समय से नही करने की सतत प्रवृति परिलक्षित होती रही है। संघ को प्रतीत होता है कि आप और आपका कार्यालय शासन की मंशा और नीतियों का मखौल उड़ाते हुए भ्रष्टाचार को पोषित करके शिक्षकों को उत्पीड़ित करने में आनंदित अनुभव कर रहा है।आपके कार्य प्रणाली से शिक्षक अत्यंत आहत और व्यथित है जिससे उनमें भयंकर रोष व्याप्त है जो किसी भी समय बड़े आंदोलन के रूप में प्रकट होकर अप्रिय और असहज स्थिति उत्पन्न कर सकता है।

उपर्युक्त के आलोक में आपके कार्यालय को अवगत कराना चाहते हैं कि यदि शिक्षकों के समस्त पावनों का भुगतान ससमय नही किया जाता है और वेतन प्रत्येक माह की 1(एक) तारीख को नही दिए जाने की स्थिति में आपके कार्यालय पर ऐसे सभी महीनों की दिनांक 2 (दो) से व्यापक पैमाने पर आंदोलन किये जाने हेतु बाध्य होना होगा साथ यह भी सूचित करना प्रासंगिक है कि आप द्वारा भुगतान लंबित रखने का कारण जिस भी कार्यलय को बताया जाएगा उस कार्यालय पर भी शिक्षक, संघ की अगुआई में संगठन की विधा में विरोध ज्ञापित करने को बाध्य होंगे। इससे उत्पन्न स्थितियों का सम्पूर्ण उत्तदायित्व आपके कार्यालय और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर मुहम्मद मुजतबा अंसारी, विनय पाण्डेय, राजमणि यादव आदि मौजूद रहे।

निषाद समुदाय ने पूर्व मंत्री का फूंका पुतला

लगाया राम भुआल निषाद मुर्दाबाद के नारे

सुलतानपुर। मुरादाबाद की तर्ज पर सुल्तानपुर में भी सपा में अंतर्कलह सामने आई है। पूर्व में घोषित प्रत्याशी भीम निषाद के समर्थन में निषाद समुदाय सड़क पर उतर आया है। मंगलवार को सपा से घोषित प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद का उनके ही समुदाय के लोगों ने पुतला फूंका। प्रतीकात्मक पुतले को जूतों से पीटकर मुर्दाबाद के नारे लगाए।

गोसाईगंज के टाटिया नगर स्थित भीम निषाद के केंद्रीय कार्यालय पर मंगलवार को निषाद समुदाय के काफी महिला पुरुष जमा हुए थे। सभी में भीम का टिकट काटे जाने को लेकर काफी आक्रोश दिख रहा था। सरिता निषाद ने कहा हम लोग यही कहना चाहते हैं कि भीम निषाद यहां के प्रत्याशी हैं और वही रहेंगे। यहां हम लोग कोई दूसरा नेता नहीं चुनेंगे। अगर वोट देंगे तो भीम निषाद को ही वोट देंगे। कोई दूसरा नेता आएगा तो हम वोट नहीं करेंगे। पिछले मई से ये तैयारी कर रहे हैं राम भुआल कौन हैं उनको नहीं जानते हैं। शर्मिला यादव ने कहा कि भीम निषाद को हम लोग जानते हैं उनको चुने हैं और वोट उनको देंगे। और कोई प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे। लंभुआ की विधानसभा अध्यक्ष सुदामा देवी ने कहा भीम निषाद के साथ हम लोगों का संघर्ष जारी है। अगर दूसरा व्यक्ति आएगा हम लोग समाजवादी हैं लेकिन वोट नहीं करेंगे। राम भुआल निषाद आएगे तो उनको वोट नहीं करेंगे। टिकट काट दिए तो उसको बताइए क्या कमी हुई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लिया

जौनपुर- मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का निरीक्षण किया। हाई रिस्क प्रेगनेंसी दिवस के अवसर पर लगभग 30 गर्भवती महिलाएं (एएनसी) जांच के लिए उपस्थित थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं से उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लिया तथा सुरक्षित प्रसव हेतु उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हीट वेव से बचाव हेतु की गई तैयारी को देखा। शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुरूप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रभात कुमार को निर्देशित किया कि हीट वेव से ग्रसित मरीजों के लिए कोल्ड रूम को सक्रिय रखें।

कोल्ड रूम में थर्मामीटर, कोल्ड पैक्स उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त कुछ आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं जैसे ओआरएस पैकेट, पेरासिटामोल, आरएल बाटल, डीएनएस बाटल, आइसोलेट पी बाटल इत्यादि की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया की ओपीडी में हीट वेव से जागरूकता हेतु पोस्टर, बैनर इत्यादि का डिस्प्ले कराया जाए। ओपीडी में आने वाले मरीजों को पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनमानस से क्या करें क्या ना करें के विषय में अपील किया तथा कहा कि दिन में 12:00 बजे से 4:00 बजे तक धूप में बाहर न निकले, ज्यादा परिश्रम वाले कार्य करने के दौरान बीच-बीच में आराम अवश्य करें, धूप में बंद गाड़ी में स्वयं अथवा बच्चों को ना बैठाएं।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट

बसपा ने मयंक द्विवेदी को प्रत्याशी घोषित कर चुनाव को रोचक बनाया

सपा और भाजपा ने सजातीय प्रत्याशियों को मैदान में उतार वोटों की बंदरबांट की चली थी चाल

विचित्र तिवारी अज्जू

बांदा। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने पूर्व सांसद आरके पटेल को यहां उम्मीदवार बनाया है वहीं सपा से पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल मैदान में हैं। इस बीच बहुजन समाज पार्टी में यहां से पूर्व विधायक रहे पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को अपना प्रत्याशी घोषित कर जिले के राजनीतिक समीकरण को दिलचस्प बना दिया है। चर्चा है कि इस पूरी कवायद में एक माननीय की उछल कूद भी इसका हिस्सा है हालांकि समय आने पर माननीय के राजनीतिक कौशल का भी खुलासा हो सकता है।लोकसभा चुनाव में सर्वप्रथम सपा कांग्रेस गठबंधन ने यहां से शिव शंकर पटेल को समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था। इसके बाद भाजपा ने अपने पुराने चेहरे वर्तमान सांसद आर.के. सिंह पटेल को दोबारा टिकट देकर भाजपा के कई स्वयंभू माने जाने वाले नेताओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। दोनों ही दलों से सजातीय उम्मीदवार होने की वजह से जिले में चुनाव को लेकर चर्चा तो तेज थी लेकिन इसी बीच बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में मायावती के अति करीबी रहे पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने बसपा से अलग होने के बाद जन अधिकार नामक मंच पार्टी का गठन कर बांदा सहित प्रदेश में राजनीति की नयी दस्तक दी थी। मगर विगत सप्ताह श्री कुशवाहा के जौनपुर से समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार बनने से बांदा सहित प्रदेश के कुशवाहा वर्ग के मतदाताओं का रूझान कहां जायेगा यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

इसी को लेकर शिवशंकर पटेल की बम-बम है। सोमवार देर रात बहुजन समाजवादी पार्टी ने मयंक द्विवेदी को लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। परिणामस्वरूप संसदीय क्षेत्र के समीकरण एकदम उलट पलट हो गए। मयंक द्विवेदी की राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखा जाए तो उनके पिता पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी वर्ष 2007 में जिले की नरैनी विधानसभा क्षेत्र से बसपा के विधायक रहे उनकी छवि जिले के तेजतर्रार नेताओं में थी। मयंक द्विवेदी की पत्नी इसके पूर्व बांदा जिला पंचायत में सदस्य रही। वर्तमान में मयंक द्विवेदी भी जिला पंचायत बांदा के निर्वाचित सदस्य हैं।

राजनीतिक पृष्ठभूमि ठीक-ठाक होने और जाति समीकरण को देखते हुए उनकी दावेदारी को कमजोर नहीं आंकी जा सकती। इस लोकसभा क्षेत्र में जाति आधार पर अगर देखा जाए तो यह क्षेत्र ब्राह्मण और एससी बहुल है।

ऐसे में यहां का चुनाव खास रोचक हो गया है। सूत्रों की माने तो जिले के एक माननीय जो अपने आप को ब्राह्मण वर्ग का सर्वेसर्वा माने बैठे हैं उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती सी नजर आ रही है। हालांकि समाज द्वारा उनको उनकी कार्यप्रणाली के कारण ज्यादा तवज्जो नहीं दी जाती परंतु शायद मजबूरी का नाम..... झूठ विकास। विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद यहां का चुनाव खासा दिलचस्प हो गया है। जीत का ताज किसके सर पर सजेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। किंतु मामला त्रिकोणीय होने के साथ-साथ दिलचस्प हो गया है। बताया जा रहा है कि मयंक की उम्मीदवारी से ब्राह्मणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि समाज में एक ऐसा चेहरा तो आया जो अभी विवादित नहीं है, बाकी तो .....हर हर गंगे।

सदर विधायक ने सम्पर्क अभियान चलाया

बांदा। जिले में मतदाताओं की खामोशी राजनीतिक दलों में बेचैनी पैदा किए हुए है। अभी जनता में यहां पर चुनाव को लेकर नेताओं के प्रति कोई लगाव नहीं है। हालांकि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जन चौपाल और अन्य मामलों से ग्रामीणों से मुलाकात व प्रचार का सिलसिला चालू कर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने ब्लाक महुआ एवं ब्लाक बिसंडा के दर्जनों गांव में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान सहित चुनाव में पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का कार्यक्रम चालू किया है जबकि जिले के अन्य विधान सभा में अभी किसी माननीयों का अपने क्षेत्रों में इसको लेकर अता-पता भी नहीं है और ना ही कोई खाश दिलचस्पी दिखाई दे रही है।हालांकि फसलों की कटाई-मडाई का समय होने के कारण यहां का किसान अभी अपनी किसानी पर ध्यान दिए हुए है जबकि काफी इलाकों की कटाई पूरी हो चुकी है। परन्तु इलाके के बालमुकुन्द तिवारी, चन्द्रशेखर मिश्रा, सिरोमन तिवारी व त्रिभुवन तिवारी आदि तमाम लोगों का कहना है कि अब हम कुछ फुर्सत महसूस कर रहे हैं। लोगों से जब राजनीति के मामले और चुनाव पर चर्चा की गई। लोगों ने कहा कि कल रामनवमी..... काल से शुरू.....।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका- डीएम

जिलाधिकारी ने नवरात्रि मेला का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने नवरात्र मेला विन्ध्याचल में अष्टमी के दिन मेला क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लगे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने परिक्रमा पथ सहित मुख्य मार्गो का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा विन्ध्याचल परिसर में कन्या व बच्चों को फल का भी वितरण किया। रोडवेज परिसर विन्धाचल के सांस्कृतिक पंडाल में जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने तथा आने वाले श्रद्धालुओं को भी अपने मताधिकार के महत्व एवं मतदान करने के प्रति चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में लोकगायक जटांशकर के द्वारा अपने गीतो के माध्यम से एक जून को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने की अपील की गयी। इसी क्रम में लोकगायक बद्री कवि तथा पतालू व उनकी टीम के द्वारा मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत प्लस करने हेतु सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोकगीतो के माध्यम से आगामी एक जून को अपने बूथ पर सबसे पहले पहुंचकर मतदान करने के प्रति संदेश दिया गया। इसी प्रकार समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता ''चलो हम सब मिलकर करे मतदान करे चल मतदान करे...'' गीत व मतदाता कजरी गीत प्रस्तुत कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने महिला समूहों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मंचीय कार्यक्रमों के साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए घर घर संपर्क आभियान भी चलाएं जिससे आभियान का सार्थक परिणाम निकले। कार्यक्रम में उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों ने देवी आराधना एवम रामलीला का किया मंचन

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। बच्चों को शिक्षा के साथ ही अपनी संस्कृति से भी परिचित होना चाहिए। इसी भावना के साथ डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और भगवान राम के जीवन आदर्शो तथा देवी साधना के बारे में जाना।

नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जाती है तो रामनवमी को श्रीराम जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। नवरात्र शक्ति - पूजा और शक्ति - संचय का आध्यात्मिक पर्व है। यह पर्व संस्कृति और समाज के सरोकारों से भी जुड़ा हुआ है। इसी भावना के साथ डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल, के तीनों शाखाओं के प्राइमरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको रोमांचित और पुलकित कर दिया। प्रार्थना कार्यक्रम के अंतर्गत कथक नृत्य, नृत्य नाटिका और देवीगीत के साथ भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। देवी रूप में सजी बच्चियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर बच्चों ने रामलीला का भी मंचन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निर्देशक अमरदीप ने अच्छी तैयारी के लिए अध्यापिकाओं विशेषकर संगीत अध्यापिकाओं को सराहा एवम कामना की कि शक्ति एवं सद्बुद्धि प्रदायिनी माँ दुर्गा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कल्याणकारी दृष्टि सभी देशवासियों पर सदैव बनी रहे।

जिलाधिकारी ने ली संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सम्बन्धी बैठक

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का प्रथम चरण 30 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज अंतर विभागीय समन्वय समिति की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को अपने कार्यो को शत् प्रतिशत पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। सहयोगी संस्थाओं यूनिसेफ व डब्ल्यूएचओ द्वारा दिए गए फीडबैक पर विस्तृत चर्चा करते हुए समस्त विभागों को कार्यो में सुधार के लिए कहा गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि दस्तक अभियान बीते 10 अप्रैल से चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कुल 824 टीमों द्वारा घरों का भ्रमण कर बुखार के मरीज, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम के लक्षण वाले व्यक्तियों, क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें समुचित इलाज व प्रबंधन के लिए संदर्भित कर रही है। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कार्ययोजना के अनुसार एंटी लारवा दवा के छिड़काव व फॉगिंग का कार्य भी नियमित रूप से किया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बोर्न डॉ जीआर रतमेले ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान में आशाओं द्वारा घर के समस्त व्यक्तियों की आभा आईडी का भी सृजन किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत अभी तक आशाओं द्वारा कुल 34422 घरों का भ्रमण किया गया है। जिसमें खांसी, जुकाम, बुखार के कुल 23 मरीज, क्षय रोग के लक्षण वाले कुल 1 मरीज चिन्हित किए गए हैं। जिनका समुचित इलाज व प्रबंधन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि नालियों की साफ सफाई, झाड़ियां की सफाई व हैंड पंपों के मरम्मत भी करायें। साथ ही जो हैंडपंप खराब है, उसे पर लाल पेंट से मार्क भी कराएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सचिवों के साथ मीटिंग कर झाडियां की सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही निर्देशित किया कि बाजार में व पंचायत घरों में पानी के लिए घड़ा भी रखे है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जहां पर खड़े रखे जा रहे हैं, अपनी टीम द्वारा निरीक्षण कराएं। जिलाधिकारी ने नगर विकास से सम्बन्धित सभी अधिशासी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि बाजार में आरो व पानी का घड़ा रखवाएं। उन्होंने दस्तक अभियान के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि आशा और आंगनवाड़ी द्वारा जो स्टीकर लगाए जा रहे हैं, उसकी भी मॉनिटरिंग करते रहें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी लाल सिंह साहब, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्यों ने पढ़ा शैक्षिक गुणवत्ता व व्यवस्था का पाठ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के एडीटोरियम हाल में आयोजित की गई जिसमे जनपद के सभी शासकीय, सहायता प्राप्त विद्यालयों व वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने शैक्षिक गुणवत्ता का पाठ पढ़ा।नए शैक्षिक सत्र में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिए संबंधित ोबदुओं पर विस्तार से चर्चा करके व्यवस्था बनाई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक डा सच्चिदानंद यादव ने छात्रों को बेहतर शिक्षा और शासन से प्रदत्त सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शैक्षिक वातावरण कायम रखते हुए अनुशासन में शिक्षा दी जाए। शैक्षिक सुधार के लिए पढ़ाई का ब्यौरा दर्ज कराया जाना आवश्यक है। इसका आंकलन कक्षाओं में जाकर किया जाना चाहिए। परीक्षा की क्षितिज पर नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इंसपायर योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हो। साथ ही शैक्षिक पंचांग के अनुरूप माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिणक एवं पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों को संचालित कराए जाने के संबध में जरूरी निर्देश दिए । बैठक में वित्त लेखा अधिकारी , सहित प्रधानाचार्य मौजूद रहे ।

5 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले रामलखन, विद्यालोक, काशी प्रसाद, अम्बरीश व लाल उर्फ रुद्रदेव निवासीगण परसौंजा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की

गांजा के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा आरक्षी सुरेन्द्र सिंह द्वारा

प्रभु राम माता सीता की विवाह कथा सुन भाव विभोर हो उठे कथा प्रेमी

चित्रकूटः परमहंस संत रणछोड दास महराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बडी गुफा में अरविंद भाई मफत्त लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

किशोरी शरण मधुकर महाराज ने कथा के सातवें दिन श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफत्त लाल और उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन ने राम कथा पोथी और किशोरी महाराज का पूजन अर्चन किया। कथा वाचक ने प्रभु श्री राम और माता सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार ब्रह्म ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगने आते है। विश्वामित्र राम लक्ष्मण को अपने साथ लेकर जाते, जहां तडका आदि असुरों

को मार कर यज्ञ की रक्षा करते है। उन्होंने बताया कि मिथिला के राजा जनक के यहां भगवान शिव का धनुष रखा था।

जिसको उनकी पुत्री सीता ने उठाकर उसके नीचे गाय के गोबर से लीपा और पुनः उसी जगह धनुष को उठा कर रख दिया। यह देख राजा जनक ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष की प्रत्यंचा चढाएगा उसी के साथ उनकी पुत्री का विवाह होगा। धनुष यज्ञ में देश देशांतर के तमाम राजा महाराजा आए।

सब ने धनुष उठने का प्रयास किया पर कोई हिला तक न पाया। राजा जनक दुखी हो गए और विलाप करने लगे तब धनुष यज्ञ शाला में राम लक्ष्मण के साथ आए विश्वामित्र ने प्रभु राम को धनुष उठने की आज्ञा दी। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा का पालन करते हुए भगवान राम ने शिव जी के धनुष की प्रत्यंचा चढाते है और प्रत्यंचा चढाते ही धनुष का खंडन हो जाता है। इतना सुनते ही कथा स्थल सीता राम के जयकारों से गूंजने लगता है। इसके बाद माता सीता प्रभु राम के गले में जयमाला डाल देती और बडे ही विधि विधान से प्रभु राम और माता जानकी के विवाह के साथ भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का भी विवाह संपन्न होता है। कथा वाचक ने बताया कि राम सीता का जीवन प्रेम, आदर्श, समर्पण मूल्यों को प्रदर्शित करता है।

इस मौके पर श्री सदगुरू सेवा संघ के अध्यक्ष विशद भाई मफत्त लाला, उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन, ट्रस्टी डॉ बी के जैन, उनकी धर्म पत्नी उषा जैन, ट्रस्टी विष्णु जोबन, ट्रस्टी मनोज पंड्या, इलेश जैन आदि मौजूद रहे।

अपर एसपी ने पुलिस बल को हरी झण्डी दिखाकर बसों से किया रवाना

चित्रकूटः अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद में लगाये गये पुलिस बल को पुलिस लाइन्स से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी। साथ ही निर्देशित किया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति, अराजकतत्वों को रोकें तथा तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। इस दौरान चुनाव डियूटी में लगे समस्त पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता एवं फर्स्ट एड किट भी प्रदान की गयी।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर, लाइन्स राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

4 देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश मौर्य ने बताया कि उप निरीक्षक राधेश्याम सिंह तथा मुख्य आरक्षी रमेश चन्द्र द्वारा उन्नत उर्फ जावेद निवासी हरदी कला को 4 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया।

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मादक पदार्शो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा आरक्षी प्रवीण पाण्डेय द्वारा भानु प्रताप निवासी ग्राम पिपरौंद को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

चैत्र नवरात्रि समापन को यादगार बनाएगा वन्दन महोत्सव - आचार्य रामचन्द्र दास

चित्रकूटः तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के नेतृत्व में इस बार चैत्र नवरात्रि का समापन एतिहासिक तरीके से किया जाएगा। जिसमें रामानन्द मिशन द्वारा 1100 कन्याओं का पूजन वंदन किया जाएगा। तुलसीपीठ में होने वाले इस आयोजन की जिम्मेदारी जगदुरू के उत्तराधिकारी युवराज आचार्य रामचन्द्र दास को सौंपी गयी है।

चैत्र नवरात्र में इस बार धर्मनगरी स्थित तुलसीपीठ के पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य महराज 9 दिन तक व्रत हैं। उनके साथ उनके सभी शिष्य भी 9 दिन तक नवरात्रि व्रत हैं। नवरात्रि समापन के बाद आगामी 18 अप्रैल को दशमी की तिथि पर तुलसीपीठ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी सम्भाल रहे युवराज आचार्य रामचन्द्र दास ने बताया कि रामानन्द मिशन द्वारा आगामी 18 अप्रैल को 1100 कन्याओं को पूजन वन्दन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत होने वाले इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की कन्याओं को आमंत्रित किया जा रहा है। जिनका एक साथ पूजन किया जाएगा। शास्त्रों में भी कहा गया है कि सौ पुत्रों के समान एक पुत्री होती है। सनातन धर्म में हमेशा से कन्याओं को देवी मानकर पूजा की जाती रही है। उन्होंने कहा कि तुलसीपीठ में होने वाले इस कार्यक्रम में रामानन्द मिशन के कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा समूह के निदेशक पं नरेन्द्र शर्मा की टीम भी अति उत्साह से लगी हुई है।

अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक मुकेश सिंह परिहार तथा उप निरीक्षक यूटी पवन चौधरी, आरक्षी जलील अहमद द्वारा बब्बू सेन निवासी ऊंचाडीह को 90 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

शिवमंगल बने जिलाध्यक्ष

चित्रकूटः द जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने वरिष्ठ पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि को एसोसिएशन का चित्रकूट जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवमंगल अग्रहरि ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का निर्वाह पुरी निष्ठा के साथ करेंगे। जिले और ग्रामीण क्षेत्रों में निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे पत्रकार साथियों के मान सम्मान के लिए वह हमेशा खडे रहेंगे।

10 के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले शिवशरण उर्फ शिवा निवासी बघौंडा, नत्थु सोनकर उर्फ नत्थी सोनकर, ओमप्रकाश उर्फपट्ट, लवलेश निवासी रामायण मेला सीतापुर, महेश यादव निवासी गोलतालाब तुलसीनगर कर्वी, अनिल सिंह निवासी चकला चकौंध, विष्णु निवासी बलदाऊगंज कर्वी, राजू गौतम निवासी पुरवा तरौंहा, अर्जुन निषाद निवासी टिकुरा कपसेठी व आशीष पटेल निवासी बेडी पुलिया रानीपुर भट्ट के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की।

चौपाल लगाकर ग्रामीणों को निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया जागरुक

चित्रकूटः आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत उप जिलाधिकारी राजापुर प्रमोद कुमार झा एवं क्षेत्राधिकार राजापुर निष्ठा उपाध्याय द्वारा प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की उपस्थिति में थाना पहाड़ी के बल्नरेवल ग्राम हर्रा एवं संवेदनशील ग्राम ओरा में जन-चौपाल का आयोजन कर लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र, निर्भीक निष्पक्ष अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामवासियों से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

व्यापारियों की समस्या को लेकर चैहान गुट ने सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मंगलवार को ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चैहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चैहान ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी रायबरेली कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर को व्यापारियों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बालापुर आईटीआई सुल्तानपुर रोड पर बसे गरीब गुमटी दुकानदारों को दिनांक 13 अप्रैल 2024 को एनएचएआई द्वारा नोटिस देकर एक सप्ताह में अपनी दुकानों को हटाने के के लिए दिया गया है। जिससे उन गरीब दुकानदारों पर रोजी रोटी के साथ परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो गया है। जिसको लेकर ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चैहान गुट के प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चैहान ने कहा कि एक ही नोटिस नंबर पर सभी दुकानदारों को नोटिस दी गई है। पता करने पर मालूम हुआ कि सुल्तानपुर रोड पर कोई सड़क चैड़ीकरण है ही नहीं। कोई गुप्ता जी का नाम आया है जो अपने को अध्यक्ष बताते हैं। श्री चैहान ने कहा कि मैंने इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट, न्यायिक मजिस्ट्रेट व एनएचएआई से मुलाकात की और कहा कि जब सड़क चैड़ीकरण किया जायेगा तब हमारे व्यापारी समय से पहले ही अतिक्रमण हटा लेगा अगर कोई इसके पहले जबरदस्ती रात में हटवाएगा तो वो ये न समझे वो फिर से रात में तोड़ फोड़ कर लेगा। जो लोग अतिक्रमण को लेकर आवाज उठाते हैं वो शहर के अंदर अस्पताल चैराहा, सुपरमार्केट, घंटाघर, सब्जी मंडी, दीवानी कचेहरी रोड, बस स्टॉप इत्यादि जगह कहते है वो पहले अपने घर को देख लें, जीसी सिंह चैहान चुप नहीं बैठेगी ईंट से ईंट बजा देगा। ज्ञापन देने में बालापुर आईटीआई अध्यक्ष राम प्रसाद पाल, उमेश सिंह चैहान, उमेश त्रिवेदी, अमित मौर्या, आलोक मौर्या, गिरीश सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, अनुज मौर्य, शिवकेश गुप्ता, अनिल मिश्रा, अंकित त्रिवेदी, देवानंद गुप्ता, हरिराम गुप्ता, राजू, जिलाध्यक्ष मो0 उमर, हाजी सन्ने, इम्तियाज खान, वसीम खान आदि मौजूद रहे।

भाई दरोगा है अस्पताल नहीं खुलने दूंगा

लालगंज रायबरेली। बेहटा कला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक शराबी के द्वारा उत्पात मचाए जाने और भाई के दरोगा होने की धमकी देने के चलते वहां का स्टाफ डरा हुआ है ।मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक राजेश कुमार गौतम ने कोतवाली लालगंज को पत्र भेज कर घटना से अवगत कराया है और कार्यवाही किए जाने की मांग की है। बेहटा कला सरकारी अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट राकेश यादव ने बताया कि वह रोज की तरह सरकारी अस्पताल में ड्यूटी कर रहा था। तभी दोपहर 11 बजे के करीब नोखे राय का पुरवा निवासी हरिओम शराब के नशे में अस्पताल आया और उत्पात मचाने लगा ।सरकारी अभिलेख फाड़ दिया। मना करने पर उसे मारने दौड़ा ।फार्मासिस्ट ने बताया कि हरिओम जाते-जाते यह धमकी भी दे गया है कि मेरा भाई दरोगा है ,अस्पताल नहीं खुलने दूंगा। मामले में भयभीत फार्मासिस्ट और उसके साथियों ने लालगंज कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में सुभाश हाउस के सौजन्य से चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रागंण में आदिशक्ति माँ दुर्गा के आठवें जीवन्त रूप में स्कूल की छात्रा अदिति चैरसिया एवं राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जीवन्त रूप में अच्युतम तिवारी, देव अवस्थी, हिमांश मिश्र और दिव्याशं मिश्र की आकर्षक झाँकियां बनायी गयीं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी सहित हेड मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों द्वारा विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न किया गया। अष्टमी तिथि पर स्कूल के प्रधानाचार्य जी ने कन्या पूजन के साथ-साथ कन्या भोज का भी आयोजन किया। जिसमें अनेक कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को रितिका, आस्था, उन्नति और उनके साथियों द्वारा 'छुम-छुम छाना नाना बाजे मैया पांव पैजनिया ...।' जैसे भक्तिपूर्ण गीतों ने और अधिक रोचक एवं आकर्षक बना दिया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पूनम सिंह, सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, बिन्दुलता सिंह, अमिता द्विवेदी और उनके साथियों का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने उन सभी टीचर्स एवं कर्मचारियों की सराहना की जिनके सहयोग से इस प्रकार का सफल और सुन्दर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने स्कूल के बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त कर्मचारियों को नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।इस असवर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग बैंक खाता खोलने के निर्देश जारी

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है।

निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रुपए 10,000 - से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग के निर्देश के क्रम में स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त बैंकों को यह निर्देश परिचालित किये गये हैं कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन के प्रयोजनार्थ अलग से बैंक खाता खोलने की सुविधा देंगे एवं खाता खोलते समय ही 200 प्रतिपर्णो की चेक बुक (नान पर्सनलाइज) उपलब्ध करायें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि आयोग के उक्त दिशा निर्देशों को समस्त राजनैतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, संबंधित अधिकारियों एवं डिस्ट्रिक्ट लेवल बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित समस्त बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

नए सत्र की संकुल बैठक में छाया रहा नवीन नामांकन का मुद्दा

रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को नए सत्र 2024-25 की पहली संकुल बैठक का आयोजन किया गया। अमावां ब्लॉक के संकुल बल्ला की बैठक प्राथमिक विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला द्वितीय में सम्पन्न हुई। संकुल शिक्षक बैठक में विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही शिक्षकों ने नवीन नामांकन में आ रही परेशानियों पर भी चर्चा की। बच्चों के छह साल पूर्ण होने की बाध्यता पर हुई चर्चा, आखिर कैसे बच्चा करेगा इंतजार इसको लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संकुल बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक मीना कुमारी ने कहा कि आखिर कैसे करके बच्चे को हमें प्राइवेट विद्यालय से हटाकर अपने विद्यालय में लाना है यह वर्तमान में बड़ी चुनौती है। संकुल शिक्षक आयशा अफरोज ने नए सत्र में कैसे करके रेमेडियल शिक्षा करनी है, इस बिंदु पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षिका विश्रामा ने टूलकिट के माध्यम से पढ़ाने के बारे में बताया। उनकी तरफ से टीएलएम का प्रयोग करते हुए पढ़ाने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक प्रवेश यादव ने किया। प्रधानाध्यापक हेमलता त्रिवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार किया। इस मौके पर ऊषा सिंह, गरिमा सिंह, कृष्णा शंकर यादव, हरिचन्द्र पांडेय, सुनील यादव, रामकृपाल सिंह, माया, सत्यभामा, मधु पाल, कल्पना वर्मा, मधुलता, श्रीकांत दिवाकर, अनीता गौतम, अनुपम अवस्थी, सविता सिंह, राम नरेश मौजूद रहे।

डीईओ ने निर्वाचन सामग्री की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, सुगमतापूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला सेवा योजन कार्यालय में निर्वाचन प्रपत्र/स्टेशनरी/मतदान/मतगणना सामग्री किट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान टोलियों को किट विवरण के सम्बन्ध में मतपेटिकाओ में रबड़,मोहर,ब्रास सील तथा पेपर सील तथा स्टेशनरी आदि व्यवस्थाओं के बारे में सम्बन्धित अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रपत्र/स्टेशनरी पैकेजिंग एवं प्रपत्र छपवाने की व्यवस्थाओं को नियमानुसार किया जाए।

लालगंज नगर के चैराहे गड्ढों में हुए तब्दील, राहगीरों को उठानी पड़ रही है भारी मुसीबत

लालगंज रायबरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही सड़कों को लेकर जीरो टारलेंस की भूमिका अपना रहे हैं और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर निर्देश देते रहते हैं कि सड़कों पर कहीं भी गड्ढे न दिखाई पड़े लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के लापरवाह अधिकारी मुख्यमंत्री योगी का आदेश भी नजर अंदाज कर देते हैं। अधिकारियों को योगी सरकार का कहीं कोई भय नहीं रह गया है जिसके कारण उन्हें जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रह गया है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वास्तव में सेमरपहा से लेकर लालगंज नगर के गांधी चैराहा, बाईपास तिराहा, बाईपास रोड, नगर पंचायत तिराहा ,करुणा बाजार चैराहा पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है ।सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिन में फंसकर जहां भारी वाहन ट्रक आए दिन बिगड़ जाते हैं और जाम के सबब बनते हैं ।

वही बाइक सवार व अन्य राहगीर भी गड्ढों में गिरकर चोट खाने को मजबूर हो रहे हैं। शिकायतों के बावजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सड़कों को ठीक नहीं कर रहे हैं। जूनियर इंजीनियर अनिल कुमार सिंह का कहना है कि बजट नहीं है ।वही अवर अभियंता पीसी सिंह का कहना है कि सड़क मरम्मत कराने के आदेश अनिल सिंह को दिये गये है ।अब देखना यह है कि लालगंज नगर व आसपास की सड़कों की मरम्मत कब होती है या ऐसे ही लोग चोट खाते रहेंगे रहेंगे। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा और उनकी टीम के द्वारा कई बार सड़कों की मरम्मत के बाबत शिकायतें की गई हैं।व्यापार मंडल का कहना है कि खराब सड़कों और जाम के चलते व्यापारियों का जीना हराम हो गया है।

रायबरेली मण्डल का अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग का क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न

रायबरेली। रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएषन (आर0डी0सी0ए0) द्वारा उत्तर प्रदेष क्रिकेट एसोसिएषन (यू0पी0सी0ए0) की ओर से पूरे प्रदेष के जिलों में आयोजित की जा रही अण्डर-23 (पुरूष) व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के जिला स्तरीय ट्रॉयल के क्रम में आज रायबरेली मण्डल के अन्तर्गत रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी जिले का जिला स्तरीय ट्रॉयल एन0एस0 क्रिकेट एकेडमी, रायबरेली के ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। यू0पी0सी0ए0 के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ से असलम अली ने रायबरेली जिले भर से आये हुए रायबरेली जिले के अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के 110 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया। इसी तरह जनपद प्रतापगढ़ से 95 खिलाड़ी व अमेठी जनपद से 75 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया गया। चयनकर्ता ने आज कड़ी धूप में कड़ी मेहनत व परिश्रम करने के बाद जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी के अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग के प्रतिभाषाली खिलाड़ियों को अलग-अलग चयनित करते हुए तथा उत्तर प्रदेष के सत्र 2024-25 हेतु बनने वाली अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग की टीम के लिए तीनों जनपदों के जिला स्तर के ट्रॉयल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को गहराई से परखते हुए चयन किया। यू0पी0सी0ए0 के मीडिया मैनेजर व आर0डी0सी0ए0 के डायरेक्टर मोहम्मद फहीम ने बताया कि अण्डर-23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के ट्रॉयल आज एन0एस0 क्रिकेट अकेडमी के ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराये गये। अण्डर-23 तथा सीनियर आयु वर्ग (पुरूष) के कुल 280 खिलाड़ियों ने कड़ी धूप में अपनी क्रिकेट की प्रतिभा का प्रदर्षन किया। यू0पी0सी0ए0 द्वारा नामित चयनकर्ताओं ने सभी 280 खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया और ट्रॉयल के पश्चात खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा के आधार पर तीनों जनपदों के प्रतिभाषाली खिलाड़ियों को चयनित करके चयनित खिलाड़ियों की सूची अलग-अलग अपने पास सुरक्षित रख ली है। ट्रॉयल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में ट्रॉयल कोआर्डीनेटर आषीष त्रिपाठी, नदीम सिद्दीकी, मो0 सलीम, सिविल रावत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

राम नाम जप से ही मानव का हो जाता है उद्धार

लालगंज रायबरेली। नवरात्र के पावन अवसर पर अंबारा पश्चिम गांव में स्थित माता श्री कुंदन देवी मंदिर में भव्य राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन सभी के सहयोग से किया गया । इस अवसर पर कथावाचक पंडित राकेशधर शास्त्री ने भगवान राम के नाम की महिमा का बड़ा ही सुंदर वर्णन प्रस्तुत किया और कहा कि कलयुग में श्री राम कथा सुनने व राम नाम का जाप करने मात्र से प्राणी का उद्धार हो जाता है। रामनवमी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर दिनेश दीक्षित, गोपाल दीक्षित ,कैलाश बाजपेई, छंगा बाजपेई ,अमरेंद्र सिंह ,कमल तिवारी ,मनमोहन मिश्रा ,राम सरोहर प्रधान ,अंशू बाजपेई, रज्जुल तिवारी, दिनेश पाण्डेय, रोहिणी तिवारी ,सहित सैकड़ों भक्तजन उपस्थित रहे।

योगी सरकार के भरपूर बिजली देने का दावा फेल,ग्रामीण क्षेत्रों में 8-9 घंटे गुल हो रही बिजली

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। बढ़ती गर्मी के बीच लोगों को बिजली के नखरे भी झेलना पड़ रहा हैं। योगी सरकार के भरपूर बिजली देने के दावे में भी पलीता लग रहा है, और यह पलीता विद्युत विभाग के अफसर ही लग रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र महराजगंज और चंदापुर ग्रामीण क्षेत्रों में, दिन और रात मिलाकर 8 से 9 घंटे बिजली गुल हो रही है, इसकी वजह से लोगों को गर्मी के साथ-साथ पानी की भी किल्लत उठानी पड़ रही है। आपको बता दें कि, गर्मी शुरू होते ही विभागीय अफसर को दिन में तो किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचने और बिजली की लाइनों की मरम्मत करने के नाम पर कटौती के साथ-साथ रात में ब्रेकडाउन के नाम पर अंधाधुंध विद्युत कटौती की जा रही है, जिसके कारण बीती रात क्षेत्र के पूरे गुमान सिंह आधा गांव, पूरे बरियार सिंह, पूरे उदवत सिंह रात 10रू45 से अंधेरे में गुल थे, और इस भीषण गर्मी में पूरी रात उपभोक्ता हाथ से पंखा घूमते रहे। यही नहीं दिन में 6 से 7 घंटा विद्युत कटौती होने से लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। एसडीओ भैया लाल ने बताया कि, रात 10:45 पर 11 केवी लाइन में फाल्ट आ जाने के कारण फीडर ट्रिप हो गया किंतु इसी बीच ग्रामीणों ने बांस के डंडे (लग्गा) से फ्यूज जोड़ दिए, जो सही नहीं जुड़ा, जिसके कारण दोबारा फीडर नहीं लग सका। जब विभागीय कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग की तो पता चला कि, फॉल्ट पूरे उदवत सिंह में मिला। ग्रामीणों द्वारा बांस (लग्गा) से छेड़छाड़ किए जाने पर ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया, जिस कारण तीन गांवों की लाइन रात में ही खुलवानी पड़ी, उसके बाद अन्य गांव की विद्युत आपूर्ति बहाल हुई।

बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम रही एक शाम...

सिंबल आफ द नॉलेज भारतरत्न बाबा साहब की मनाई गई 133वीं जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव संयुक्त सामिति, विश्व दलित परिषद, बहुजन शक्ति संघर्ष वाहिनी, एससी-एसटी बेसिक टीचर वेलफेयर एशोसिएशन की तरफ से एक शाम को बहुत ही खास बनाया गया। सदी के महानायक,भारतीय संविधान के निर्माता,स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि मंत्री,कानूनविद,महान अर्थशास्त्री,सिंबल आफ द नॉलेज बोधिसत्व भारतरत्न बाबा साहब की 133वीं पर हाथी पार्क में खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही आम जनमानस ने उपस्थित होकर बाबा साहब को नमन करते हुए माल्यार्पण के द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा उनके राष्ट्रनिर्माण में महत्तम योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।विश्व दलित परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुरील ने प्रेरणा स्थल पर उपस्थित विशाल जनमानस का अभिनंदन किया।

माल्यार्पण के इस अहम मौके पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ,जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, नगरपालिका चेयरमैन शत्रोहन सोनकर, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट मा0 अजय अग्रवाल, जिलापंचायत सदस्य विक्रांत अकेला आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।संगोष्ठी की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष इंजीनियर एसके आर्या, मुख्य अतिथि जिला पंचायत रंजना चैधरी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर रहे। खंड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डॉ सत्यप्रकाश यादव ने ज्ञान के प्रतीक बाबा साहब के बारे में कुछ कहना या बोलना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है उनका विराट व्यक्तित्व राष्ट्र के हर नागरिक को प्रेरणा प्रदान करता है उन्होंने कहा था ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है,जिसे अर्जित कर हर व्यक्ति महान बन सकता है,ज्ञानार्जन का हक और संवैधानिक अधिकार देश के वंचित वर्गों और समस्त महिलाओं को दिलाकर उन्होंने उन पर सबसे बड़ा उपकार किया है। इस मौके पर अम्बेडकर समाजोत्थान समिति रतापुर तथा रामबाबू अम्बेडकर के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा राव फूले पब्लिक स्कूल ऊँचाहार के बच्चों सहित अनेकों बच्चों ने अत्यंत ही प्रेरणादायी मिशनरी गीतों पर शानदार अभिनय डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा तथा बाबा साहब के विचारों को निर्भीकता के साथ हिंदी और अंग्रेजी में मंच से साझा किया जो कि आज के आयोजन का सबसे आकर्षक और सराहनीय पहलू रहा।

कार्यक्रम का संचालन नीरज रावत ने किया। इस मौके पर अनीता प्रियदर्शी, पुरुषोत्तम, निशा, अनिल कांत, रोहित चैधरी, अशोक प्रियदर्शी, शिवशंकर सिंह, राजेश शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, सरिता नागेन्द्र, के0एल0 सोनकर, बृजेन्द्र सिंह, राजेश मौर्य, राम गोपाल, नन्दलाल आदि लोग मौजूद रहे।

मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का मना जन्मोत्सव

रायबरेली।न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला,में आयोजित एक कार्यक्रम में भगवान राम के जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ भगवान् श्रीराम की पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अपर्णा ने रामनवमी के उपलक्ष में गीत प्रस्तुत किया और पालक त्रिपाठी ने राम नवमी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामनवमी का पर्व भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था।जिसकी वजह से हर वर्ष चैत्र माह की नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि भगवान राम धर्म के प्रतीक थे।भगवान राम के लिए, एक पुत्र, पति, मित्र और नेता के रूप में उनके कर्तव्य सर्वोच्च प्राथमिकता थे।उन्होंने शालीनता, सम्मान और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। श्री राम संपूर्ण पृथ्वी पर मानव समाज के लिए एक आदर्श हैं और उनका चरित्र समाज के लिए मानवता का संविधान है, प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए मानव अपने जीवन में यश, ऐश्वर्य, सम्मान और सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

बच्चों को काबिल बनाना ही परम लक्ष्य-शिवानी खेरा

सेंटपीटर्स स्कूल के मेधावी बच्चों को दिया गया पदक

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। बागवान जिस तरह से बगिया के फूलों को खिला देखकर खुश होता है, उसी तरह शिक्षक अपने छात्रों के बेहतर पर प्रदर्शन पर उत्साहित होता है। क्षेत्र के सेंट पीटर्स स्कूल सिरसा की प्रधानाचार्य शिवानी खेरा ने सत्र के बच्चों को प्रमाण पत्र व पदक देकर सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी खेरा सोनी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा कहा कि हमारा लक्ष्य हमारे विद्यार्थियों को दृढ़ नैतिक मूल्यों वाले नागरिक बनने, जीवन पर्यन्त सीखने की चाहत रखने तथा अपने सर्वोत्तम लक्ष्य तक पहुंचने और प्रदर्शन करने की दृढ़ता के लक्ष्य की ओर अग्रसर करना है।

उंन्होने कहा कि सेंट पीटर्स स्कूल के शिक्षक अपने दायित्व को लेकर गम्भीर हैं।उंन्होने बताया कि गुणवत्ता परक शिक्षा और अनुशासन हमारी प्राथमिकता रही है।पदक प्राप्त करने वाले छात्रों के चेहरे पर मुस्कान साफ देखी गयी।अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों में कक्षा नर्सरी हुमैरा अंसारी, नित्या केशरी चित्रिषा मिशा, श्रुति पटेल और अथर्व कुशवाह रहे। कक्षा एल.के.जी.से अंश केशरी, श्रेया पटेल, आकाश और इनाया शेख को पदक मिला है। कक्षा यू.के.जी.मेंआशी केशरी, देव कुमार, सौम्या यादव, मोहम्मद आदिल अंसारी और सक्षम तिवारी ने वेहतर किया है। कक्षा 1 ध्रुवी अग्रवाल, युवान सेठ और जुनैरा बानो तथा कक्षा 2 में एकांशी केशरी, कार्तिक कृष्णा और शान्वी केशरी और कक्षा 3 केअनाया अंसारी, अनुज उपाध्याय और धैर्य धैर्या अग्रवाल ने पदक प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त कक्षा 4 से 8 तक के मेधावी बच्चों को पदक से नवाजा गया है।

महागौरी के रुप में मां ऐंद्री का भव्य श्रृंगारिक पूजन

कन्याओं का देवी के रुप में हुआ पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

हनुमानगंज। महर्षि दुर्वासा की यज्ञ की रक्षा के लिये अवतरित हुई माँ ऐंद्री का आज वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन महागौरी के रूप में भव्य श्रृंगारिक पूजन अर्चन किया गया। कन्याओं का देवी के रुप में पूजन किया गया। माँ का भोग एक कुन्तल पेड़े से लगाया गया,जो भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किया गया।

कुन्तल भर पेड़े से लगा माँ का भोग

घोर तपस्या करके अत्यधिक गौरवर्ण प्राप्त करने पर देवी को महागौरी कहा गया, वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन माँ के महागौरी रुप में माँ ऐन्द्री की पूजा अर्चना हुई। ऊषा काल से ही भक्त मां के दर्शन करने के लिए पट खुलने का इन्तजार करते रहे। सुबह माँ के श्रृंगार के साथ ही भक्तों का तांता दर्शन के लिये लग गया। कन्याओं के देवी की पूजा मंगलवार को दोपहर की गयी। कन्याओं को वैदिक मंत्रों से विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोजन कराया गया,भोजनोपरान्त कन्याओं को दक्षिणा भी दी गयी। अष्टमी के दिन माँ का भोग शाम को एक कुन्तल पेड़े का लगाया गया। रात्रि में मां की श्रृंगारिक आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । आरती व प्रसाद वितरण के बाद संगीतमय सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया गया। देर रात भक्तों का तांता दर्शन पूजन के लिये लगा रहा।

थरवई मे सुबह 6 से मध्यान्ह 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई। महाकुंभ 2005 के दृष्टिगत फाफामऊ सहसों मार्ग को फोरलेन हाईवे बनाने का काम शुरू हो चुका है जिसमें सड़क के दोनों तरफ लगे पेड़ों को काटने के लिए बुधवार की सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक थरवई गोंडवा विद्युत सब स्टेशन से जुड़े थरवई फीडर इस्माईलगंज फीडर सहित अन्य सभी फ़िडरो पर विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी । उक्त जानकारी उपखंड अधिकारी सोरांव गौरव कुमार व जे ई मुकेश कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से दी हैं

पुलिस ने आरोपी के घर पर चस्पा की कुर्की नोटिस

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । माननीय न्यायालय स्पेशल सीजेएम लखनऊ के अदालत में उपस्थित न होने पर आरोपी दिलशाद पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी पडिला थाना थरवई के घर पर प्रभारी निरीक्षक गंगाधर चौहान क्राइम ब्रांच लखनऊ की टीम ने धारा 420, 464, 468, 471 व आईटी एक्ट आईपीसी मे निरुद्ध आरोपी के घर 82 की नोटिस चश्पा कर मुनादी कराई गई।

सरपतहिया गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। क्षेत्र के सरपतहिया गांव में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

बताया जाता है, कि सरपतहिया गांव पी.डी.ए कॉलोनी से सटकर बसा हुआ है । इस गांव में विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इस गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है । सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है।

लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव में विगत कई साल पहले जल निगम विभाग द्वारा जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में अधिकांशत~ खराब हो गए हैं। वह मात्र शोपीस बनकर शोभा को बढ़ा रहे हैं। गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली के आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि इस गांव में सोमेश्वर नाथ पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। उक्त पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। बिजली के आने और जाने को कोई निर्धारित समय नहीं रह गया है। बिजली कटने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है । बिजली के खंभों पर खींचे गए तार भी काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिर जाते हैं। इस गांव में नगर निगम जल संस्थान ट्यूबेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल संस्थान कर्मियों की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

पाठा में भीषण जल संकट, लोग परेशान

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी(प्रयागराज)। यमुनानगर में पाठा कहे जाने वाले लापर क्षेत्र के कोरांव मेजा इलाके में जबर्दस्त जल संकट उत्पन्न हो गया है । जहां जलस्तर लगभग सौ फीट नीचे चले जाने से 50 फीसद हैडपंप सूख गए हैं । इससे लोगों को बूंद - बूंद पानी की इधर-उधर भटकना पड़ रहा है । यही नहीं नलकूप भी नहीं चल रहे हैं । दिनों - दिन हालत बिगड़ते ही जा रही है । मध्यप्रदेश सीमा पर 55 दर्जनों गाँवों से टैकरों से जलपूर्ति कराई जा रही है । यमुनानगर के पठारी इलाके लेड़ियारी , खीरी, टौगा , जोरवट, कैथवल , किहुंनी कला , किहुंनी खुर्द , गड़री , जानकीतारा ,पथरपुर , मोजरा , खूंटा , लालतारा , चांद , सिरहिर , पटेहरा , पथेलवा , इलाके में इस बार भी गर्मी में भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है । इन क्षेत्रों के 15 गांवों के पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं । इसके अलावा बड़ोखर, में मरिजद टोला , कलीकन बस्ती, झमरोल, पठान टोला , सुनार बस्ती, महुली , मोजरा पहाड़ी , मानपुर , हडिया , सलैया में पीने के पानी की सबसे ज्यादा किल्लत है । खीरी में लगी पेयजल टंकी यदा-कदा ही सप्लाई प्रदान कर रही है । वहीं चांद खम्हरिया, पटेहरा में लगी टंकी शोपीस साबित हो रही है ।

निषाद राज की मनाई गई जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। ग्राम सभा मोहम्मदाबाद उर्फ मैलवना में निषाद राज की जयंती मनाई गई। ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेश चंद्र बिंद के आवास पर महाराजा निषाद राज की जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए निषाद राज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों तथा उनके बताए गए मंत्रों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर लल्लू बिन्द मिस्त्री, प्रताप बहादुर, राजेश कुमार, छोटेलाल,

सोनू, दिनेश, विनोद, बसंत लाल, पुष्पेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षकों की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया । विकास खंड बहरिया के कम्पोजिट विद्यालय कहली में शिक्षक संकुल कहली की मासिक बैठक एआरपी संतोष गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे संकुल कहली के अध्यापक उपस्थित हुए ।

इसमे निपुण भारत पर चर्चा एवं दीक्षा ऐप, नामांकन आदि पर बातचीत हुई और बच्चों के नामांकन कराने के लिए अभिभावक को भी जागरूक करने की भी चर्चा हुई। बच्चों के लिए खेलकूद स्वच्छ जल जैसे तमाम विषय पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक नीरज कुमार विश्वकर्मा इंद्रजीत यादव, राहुल कुशवाहा, प्रतिमा सिंह, प्रभाकांत ओझा, बृजेश अनूप पांडे आदि अध्यापक शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता रैली और विदाई समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। क्षेत्र के बीआरसी में मतदाता जागरूकता रैली अभियान उपजिलाधिकारी सोरांव गणेश कुमार कनौजिया और खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश त्रिपाठी की उपस्थिति में निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाओं ने घर घर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही बच्चों से भी यह बात कही गई कि वे अपने घर जाकर माता- पिता तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को मतदान में प्रतिभाग करने के लिए कहें।कंपोजिट विद्यालय पिलखुआं मऊआइमा में वार्षिकोत्सव, कक्षा 8 उत्तीर्ण बच्चों की विदाई समारोह नव प्रवेशीय बच्चों का समागम समारोह के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी होलागढ़ लाल शर्मा, जिला समन्वयक एमडीएम राजीव त्रिपाठी मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक महजबीन, रहमत और सारिका श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

श्री सीताराम महायज में 1086 चौपाईयों का 26 घंटे लगातार हवन

हंडिया। हंडिया तहसील के उतरांव थाने के पास स्थित श्री राम रामेश्वर शिवधाम भिउरा प्रांगण में 9 अप्रैल से आयोजित महायज्ञ कार्यक्रम में आज आठवें दिन 1086 चौपाईयों का 26 घंटे लगातार 21 कुंडीय हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 17 अप्रैल को महापुर्णाहुति कार्यक्रम होगा। 18 अप्रैल को महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जायेगा। चौपाईयों का हवन कार्यक्रम को यज्ञाचार्य एवं कथा व्यास पंडित मनोज शात्री द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। महायज्ञ के आयोजक विजय गिरि के रात दिन अथक प्रयास से कार्यक्रम शुचारु रुप से चल रहा है। कार्यक्रम को थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, ग्रामीणों के अलावा क्षेत्रीय लोगो के सहयोग से अनवरत दूसरे साल संपन्न हो रहा है।

दुर्गाष्टमी पर आठवें स्वरूप महागौरी की हुई आराधना



लेड़ियारी(प्रयागराज)। दुर्गा अष्टमी पर देवी के आठवें स्वरूप मां महागौरी की उपासना की गई । महिलाओं ने अष्टमी के दिन अपने व्रत को पूरा कर कन्याओं को कंजक भी खिलाया । भक्तों ने महागौरी की नारियल का विशेष भोग लगाकर अपनी मनौती मांगी । पाप से मुक्ति पाने के लिए पूजा काली धाम मंदिर में देवी की आराधना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा ।

दुर्गा मंदिरों में महागौरी स्वरूप का पूजन और कन्याभोज आयोजित किया गया । समिति के पदाधिकारियों ने कन्याओं का पांव पखार श्रृंगार आरती कर नवदुर्गा के रूप में पूजन किया गया । काली धाम मंदिर और बघोल देवी मंदिर सहित घरों में भी सैकड़ों कन्याओं का पूजन आयोजित किया गया ।

लेड़ियारी बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में घर - घर चल रहा दुर्गा पूजन में भक्तों ने हवन पूजन के साथ सत्यनारायण कथा पूजन किया । दुर्गा जी की मूर्ति पर भक्तों ने धूप, अगरबत्ती के साथ दीप प्रज्वलित कर पूजन किए । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य पंज़ राम बाबू शास्त्री, पंज़ शिव मोहन द्विवेदी, पंज़ आशीष मिश्रा, प्रधान विनोद कुमार दुबे, रवि सिंह, शंकर दयाल तिवारी, विष्णु प्रताप सिंह, राहुल केशरी, अमन केशरी, विशाल केशरी, धीरज कुमार, विनीत मोदनवाल, आदित्य प्रसाद केशरी, रोहित केशरी आदि लोग उपस्थित रहे

रात्रिकालीन बिजली कटौती से लोग परेशान जिम्मेदार बेपरवाह

नैनी (प्रयागराज)। क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में इन दिनों की जा रही रात्रि कालीन बिजली की कटौती से लोग काफी परेशान हो चुके हैं। और जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह साबित हो रहे हैं।बताया जाता है, कि टी.एस.एल. पावर हाउस से क्षेत्र के विनोवा नगर ,त्रिवेणी नगर ,मुक्ता बिहार ,नैनी गांव, शाहजी का पूरा ,ए.डी.ए कॉलोनी ,नई बाजार,मिर्जापुर रोड आदि कई मोहल्ले में बिजली की सप्लाई की जाती है। इस फीडर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते रात्रिकालीन बिजली की कटौती की जा रही है। रात्रिकालीन बिजली कटौती होने से मच्छरों का आतंक काफी बढ़ जाता है। पूछे जाने पर पावर हाउस पर तैनात कर्मचारियों के द्वारा असंतोष जनक उत्तर दिया जाता है। रात्रिकालीन बिजली की कटौती होने से जनमानस पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है।

चोरी की ट्रेक्टर ट्राली व चार देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी । झूंसी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी गए ट्रैक्टर के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चार अदद जिंदा बम बरामद किया है।बताया जाता है कि अभियुक्त राहुल निषाद पुत्र गया प्रसाद निषाद निवासी जलालपुर थाना एयरपोर्ट प्रयागराज वर्तमान समय में नीबी भदकार थाना झूंसी के खिलाफ ट्रैक्टर चोरी कर फरार हो जाने के मामले में दिन सोमवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा पंजीकृत होने के 24 घण्टे के अन्दर मंगलवार को झूंसी पुलिस मुखबिर की सूचना पर बन्धवा ताहिरपुर चौराहे के निकट थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर , ट्रॉली व 04 देशी बम बरामद कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस में उ0नि0 संतोष कुमार सिंह चौकी प्रभारी चमनगंज, उ0नि0 प्र0 विशाल यादव, का0 शिवम दिवाकर शामिल रहे।

किसान मोर्चा ने दी प्रमुख परिवार को सांत्वना

प्रमुख के भाई के निधन पर लोगों ने जताया दुःख

लोकमित्र ब्यूरो

मेज़ा (प्रयागराज)। भाजपा नेता एवं प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र के छोटे भाई की असमय मौत पर पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह ने दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा ईश्वर उन्हें श्री चरणों मे स्थान दें।क्षेत्र के पूरा दत्तू ,खीरी के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधी मेजा, गंगा प्रसाद मिश्रा के छोटे भाई विनोद कुमार मिश्र का बीते 9 अप्रैल मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है।भाजपा और पँचायत प्रतिनिधियों ने इस असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए,परिवार के लिए शांति की कामना की है। गोलोकवासी विनोद कुमार मिश्र भाजपा के कार्यकर्ता एवं सामाजिक लोगों में सुमार रहे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि विनोद कुमार मिश्र 65 वर्ष के रहे। भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार में उनके भतीजे विवेक कुमार मिश्रा आशु किसान मोर्चा के जिला मंत्री भी हैं द्य पूरा परिवार संगठन के प्रति समर्पित है द्य ऐसे में आज हम सभी किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारी द्वारा पुण्य आत्मा के लिए शोक संवेदना व्यक्त की है। किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी नीरज कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऐसे पुण्य आत्म प्रभु श्रीं हरि अपने चरणों में जगह दें।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेज़ा के भाई की असमय मौत पर पार्टी नेता आदेश सिंह सेवालाल पटेल, तारा शंकर पांडे,राजेश शुक्ला,हृदयेश मिश्रा, दिनेश तिवारी,नीरज कुमार द्विवेदी आदि ने दुःख जताया हैं

गांव में घूम कर मतदान करने के लिया किया जागरूक

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के डेराबारी गांव के संविलियन विद्यालय डेराबारी में शत प्रतिशत मतदान करने और स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में घूमकर रैली निकाली गई।

इस मौके पर रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक राम बाबू मिश्र,कृष्णाकांत पटेल, संजीव पटेल,रवि पांडेय, चन्द्रशेखर,अर्चना उमराव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

अतीक अशरफ हत्याकांड के हत्यारोपितों की फिर टली सुनवाई

प्रयागराज। जिला न्यायालय में अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोंपितो की मंगलवार को होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है, जो अब 29 अप्रैल को होगी। पिछले कई नियत तिथियों से विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई लगातार टल रही है

अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के तीनों हत्यारोपित सनी उर्फ पूरन सिंह उर्फ मोहित सिंह, लवलेश व अरुण मौर्य चित्रकूट की जिला कारागार में निरुद्ध है। विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक की कोर्ट में चल रही है। पहले इस मुकदमे की सुनवाई जिला जज की कोर्ट में हो रही थी। आरोपितों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई 2023 को आरोप पत्र दाखिल किया था ,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण हेतु सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था।

गांव में घूम कर मतदान करने के लिया किया जागरूक

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के डेराबारी गांव के संविलियन विद्यालय डेराबारी में शत प्रतिशत मतदान करने और स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में घूमकर रैली निकाली गई।इस मौके पर रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक राम बाबू मिश्र,कृष्णाकांत पटेल, संजीव पटेल,रवि पांडेय, चन्द्रशेखर,अर्चना उमराव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

जालपा माता मंदिर पर भक्तों की लगी भारी भीड़

हजारों किलोमीटर दूर से मंदिर पर पहुंच रहे दर्शनार्थी

खीरी (प्रयागराज)। चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर दक्षिणांचल के प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर इटवा पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के पुजारी द्वारा खास इंतजाम किए गए और साथ ही साथ माता जालपा के विशेष सजावट कर संपूर्ण मंदिर परिसर को विद्युत झालर एवं पतंगी से सजाया गया। बताते चलें कि उक्त मंदिर पर आसपास के ही नहीं वरन लगभग हजारों किलोमीटर दूर से भी भक्त पहुंचते हैं और जिनका संकट दूर भी होता है वो लोग दर्शन करने जरूर आते है । उपस्थित भक्तों द्वारा बतलाया गया कि बड़े से बड़े डॉक्टर द्वारा जिस मर्ज और मरीज को नहीं सही कर पाते वह लोग मंदिर पर आकर जल्द ही कुशल पूर्वक होकर वापस लौटते है ।माता जालपा मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित जगदेव प्रसाद मिश्रा द्वारा बतलाया गया कि मंदिर परिसर पर पहुंचने वाले सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उक्त नवरात्रि में विशेष पूजा अर्चन का महत्व है। मंदिर पर भारी भीड़ लगने का मुख्य कारण यह भी है कि यहां से आज तक कोई भी खाली हाथ नहीं गया है ।

मां की आरती पूजन के बाद किया जनसंपर्क

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। कविता यादव त्रिपाठी लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की धर्म पत्नी कविता यादव त्रिपाठी के द्वारा माता रानी कॉटन मिल तिराहा स्थित चतुरानन उपाध्याय के परिसर में स्थापित मां दुर्गा जी के मंदिर में आरती पूजा पाठ अर्चना करने के बाद कविता यादव त्रिपाठी ने नैनी बाजार में जो संपर्क किया। इस अवसर पर सभासद मयंक यादव, राकेश उपाध्याय, संजय श्रीवास्तव,

शशांक शेखर पांडे, सुनील कुशवाहा, उमेश सेन, नीरज शर्मा, सुनील विश्वकर्मा, प्रदीप तिवारी राज सिंह आदि मौजूद रहे।

पुराने यमुना पुल से टीसीआई मार्ग की हालत चौपट

नैनी(प्रयागराज) । नैनी क्षेत्र के पुराने यमुना पुल से टीसीआई की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से दुपहिया वाहन चालक का तो चलना दूर रहा, पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है।बताया जाता है, कि पुराने यमुना पुल से टी.सी.आई की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं । डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है । सड़क पर के यह गड्ढे धीरे-धीरे खाई के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का तो चलना दूर रहा पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है । मालूम हो, कि इसी सड़क से होकर महेवा, मडोका, डाडी, डभाव, धनुहां, मुरलीकोट, बोगी, एग्रीकल्चर, बसवार, मोहब्बतगंज ठकुरी का पूरा, सहाय का पूरा, सनई का पूरा, तिगनौता, मन्ना का पूरा आदि कई गांव के लोगों का आना जाना बराबर बना रहता है। इतना ही नहीं इसी रोड पर कृषि संस्थान के अलावा कई हॉस्टल भी है । जहां पर हजारों की संख्या में बाहरी बच्चे रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । जिससे क्षेत्रीय लोगों में उनके प्रति जबरदस्त आक्रोश की भावना व्याप्त है।

याकूबपुर गाँव में धान की अगेती फसल की रोपाई शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। विकास खंड सैदाबाद के महुआ कोठी गाँव के मजरा याकूबपुर में किसान द्वारा धान की अगेती फसल की रोपाई शुरू कर दी गयी है। इस गाँव में साल में दो तूर धान की फसल को काटा जाता है।

आपको बताते चले कि विधानसभा प्रतापपुर का याकूबपुर गाँव सोरांव के पूर्व विधायक बाबू जंग बहादुर सिंह पटेल का गाँव है। इस गाँव में किसान तकनीकी खेती करते हैं। एक ओर जहाँ किसान मई, जून में धान की नर्सरी डालते हैं वही इस गाँव में

प्रगतिशील किसान महेन्द्र पटेल के द्वारा मंगलवार को अपनी धान की अगेती फसल की रोपाई शुरू कर दी गयी। महेन्द्र पटेल के द्वारा आलू की खुदाई करने के बाद धान की रोपाई करके उसे जून जुलाई महीने में काटकर पुनः धान की मौसमी फसल की रोपाई करेगें। उनके द्वारा साल भर में आलू और दो तूर धान की फसल कुल तीन तूर खेती की जाती है। महेन्द्र पटेल अन्य किसानों के प्रेरणास्रोत बन गये हैं। उन्होंने संवाददाता को बताया कि मेहनत और दिमाग से किसान काम ले तो असंभव को संभव कर सकता है। मिट्टी में सोना पैदा कर सकता है।

अप्पे पलटी, परीक्षा देकर लौट रही छात्रा घायल

घूरपुर (प्रयागराज)। मंगल वार को शाम 5~00 बजे के लगभग घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज बाजार में अप्पे पलट जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज की तरफ से सवारी भर कर जा रही अप्पे गाड़ी ग्लास फैक्ट्री इरादतगंज मार्केट में जैसे पहुंची उसके आगे आगे जा रहा स्कूटी सवार अचानक ब्रेक लेकर मुड़ने लगा जिससे अप्पे चालक अचानक ब्रेक ले लिया जिससे गाड़ी डिवाइडर पर जाकर पलट गई। गाड़ी में कुछ सवारी के साथ धनुहा स्थित एक डिग्री कॉलेज से परीक्षा देकर बी ए की छात्राएं लौट रही थी। जिसमें पुरवा थाना औद्योगिक क्षेत्र की एक छात्रा भी परीक्षा देकर लौट रही थी जिसका पैर अप्पे के नीचे दब जाने से टूट गया एवं चेहरे पर भी काफी चोटें आई हैं। बुंदावा गांव का एक युवक बैठा था उसका सर फट गया। गौहनिया के बकैनिहा गांव की एक महिला अपने 3 वर्षीय बच्ची के साथ बैठी थी उसके बाएं कंधे में गंभीर चोट लग गई। बाजार वासियों ने पुलिस को सूचना करके सभी को अस्पताल भिजवाया।

तिहाड़ से सीएम का संदेश: 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल... मैं आतंकवादी नहीं हूं', सांसद संजय सिंह ने पढ़ी चिट्ठी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए मुख्यमंत्री का संदेश जनता के लिए पढ़ा। उन्होंने संदेश में पढ़ा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवाद नहीं हूं। आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले Electoral Bond, जिसके ज़रिए BJP को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे

आगे कहा कि नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित कर उनको और आप के नेताओं को अपमानित व मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री अरविंद केजरीवाल को जितना तोड़ने की कोशिश करेंगे, वो और मजबूत होकर उनसे लड़ाई लड़ने का काम करेंगे। केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा सलूक आप के लिए कष्ट देने और मोदी और भाजपा के लिए शर्म करने की बात है। मोदी के इस तानाशाही कार्य की आप निंदा करती है, इससे अरविंद केजरीवाल न टूटेंगे और न झुकेंगे।

गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़ते हुए संजय सिंह ने कहा कि मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं। प्रधानमंत्री और उनकी 10 साल की सरकार ने देश के लिए कुछ नहीं किया। आगे कहा कि आजादी के बाद देश के सबसे बड़े घोटाले इलेक्टोरल बॉन्ड, जिसके ज़रिए भाजपा को रिश्वत दी गई। उसके पक्ष में देश के प्रधानमंत्री खड़े हैं, उसका बचाव कर रहे हैं। ये महाघोटाला है। फिर भी प्रधानमंत्री बेशर्मी से इसके पक्ष में खड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना और मणिपुर की समस्या समेत देश के मुद्दों पर कुछ नहीं बोला है। केंद्र सरकार का अरविंद केजरीवाल के प्रति नफरत, दुर्भावना और तानाशाही का रवैया है।

संजय सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन से पूछा कि आपने दिल्ली और पंजाब के चुने हुए मुख्यमंत्रियों की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई। क्या जेल प्रशासन बता सकता है कि आज से पहले किस मुख्यमंत्री की इस तरह मुलाकात कराई गई। आप आज मुझे एक नाम बता दीजिए।

संजय सिंह ने भाजपा और पीएम मोदी को घेरा

संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने ही देश के एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ जेल में आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। भाजपा और नरेंद्र मोदी नफरत से भरे हैं, तभी केजरीवाल से उनके परिवार और पंजाब के सीएम भगवंत मान से मुलाकात शीशे की दीवार खड़ी करा रहे हैं।

सुनीता केजरीवाल कर सकती हैं गुजरात में प्रचार

नई दिल्ली। देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार तेजी से चल रहा है। इसी बीच आम आदमी पार्टी की ओर से एक बड़ी खबर सामने आई है कि सुनीता केजरीवाल गुजरात में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार कर सकती है। आप गुजरात के स्टार प्रचारकों की लिस्ट आज जारी होगी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से आप विधायकों के लिए संदेश भेजा। बीते दिनों उन्होंने पत्नी सुनीता केजरीवाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से बात की। इसमें मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपील की कि वे लोगों के काम करें। सीएम से बात करने के बाद सुनीता मीडिया के समक्ष आईं। सुनीता के मुताबिक, सीएम ने कहा है कि लोगों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। हर विधायक रोजाना इलाकों का दौरा करें। लोगों से पूछकर मौके पर ही समस्याओं का तत्काल समाधान करें। सुनीता ने कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोगों को सीएम अपना परिवार मानते हैं। सेहत खराब होने के बावजूद वे जनता की समस्याओं को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। विधायकों को खूब काम करना है, ताकि लोगों को किसी तरह की समस्या न हो। वहीं, मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री जेल में होकर भी दिल्लीवालों के लिए फिक्रमंद हैं, जबकि खुद उनकी ही सेहत खराब है।

मॉब लिंचिंग की घटना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों को आदेश- उठाए गए कदमों से कराएं अवगत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में मुस्लिमों के खिलाफ गौ रक्षा के नाम पर हो रही हत्या और बढ़ती मॉब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में कई राज्य सरकारों को छह सप्ताह का समय दिया है। अदालत का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में की गई कार्रवाई से छह सप्ताह के अंदर अवगत कराएं।

एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा (मॉब लिंचिंग) और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं में शीर्ष अदालत के वर्ष 2018 के फैसले के अनुरूप राज्यों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा, 'हमने पाया कि ज्यादातर राज्यों ने मॉब लिंचिंग के उदाहरण देने वाली रिट याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर नहीं किया है। राज्यों से यह उम्मीद की गई थी कि वे कम से कम समय में इसका जवाब देंगे कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की है। एक बार फिर हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।' शीर्ष अदालत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पिछले साल केंद्र और महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश और हरियाणा के डीजीपी को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा गया था।

मध्य प्रदेश सरकार को फटकार

पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील से सवाल किया कि बिना यह जांच किए बिना कि वो गौमांस था या नहीं, गोहत्या के लिए प्राथमिकी कैसे दर्ज की गई और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की गई। पीठ ने आगे कहा कि क्या आप किसी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं? आप बिना जांच के गोहत्या के लिए प्राथमिकी कैसे दर्ज कर सकते हैं। पाशा ने कहा कि ऐसी घटना हरियाणा में भी घटी। यहां गोमांस ले जाने का मामला दर्ज किया गया, न कि मॉब लिंचिंग का।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि मध्य प्रदेश में कथित मॉब-लिंचिंग की घटना हुई थी, लेकिन पीड़ितों के खिलाफ गोहत्या के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य को मॉब लिंचिंग की घटना से इनकार करना है, तो तहसीन पूनावाला मामले में 2018 के फैसले का पालन कैसे किया जा सकता है। गौरतलब है, पूनावाला मामले में, शीर्ष अदालत ने राज्यों को गोरक्षा और भीड़ द्वारा हत्या की घटनाओं की जांच करने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं।

अन्य धर्म के लोगों की मॉब लिंचिंग का कोई उल्लेख नहीं

न्यायमूर्ति कुमार ने पाशा से कहा कि याचिकाओं में सभी घटनाओं का उल्लेख किया जाना चाहिए। एक राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अर्चना पाठक दवे ने कहा कि रिट याचिका में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मुस्लिम पुरुषों के साथ मॉब लिंचिंग की घटना होती है। अन्य धर्म के लोगों की मॉब लिंचिंग का कोई उल्लेख नहीं है। पाशा ने कहा कि यह समाज की वास्तविकता है और विशेष समुदायों के खिलाफ घटनाओं को अदालत के समक्ष लाया जा सकता है।

अपनी दलीलों में संयम बरतें

पीठ ने दवे से कहा कि वह अपनी दलीलों में संयम बरतें और कहा कि धर्म के आधार पर घटनाओं में नहीं जाएं। हमें बड़े कारण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद के लिए स्थगित कर दी और आदेश दिया कि राज्यों को भीड़ द्वारा हत्या की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों पर अपना जवाब दाखिल करना चाहिए।

ममता के भतीजे अभिषेक के खिलाफ अभिजीत, BJP की 12वीं लिस्ट में किन उम्मीदवारों को मिली जगह

नई दिल्ली। 2024 की सबसे बड़ी चुनावी लड़ाई को शुरू होने में अब महज 3 दिन ही बचे हैं। इससे पहले आज भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की 12वीं सूची जारी कर दी। इसमें सबसे खास सीट पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर है जहां टीएमसी के अभिषेक बनर्जी के खिलाफ पार्टी ने अभिजीत दास को मैदान में उतारा है।

बता दें कि ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि अगर उन्हें कोई उम्मीदवार नहीं मिल रहा है तो वह अमित शाह को टिकट दे सकते हैं। वहीं यूपी की देवरिया सीट से शशांक मणि त्रिपाठी को टिकट मिला है। भाजपा ने अपनी 12वीं लिस्ट में 4 राज्यों को शामिल किया है जिसमें 7 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है।

कब से शुरू हो रहे चुनाव, नतीजे किस तारीख को?

लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा जो 7 चरणों में पूरा होगा। 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 25 मई और 1 जून को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 4 जून को आएंगे। मुकाबला एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन होगा। मोदी के नेतृत्व में एनडीए 400 पार के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो वहीं इंडिया को भी बड़ी जीत की उम्मीद है।

लोकसभा सीट उम्मीदवार का नाम

सतारा (महाराष्ट्र)	छत्रपति उदयनराजे भोंसले
खडूर साहिब (पंजाब)	मनजीत सिंह मन्ना मियाविंड
होशियारपुर (पंजाब)	अनीता सोम प्रकाश
बठिंडा (पंजाब)	परमपाल कौर सिद्ध आईएएस
फिरोजाबाद (यूपी)	ठाकुर विश्वदीप सिंह
देवरिया (यूपी)	शशांक मणि त्रिपाठी
डायमंड हार्बर (यूपी)	अभिजीत दास

ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की नई सूची जारी

नई दिल्ली। भाजपा ने मंगलवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में पूर्व केंद्रीय कोयला मंत्री दिलीप रे का भी नाम शामिल है। पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए दिलीप रे को राउलकेला निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है।

राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले दलबदलुओं को भी टिकट दिया गया है। इन नेताओं में अमरंद्र दाश (जगतसिंहपुर), डंबरू सीसा (चित्राकोंडा), कलिलाश कुलेसिका (लक्ष्मीपुर), भादव हंसदाह (सरस्काना) और जगन्नाथ नुद्रुका (बिस्सम कटक) का नाम शामिल है।

राउलकेला से दिलीप रे ओडिशा के श्रम मंत्री और बीजद उम्मीदवार शारदा नायक के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने पिछली सूची के दो उम्मीदवारों को भी बदल दिया है। इसके अनुसार, रणपुर से सुरमा पाढ़ी की जगह तापस रंजन मार्था और पोट्टांगी से चैतंय हंतल की जगह चैतन्य नंदीबली चुनाव लड़ेंगे। दो महिला उम्मीदवार सुरमा पाढ़ी और संजाली मुर्मू को भी भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया है।

बता दें कि भाजपा ने अबतक ओडिशा की 147 विधानसभा सीटों के लिए 131 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने राज्य में इससे पहले 21 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। बता दें कि राज्य में ओडिशा विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ चार चरणों में 13, 20, 25 मई और 1 जून को होंगे। इसके अलावा भाजपा ने तेलंगाना और उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

हैदराबाद लाया गया अमेरिका में मृत पाए गए भारतीय छात्र का शव, 7 मार्च से लापता था अब्दुल अरफात

हैदराबाद। इसी साल अप्रैल महीने की शुरुआत में यूएस के क्लीवलैंड में मृत पाए गए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मंगलवार को हैदराबाद में उनके आवास पर लाया गया। अरफात कथित तौर पर 7 मार्च से लापता था और 2023 में क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी में मास्टर डिग्री के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका गया था। मृतक अरफात के पिता ने सरकार से आग्रह किया था कि उनके बेटे की मौत के बाद उसका शव भारत वापस लाया जाए। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह मोहम्मद अब्दुल अरफात की मौत के बारे में जानकर दुखी हैं और उनकी मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिनके लिए खोज अभियान चल रहा था, ओहियो के क्लीवलैंड में मृत पाए गए।

'चुनावी बॉन्ड योजना समाज का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार', प्रधानमंत्री मोदी के आरोपों पर कांग्रेस का पलटवार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा था। अब उनकी टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बुधवार को आरोप लगाया कि यह योजना सबसे संस्थागत भ्रष्टाचार है, जिसे लोकतंत्र में अंजाम दिया जा सकता है।

चुनावी बॉन्ड योजना पारदर्शी नहीं थी

इस दौरान तिवारी ने योजना को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि जब साल 2017 में इस योजना को लाया गया था तब हमने इसका पूरी तरह से विरोध किया था क्योंकि इसमें कोई पारदर्शिता नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस बात को सिद्ध करता है कि चुनावी बॉन्ड योजना अपारदर्शी थी। इस मामले में पैसे लेने वाले और देने वाले दोनों का पता नहीं चल पाया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह साबित हो चुका है कि एक तरफ ईडी और सीबीआई जाते हैं और दूसरी तरफ चुनावी बॉन्ड आते हैं।

राहुल गांधी एक गंभीर नेता

उन्होंने आगे कहा, 'चुनावी बॉन्ड योजना सबसे संस्थागत भ्रष्टाचार है, जिसे लोकतंत्र में अंजाम दिया जा सकता है। मैं शुक्रगुजार हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया।' इसके अलावा, तिवारी ने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी एक बहुत ही गंभीर नेता हैं और भाजपा उन्हें नियमित रूप से निशाना बनाती है क्योंकि वे उनसे डरते हैं।

पैदल चलकर लोगों का समझा दुख

मनीष तिवारी ने आगे कहा, 'किसी ने तीन हजार किलोमीटर पैदल चलकर इस देश के दुख-दर्द को समझने की कोशिश की है। चंद्रशेखर के बाद 1983 में राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा की। अगर वे राहुल को निशाना बनाते हैं तो इसका मतलब है कि वे राहुल से डरे हुए हैं।' कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि भाजपा केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में एक सीट भी नहीं जीतेगी।

पीएम मोदी ने लगाया था ये आरोप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी बॉन्ड योजना को लेकर विपक्षी दलों पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब ईमानदारी से विचार किया जाएगा तो सभी को इसका पछतावा होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना का उद्देश्य चुनावों में काले धन पर अंकुश लगाना था। विपक्ष आरोप लगाकर भागना चाहता है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा कार्रवाई किए जाने पर दान देने वाली 16 कंपनियों में से केवल 37 प्रतिशत राशि भाजपा को गई और 63 प्रतिशत भाजपा के विरोध में विपक्षी दलों को मिली।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की एक और बड़ी सफलता, रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल किया तैयार

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दिन-ब-दिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। अब इसरो ने एक और सफलता पाई है। उसने रॉकेट इंजनों के लिए हल्का नोजल तैयार किया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि रॉकेट इंजनों के लिए हल्के कार्बन-कार्बन (सी-सी) नोजल के विकास के साथ रॉकेट इंजन प्रौद्योगिकी में बड़ी सफलता हासिल की है, जिससे पेलोड क्षमता बढ़ी है।



लॉन्च वाहनों की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा

इसरो ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा तैयार किया गया यह रॉकेट इंजन के महत्वपूर्ण मापदंडों को बढ़ाने का दावा करता है। इससे लॉन्च वाहनों की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सकेगा। आगे कहा गया कि तिरुवनंतपुरम स्थित वीएसएससी ने कार्बन-कार्बन (सी-सी) कंपोजिट जैसी उन्नत सामग्रियों का लाभ उठाकर नोजल डाइवर्जेंट बनाया।

ऐसे तैयार किया नोजल

ग्रीन कंपोजिट के कार्बोनाइजेशन और उच्च तापमान उपचार जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग करके, इसने कम घनत्व, उच्च विशिष्ट शक्ति और उत्कृष्ट कठोरता के साथ एक नोजल तैयार किया है, जो ऊंचे तापमान पर भी यांत्रिक गुणों को बनाए रखने में सक्षम है।

हमें कौशल विकसित करने की आवश्यकता

इसरो प्रमुख सोमनाथ मंगलवार को 42वीं अंतर-एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति (आईएडीसी) की उद्घाटन बैठक में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था, 'जब आप भविष्य के अन्वेषण पर विचार कर रहे हों, तो संभवतः पृथ्वी-चंद्रमा प्रणाली और सौर ग्रह अन्वेषण की तरह पृथ्वी की कक्षा से परे जाने के लिए हमें कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि उन सभी क्षेत्रों में भी भीड़ हो रही है। खासकर चांद के क्षेत्र में। मेरा मानना है कि यह समूह आने वाले दिनों में उस पहलू को और अधिक विस्तार से देखेगा।'

अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना लक्ष्य

इस दौरान इसरो प्रमुख ने एलान किया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा था, '2023 तक सभी भारतीय अभिनेताओं, सरकारी और गैर-सरकारी की मदद से अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है। मलबा पैदा न हो इसे सुनिश्चित करने के लिए भारत तंत्र और ढांचा बना रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि हम अंतरिक्ष प्रणालियों के भीतर तंत्र और संरचनाएं बना रहे हैं ताकि बड़ी संख्या में मलबा पैदा न हो सके। पिछले कई सालों से बहुत कुछ अच्छा चल रहा है। हमें आने वाले दिनों में इन सभी गतिविधियों को और मजबूत करने की जरूरत है।

'पृथ्वी की कक्षा से आगे जाने के लिए कौशल विकसित करने की जरूरत', आईएडीसी की बैठक में बोले सोमनाथ

बंगलूरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि विश्व अंतरिक्ष समुदाय को पृथ्वी की कक्षा से परे जाने के लिए कौशल विकसित करने की जरूरत है।

इसरो प्रमुख सोमनाथ 42वीं अंतर-एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति (आईएडीसी) की उद्घाटन बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, 'जब आप भविष्य के अन्वेषण पर विचार कर रहे हों, तो संभवतः पृथ्वी-चंद्रमा प्रणाली और सौर ग्रह अन्वेषण की तरह पृथ्वी की कक्षा से परे जाने के लिए हमें कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि उन सभी क्षेत्रों में भी भीड़ हो रही है। खासकर चांद के क्षेत्र में। मेरा मानना है कि यह समूह आने वाले दिनों में उस पहलू को और अधिक विस्तार से देखेगा।' इस दौरान इसरो प्रमुख ने एलान किया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है।

आने वाले दिनों में सभी गतिविधियों को और मजबूत करने की जरूरत

उन्होंने कहा, '2023 तक सभी भारतीय अभिनेताओं, सरकारी और गैर-सरकारी की मदद से अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है। मलबा पैदा न हो इसे सुनिश्चित करने के लिए भारत तंत्र और ढांचा बना रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि हम अंतरिक्ष प्रणालियों के भीतर तंत्र और संरचनाएं बना रहे हैं ताकि बड़ी संख्या में मलबा पैदा न हो सके। पिछले कई सालों से बहुत कुछ अच्छा चल रहा है। हमें आने वाले दिनों में इन सभी गतिविधियों को और मजबूत करने की जरूरत है।

400 किलोमीटर की कक्षा सुरक्षित

इसरो प्रमुख ने यह सुनिश्चित करने का भी प्रस्ताव दिया कि लगभग 400 किलोमीटर की कक्षा सुरक्षित है ताकि अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अधिक अंतरिक्ष स्टेशन आ सकें। उन्होंने कहा, 'आने वाले दिनों में अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लक्ष्य के साथ हम कक्षाओं को देखते हैं जहां 400 किमी की ऊंचाई पर और भी अंतरिक्ष स्टेशन बनने वाले हैं। मुझे लगता है कि अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति के लिए इस क्षेत्र को संरक्षित किया जाना चाहिए।'

मतदान के लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी होंगे मान्य: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा जनहित में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

ये हैं वैकल्पिक दस्तावेज

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, सांसदो/विधायकों/ विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान-पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड को मान्य किया गया है।

फोटोग्राफ मैच न होने पर प्रस्तुत करना होगा वैकल्पिक दस्तावेज

डीएम ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने के लिए स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत प्रवासी निर्वाचक की पासपोर्ट से ही होगी पहचान

उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) केआधार पर ही पहचाना जायेगा।

मतदाताओं की सुविधा को बीएलओ के जरिए बटेगी मतदाता पर्ची

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

त्वरित कार्यवाही, मर्चेण्ट से पत्राचार कर से साइबर तकनीक से रुपये एकाउण्ट में वापस

बाराबकी। डेबिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर पीड़िता के बैंक खाते से निकाले गये 71,972/-रुपए को साइबर थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता के बैंक खाते में वापस कराया गया जानकारी से पीड़िता क निवासिनी विकास भवन कोठीडीह थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा साइबर अपराधियों द्वारा डेबिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्रॉड/ऑनलाइन धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 71,972/- रुपए रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में शिकायत की गई। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा साइबर थाना बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़िता की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में प्राप्त शिकायती पत्र पर साइबर थाना,बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित मर्चेण्ट से पत्राचार कर साइबर तकनीक का त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 71,972/- रुपए को उनके एकाउण्ट में वापस कराया गया।

नवरात्रि : आठवें दिन श्रद्धालुओं ने की मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी देवी की आराधना

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। नवरात्रि के आठवें दिन जनपद के श्रद्धालुओं ने आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी देवी की विधि विधान पूर्व वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच पूजा अर्चना कर व्रत को धारण करके अपनी सुख समृद्धि की कामना किया। नवरात्रि के आठवें दिन आदि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी देवी की पूजा अर्चना किए जाने का विधान पुराणों में मिलता है इनकी उपासना से भक्तों के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं मां भगवती का यह शक्ति रूप भक्तों को तुरंत अमोघ फल देने वाला होता है मार्ग पर भटके हुए जातक संमार्ग पर आ जाते भविष्य में पाप संताप निर्धनता दीनता और दुख उनके पास नहीं भटकते उनकी कृपा से साधक सभी प्रकार के पवित्र और अक्षय पुण्यो का अधिकारी हो जाता है उसे अलौकिक सिद्धियो की प्राप्ति हो जाती है माता महागौरी का अति सौंदर्यवान शांत करुणामई स्वरूप भक्त की समस्त मनोकामना पूर्ण करता है ताकि वह अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ सके कंद फूल चंद्र अथवा श्वेत शंख जैसे निर्मल गौर वर्ण वाली महागौरी के समस्त वस्त्र आभूषण और यहां तक कि इनका वाहन भी हिम के समान सफेद रंग वाला बैल माना गया है इनकी चार भुजाएं हैं इनमें ऊपर के दाहिने हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाला बाया हाथ वर मुद्रा में रहता है माता महागौरी मनुष्य की प्रवृत्ति सत्य की ओर प्रेरित करके शस्त्र का विनाश करती हैं माता महागौरी की उपासना से भक्तों को अलौकिक सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं।

ब्लाक में भ्रष्टाचार का बिछा जाल, एडीओ पंचायत की सरपरस्ती में फल-फूल रहा सचिवों का भ्रष्ट कारोबार...

लोकमित्र ब्यूरो

पलियाकलां-खीरी। जिले की विकास खण्ड पलिया की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीण ब्लाक अधिकारियों की भ्रष्ट कार्यशैली से खासे आक्रोशित हैं। ग्रामीणों के अनुसार विकासखंड पलिया के भ्रष्टाचारी सचिवों को सहायक विकास अधिकारी पंचायत सर्वेश कुमार के संरक्षण के चलते भ्रष्टाचार का कारोबार फल फूल रहा है वही संबंधित ग्राम पंचायत के पीड़ितों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी द्वारा अज्ञात कारणों से मौन साधे होना भी बताया गया। पीड़ितों के अनुसार एक ग्राम पंचायत में गाँव के नामी गिरामी लोगों के पुराने शौचालयों को नवनिर्मित दर्शाकर उन्हें शौचालय अनुदान धनराशि का भुगतान किया गया है। वहीं एक अन्य पंचायत में एक ही फर्म को नल मरम्मत, ह्यूम पाइप सप्लाई, विधुत स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, स्टेशनरी का भुगतान किया गया वहीं एक अन्य पंचायत में एक ही मरम्मत कार्य के नाम पर सात महीने के अंदर एक ही निर्माण कार्य के नाम पर दो बार भुगतान करते हुये चहेती फर्म को निर्माण कार्यों, लेबर भुगतान, रंगाई पुताई आदि विभिन्न मदों का भुगतान अनियमित रूप से करते हुये शासकीय धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों की मानें तो इनमें से कई फर्मे एडीओ की चहेती बताई जाती हैं। अनियमित भुगतान के संदर्भ में सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारियों से वार्ता करने पर एक सचिव ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उच्चाधिकारियों के कहने पर भुगतान किया गया है।

प्रकरण के संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी सर्वेश कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो वह कार्यालय में नहीं मिले और न ही उनका फ़ोन उठ सका, काफी प्रयासों के बाद उन्होंने बताया कि मैं प्रशिक्षण में आया हूँ प्रकरण की जांच करवाऊंगा।

11 वर्षीय लड़की के साथ 30 वर्षीय अधेड़ की तय की गई थी शादी

धौरहरा-खीरी। तहसील धौरहरा के विकास खण्ड ईसानगर के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा अपनी नाबालिग बेटी की शादी अधेड़ उम्र के व्यक्ति से करने के एवज में उसे दो लाख रुपए प्राप्त करने की सूचना प्राप्त होने से जिले से बाल विवाह समिति की टीम व ईसानगर पुलिस ने लडकी व उसके पिता को साथ लेकर चली गई जिससे गांव में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धौरहरा के विकास खण्ड ईसानगर की ग्राम पंचायत बेलाहार निवासी जयप्रकाश यादव ने अपनी 11 वर्षीय पुत्री रेनू की शादी खनियापुर निवासी रामचंद्र यादव के 30 वर्षीय पुत्र सोमनाथ के साथ मु0 दो लाख रुपए लेकर तय की थी व बारात आगामी 18 अप्रैल 2024 को आनी थी जिसकी भनक ग्रामीणों द्वारा जिला मुख्यालय दी गई। मंगलवार मे बाल विवाह समिति के पदाधिकारियों व ईसानगर पुलिस टीम द्वारा गांव से ही 11 वर्षीय नाबालिग लड़की व उसके पिता जयप्रकाश को लेकर जिला मुख्यालय रवाना हो गई है।

नोडल एआरपी द्वारा संकुल शिक्षकों के सम्मान की अनूठी पहल

लोकमित्र ब्यूरो

तिकुनियां-खीरी। न्याय पंचायत गुलरिया पत्थरशाह की अप्रैल माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन महानिदेशक स्कूल शिक्षा व राज्य परियोजना निदेशक महोदय द्वारा निर्गत बिंदुवार एजेंडा के अनुरूप उच्च प्राथमिक विद्यालय बदालपुरवा में खण्ड शिक्षा अधिकारी निघासन की अध्यक्षता में किया गया।बैठक का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलचन्द ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। उसके उपरांत एआरपी मधुरेश शुक्ल ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। नोडल एआरपी मधुरेश शुक्ल ने न्याय पंचायत में निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति,नवाचार द्वारा शैक्षणिक उन्नति एवम गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए सभी संकुल शिक्षकों को अंग वस्त्र व डायरी देकर सम्मानित किया । खण्ड शिक्षा अधिकारी ने निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति , टेबलेट के प्रयोग, शिक्षक डायरी, प्रेरणा पोर्टल के प्रयोग की

वर्तमान स्थिति पर विद्यालयवार विवेचना की और नवाचारों के प्रयोग द्वारा नामांकन वृद्धि का सुझाव दिया । एआरपी मधुरेश शुक्ल द्वारा निपुण लक्ष्य एप के प्रयोग, दीक्षा ट्रेनिंग, चहक कार्यक्रम के विषय में ,संकुल शिक्षक सुधांशु पंत द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान ,संकुल शिक्षक शरद प्रकाश द्वारा फाइव प्वाइंट टूल किट , संकुल शिक्षक कपिल द्विवेदी द्वारा संक्रामक रोग से बचाव, संकुल शिक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा स्कूल रेडीनेस की अवधारणा को स्पष्ट किया गया। आदर्श श्रीवास्तव ने शिक्षक डायरी का प्रभावी शिक्षण में उपयोग विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया। कमलेश कुमार ने विद्यार्थी उपिस्थति में वृद्धि के उपाय बताए गए,रूप किशोर ने निपुण संवाद,राजेश मोहिले ने रीड अलोंग एप के प्रयोग,किरन कुमारी ने पियर लर्निंग,वैभव कुमार ने बिग बुक के प्रभावशाली उपयोग,अमित कुमार ने पोस्टर द्वारा रोचकता के साथ प्रभावशाली शिक्षण विधि, नवीन कुमार ने विज्ञान किट का प्रयोग,बालकराम ने गणित किटके प्रयोग पर प्रकाश डाला। बैठक का संचालन संकुल शिक्षक जितेंद्र कुमार ने कि

03 वर्षीय गुमशुदा बच्ची को 03 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद करके पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी,गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व गुमशुदा/अपहृत बालको/व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.04.2024 को थाना खीरी पुलिस बल द्वारा परिजनों से बिछड़ी 03 वर्षीय बच्ची को सूचना प्राप्ति के 03 घंटे के अन्दर परिजनों का पता लगाकर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। दिनांक 16-04-2024 को सूरज पुत्र मुरली निवासी ग्राम महसी थाना लहरपुर जिला सीतापुर अपने परिवार के साथ ग्राम महोला में अपने रिश्तेदार सुरेन्द्र कुमार नि0 ग्राम महोला थाना व जिला खीरी के घर ग्राम महोला मेला देखने आये थे। मेले में भीड़ होने के कारण उनकी 03 वर्षीय बच्ची उनसे बिछड़ गयी। परिजनों से बच्ची के बिछड़ने की सूचना पर तत्काल थाना खीरी पुलिस मौके पर पहुँची तथा चाइल्ड हेल्प लाइन टीम भी मौके पर पहुँच गयी , सोशल मीडिया व अन्य जानकारी तथा अथक प्रयासों से बालिका पूर्वी उम्र 03 वर्ष के परिजनों सूरज पुत्र मुरली नि0 ग्राम महसी थाना लहरपुर जिला सीतापुर व सुनीता पत्नी सूरज नि0 उपरोक्त को ढूँढकर सुपुर्द की गयी।

अग्निदेव का तांडव तीन दर्जन किसानों का जला गेहूँ

धौरहरा-खीरी। पछुआ हवाओं के तेज थपेड़ो से तहसील क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन किसानों की पकी खडी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई आग लगने की सूचना पर तहसील प्रशासन ने पीड़ित व प्रभावित किसानों के खेतो में हुए नुकसान के आकलन को विभागीय टीम जुट गई। प्राप्त विवरण के अनुसार वर्तमान समय में किसानों द्वारा बोई गई गेहूं की फसल खेतों में एकदम तैयार है। मंगलवार सुबह से तेजी से चल रहे पछुआ हवा के तेज थपेड़ो से लगभग एक बजे तहसील क्षेत्र के बेलागढी के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से लगभग तीन दर्जन किसानों द्वारा बोई गई गेहूं की खडी फसल जलकर भस्म हो गई।आग लगने की इतनी बडी घटना से तहसील प्रशासन व फायर ब्रिगेड आनन फानन में मौक़े पर पहुंच कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस मामले में जानकारी करने पर तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि बेलागढी में घटी घटना बडी है।

स्मैक व अवैध असलहो के साथ पकड़े गये तीन आरोपी

लोकमित्र संवाददाता

धौरहरा-खीरी। लोकसभा चुनाव चुनाव आयोग के निर्देश को लेकर सतर्क पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा निर्देशित क्रम में बीते 14-04-24 में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को अवैध असलहा व स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

कोतवाली से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार व लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सक्रिय पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा द्वारा वांछित/ वारंटी/ संग्दिध व्यक्ति/ चेकिंग/ वाहन वस्तु के अनुपालन में कोतवाली प्रभारी दिनेश सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक ब्रम्हानंद यादव/उप निरीक्षक मोहन सिंह व चौकी प्रभारी कस्बा रामजीत यादव द्वारा रात्रि गस्त के दौरान रमाकांत विश्वकर्मा पुत्र मनोहर लाल निवासी हरदी के पास से अवैध असलहा 12 बोर 2 कारतूस 315 के बरामद व इतवारी पुत्र हेमराज निवासी लोकईपुरवा से 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया गया है। चौकी प्रभारी द्वारा नगर पंचायत धौरहरा के नवसृजित मोहल्ला फतेह नगर निवासी वसीम उर्फ भुट्टो पुत्र मंजूर खां के पास 25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक लिखापडी कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम में सिपाही जमील अख्तर, विवेक मिश्र,राम औतार, इमरान अली, रवीन्द्र कुमार, कपिल कुमार, रोहित कुमार आदि पुलिस टीम मौजूद रहे।

सच्चे प्रेम से ही होंगे प्रभू के दर्शन-विभू कृष्ण

लोकमित्र संवाददाता

तिकुनियां-खीरी। राम केवल प्रेम के भूखे है प्रेम के चलते ही उन्होंने निषादराज, केवट, शबरी आदि लोगो को दर्शन दिये। कस्बे के मां सुथना देवी मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा में वृंदावन से आए कथावाचक विभू कृष्ण ने ईश्वर से सच्चा प्रेम करने को कहा जिससे प्रभू के दर्शन हो सके। कथावाचक विभू कृष्ण ने कहा कि श्रीराम वन गए तो श्रृंगवेरपुर में निषादराज गुह ने भगवान को धरती पर शयन करते देख दुःखी हुए और मां कैकई को दोष देने लगे तो लक्ष्मण ने कहा कि कोई किसी को दुख सुख नही देता,व्यक्ति अपने कर्मो का फल भोगता है। कथावाचक ने केवट का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि निस्वार्थ प्रेमी ही भगवान के दर्शन पाता है। उन्होंने कहा कि जब श्रीराम वाल्मीकि आश्रम गए तो वाल्मीकि ने भी उनसे कहा कि आप जिनको प्राणों से ज्यादा प्रिय हो,उनका हृदय ही आपका सुंदर घर है। कथा में महंत बृजेश गिरी,डीपी गोयल, विनोद रुहेला, शिवा, चंद्रहास, मुख्तियार सिंह, आरपी मिश्र, आशीष गर्ग, अशोक अग्रवाल सहित तमाम महिला पुरुष मौजूद रहे।

डीएम ने एलपीजी डिलीवरी वाहनों पर जागरूकता संदेश का स्टीकर चिपकाकर एवं हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बाराबंकी। मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय से एल०पी०जी० डिलीवरी वाहनों पर जागरूकता संदेश का स्टीकर चिपकाकर एवं हरी झण्डी दिखाकर उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु भेजा गया। इस मतदाता जागरूकता यात्रा में शहर में स्थित गैस एजेन्सियों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेन्सियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इसका उद्देश्य आज से प्रत्येक घरेलू गैस सिलेण्डर पर जागरूकता संदेश अंकित कर गृहणियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करना है। जिला पूर्ति अधिकारी डा० राकेश तिवारी द्वारा बताया गया कि जनपद में तीनों गैस कम्पनियों की 60 एजेन्सियां है, जिनमें 4,90,489 नियमित उपभोक्ता एवं 3,34,399 उज्जवला के उपभोक्ता पंजीकृत है।

प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज का सीडीओ का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए डीएस कॉलेज लखीमपुर में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन की प्रथम पॉली में कोड संख्या 2001 से 3000 तक और द्वितीय पाली में कोड संख्या 3001 से 4000 तक के पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ कॉलेज के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कक्षों के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने प्रशिक्षण प्राप्त कर

रहे पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम से मॉकपोल सर्टिफिकेट, सीयू में पावर पैक रिप्लेसमेन्ट, मतदान पूरा होने के बाद क्लोज बटन को दबाना, ईवीएम व वीवी पैट का रिप्लेसमेण्ट करने, मतदान प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में पीठासीन अधिकारी की घोषणा, मशीन के प्रतिस्थापना के उपरान्त की जाने वाली घोषणा, मतदान समाप्ति पर घोषणा, मतदान के उपरान्त मशीन को मुहरबन्द करने की प्रकिया इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यदि कोई शंका है तो आप प्रशिक्षण कक्ष छोड़ने से पहले उसको अवश्य दूर कर लें।

सीडीओ ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने में पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। निर्वाचन के दौरान मतदान जैसे चैलेन्जिंग कार्य को आयोग की मुशानुरूप सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक है कि सभी पीठासीन और मतदान अधिकारी (प्रथम) मतदान प्रक्रिया विशेषकर ई.वी.एम. संचालन से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी में दक्षता प्राप्त कर लें। मास्टर्स ट्रेनर्स को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए बीच-बीच में कार्मिकों से सवाल जवाब भी किय जायें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित बुलेट प्वाईट पर प्रश्नोत्तरी तैयार कर लें इससे प्रशिक्षण की गुणवत्ता बेहतर से और बेहतर हो सकेगी।निरीक्षण के दौरान पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीसी विपिन चौधरी, राजेंद्र श्रीवास, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, प्रधानाचार्य आईटीआई मौजूद रहे।

अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में दूसरे दिन मंगलवार को हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए बुधवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताते चलें कि प्रथम पाली में 63 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 79 कार्मिक अनुपस्थित रहे। बताते चलें कि प्रथम दिन अनुपस्थित रहे 10 कार्मिकों ने अपना प्रशिक्षण प्राप्त किया। वही अवसर मिलने के बाद भी अनुपस्थित कार्मिकों पर सीडीओ ने विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

रक्तदान शिविर का आयोजन , जांचोपरांत 18 लोग रक्तदान कर बने महादानी

बाराबकी। भाकियू के बैनर तले जिला अस्पताल में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया।रक्तदान कैम्प में 24 किसानों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया तथा जांचोपरांत 18 लोग रक्तदान कर महादानी बने। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व व प्रभारी रक्तकोष डॉ वीपी सिंह की देखरेख में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।सुबह 10 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में 24 किसानों ने रक्तदान हेतु आवेदन किया तथा जांचोपरांत 18 लोग स्वैच्चिक रक्तदान कर महादानी बने। रक्तदान करने वालो में मुख्य रूप से कौशल किशोर, हरिनाम, बाबादीन, राज वर्मा, अमरीश कुमार, गुड्डू, अभिलाष कुमार, सियाराम, हिमान्शु पटेल, इजहार अली ,सत्यार्थ शील, दीपू वर्मा पूर्व प्रधान,सरवन शर्मा, अभिषेक, रामू वर्मा, सुनील, देवदत्त, नासिर, रहमत अली आदि शामिल रहे।

कांग्रेस, सपा और बसपा के जोनल कोऑडिनेटर समेत कई पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के बीच दल बदलने के दस्तूर तहत मंगलवार को भी सपा, बसपा और कांग्रेस के तमाम लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें बसपा को जोनल कोऑडिनेटर विजय कुमार (कुशीनगर) और अंबेडकर नगर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा वर्मा समेत तमाम जिलों के पदाधिकारी भी शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं से जन-जन का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब और किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए मोदी की गारंटी है। प्रत्येक सेक्टर को मजबूती देने की गारंटी है। उन्होंने सभी नावगंतुकत सदस्यों का सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जुड़कर काम करने और अपने-अपने क्षेत्रों व बूथों पर जाकर भाजपा को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य उपस्थित रहे।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख लोगों में बसपा के जोनल कोआर्डिनेटर व जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू व नीरज प्रजापति (बांदा), नगर पालिका परिषद उन्नाव पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी अनीता द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य आदित्य यादव (आजमगढ़), नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय सोनी (प्रतापगढ़), सपा के प्रदेश महासचिव दया शंकर सिंह यादव (गाजीपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सिंह पटेल (मीरजापुर) समेत तमाम लोग शामिल हैं। इनके अलावा बहुत संख्या में बसपा, सपा और कांग्रेस के जिला पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सदस्यता ली।

मराठी समाज ने रक्तदान कर मनाया पूर्व राज्यपाल का जन्मदिन

लखनऊ। राजधानी में उत्तर प्रदेश मराठी समाज के लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर पूर्व राज्यपाल का जन्मदिन मनाया। मंगलवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में उत्तर प्रदेश मराठी के अध्यक्ष उमेश पाटिल द्वारा पूर्व राज्यपाल रामनाईक जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें चौक क्षेत्र के करीब 31 मराठी समाज के लोगों ने रक्तदान करके उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। बता दें कि विगत लंबे समय से राम नाईक द्वारा मराठी समाज संस्था के आयोजन में जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव, महाराष्ट्र दिवस कार्यक्रम के संस्थापक होने के साथ-साथ आयोजक भी रहे हैं और गणेश उत्सव के कार्यक्रम में हमेशा उपस्थिति दर्ज कराकर मराठी समाज के दिलों पर राज कर रहे हैं।जिसके चलते मराठी समाज ने बड़ी संख्या में रक्तदान करने कार्य किया है।

भाजपा ने विधान सभा उपचुनाव के यूपी में चार प्रत्याशी किए घोषित, फिरोजाबाद और देवरिया की भी सूची जारी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भाजपा ने लोकसभा के दो और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। फिरोजाबाद में सपा के अक्षय यादव के सामने विश्वदीप सिंह को उतारा। देवरिया के मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर शशांक मणि त्रिपाठी उम्मीदवार को उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा ने चार विधानसभा के उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की है। ओपी श्रीवास्तव को लखनऊ पूर्व से ओपी श्रीवास्तव को प्रत्याशी बनाया है। दिवंगत विधायक आशुतोष टंडन के परिवार से किसी को मौका नहीं मिला है। ददरौल से अरविंद सिंह, गैंसड़ी से शैलेंद्र सिंह शैलू और दुद्दी (अजजा) से श्रवण गोंड को उम्मीदवार बनाया है।

डिंपल यादव ने किया नामांकन, पति अखिलेश यादव सहित दिखा पूरा सैफई परिवार

लोकमित्र ब्यूरो

मैनपुरी। मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी के रूप में मंगलवार को सांसद डिंपल यादव नामांकन किया। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उनके साथ मौजूद रहे। डिंपल यादव अपने नामांकन से पूर्व ससुर मुलायम सिंह यादव कि समाधि स्थल पर पहुंचीं। जिसके बाद वे मैनपुरी आईं। यहां सपा प्रत्याशी के नामांकन से पूर्व पार्टी के नेता और कार्यकर्ता आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर एकत्रित हुए थे।

सपा प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव मंगलवार को सुबह सैफई से चलकर आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पहुंचीं। सपा कार्यालय से प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुईं। कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में 12. 30 बजे अपना नामांकन जमा किया। सपा प्रत्याशी सांसद डिंपल यादव के नामांकन के समय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ सैफई परिवार नजर आया। उनके साथ राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, चाचा शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव, पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव भी रहे।

पीजीआई डॉक्टरों ने 42 वर्षीय महिला की सफल सर्जरी

लखनऊ। पीजीआई के डॉक्टरों की टीम ने 42 वर्षीय ट्यूमर से ग्रसित महिला का ट्यूमर निकालकर सर्जरी करने में सफलता हासिल की है। मामला एसजीपीजीआई की गाइनोकालॉजी ओपीडी में 42 वर्षीय दो बच्चों की माँ परामर्श के लिए लेने का है। महिला लगभग 5 महीने से पेट की सूजन की तकलीफ से जूझ रही थी। जिसमें डॉक्टरों की टीम ने जाँच में पाया कि महिला के अण्डेदानी में बड़ी गाँठ है।जिसका उपचार सिर्फ सर्जरी द्वारा ही संभव होने के लिए डॉक्टरों ने एक टीम बनाई और सफल आपरेशन करके ओवेरियन ट्यूमर को बाहर निकाल दिया। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि ट्यूमर का आकार लगभग एक फुटबॉल के बराबर हो गया था। जिससे महिला भारी पीड़ा से कराह रही थी।डॉक्टरों द्वारा आपरेशन करने के बाद महिला मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और आपरेशन के पांचवे दिन मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी।

केशव भवन कार्यालय में स्वयंसेवकों ने कन्या पूजन किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के केशव भवन कार्यालय में चैत्र नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर स्वयंसेवकों ने कन्या पूजन किया। स्वयंसेवकों ने देवी स्वरुपा कन्याओं के पैर धोए और उन्हें पंक्ति में बैठाकर फलाहार कराया। पूजन के बाद कन्याओं को उपहार देकर स्वयंसेवकों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।इस मौके पर केशव भवन कार्यालय के प्रमुख व प्रचारक हरिशंकर ने नवरात्रि में कन्या पूजन की लोक मान्यताओं के बारे में बताया कि कन्या को मां दुर्गा का स्वरुप माना गया है। नवरात्रि में कन्या पूजन करने से व्रत रखने वाले लोगों को उपवास का भी फल मिलता है।उन्होंने बताया कि देवी भागवत पुराण में पढ़ने में आता है कि एक बार देवताओं के राजा इन्द्र ने भगवान ब्रह्मा जी से मां जगदम्बा भगवती को प्रसन्न कराने की विधि पूछा था। तभी भगवान ब्रह्मा जी ने कन्या पूजन की जानकारी दी थी। जिसे इन्द्र ने किया और इसके बाद आज तक सभी व्रत रखने वाले करते आ रहे है।केशव भवन में कन्या पूजन में उपस्थित रहे डीएन तिवारी ने स्वयंसेवकों में प्रसाद वितरण किया। संघ के स्वयंसेवकों ने जय मां दुर्गे और जय श्री राम का उद्घोष करते हुए सभी कन्या के बारी बारी पांव छूकर आशीर्वाद लिया।

एनबीआरआई में दो दिवसीय महोत्सव का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एनबीआरआई में शोधार्थियों को बढाने के लिए चल रहे दो दिवसीय विज्ञान महोत्सव का समापन किया गया। मंगलवार को समापन समारोह में सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं संगंध पौधा संस्थान के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बता दें कि विज्ञान फेस्टिवल में विभिन्न वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं में डिजिटल फोटोग्राफी, मौखिक व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुतियां शामिल की गयी।जिसमें संस्थान के लगभग 200 शोधार्थियों द्वारा इस फेस्टिवल में प्रतिभाग किया। वहीं डॉ. प्रबोध त्रिवेदी ने संस्थान के शोधार्थियों को महोत्सव बधाई देते हुए कहा हमें अपने जीवन में सदैव सीखने की प्रवत्ति रखनी चाहिए इससे हमारे अंदर अधिक कौशल विकास हो सकता हैं। हमें अपने जीवन में किसी भी कार्य को लगन एवं खुशी के साथ करना चाहिए, अन्य क्षेत्र के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों के सहयोग और साझेधारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि अपना शोध कार्य जुनून के साथ करें और उसका आनंद लें, वर्तमान में न जिएं, भविष्य के लिए अपने लक्ष्यों की योजना बनाएं। डॉ. त्रिवेदी ने विज्ञान महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शोर्धार्थी किसी भी अनुसंधान संस्थान की रीढ़ की तरह होते हैं,जिनके द्वारा किये गए शोध कार्य ही आगे चल कर देश उन्नति में योगदान देते है। उन्होंने सभी शोधार्थियों को नवीन एवं परिवतनात्मक शोध कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। अंत में डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, मुख्य वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौवंश जागरूकता के लिए बने गाय माता चौराहा : राय

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। गोवंश रक्षा एम्बुलेंस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राय ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने की बात साथ ही उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश में समाजसेवी राकेश कुमार को पश्चिम उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया। एम्बुलेंस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राय ने कहा की गाय माता की सेवा हमारी प्राथमिकता है।वही पश्चिम में राकेश कुमार और उनके सहयोगियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर ब्लॉक और तहसीलो में वोटर जागरूकता अभियान चलाये जाने की बात भी कही।इस दौरान राय ने कहा की कुछ अराजक तत्वों द्वारा दल को बदनाम करने की साजिश की जा रही है और उनपर भाजपा समर्थित होने के कारण झूठे मुकदमे किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।जो की दल को बदनाम करने की साजिश है। ऐसे लोगो को चिन्हित कर उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही भी वो करेंगे।क्योंकि 2017 से वह सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम कर रहे है। साथ ही केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी की डबल इंजन सरकार ने जितना काम गायों, गौ पालको के लिए किया है आज तक कोई नहीं कर सका है। वह विरोधियो से डरने वाले नहीं है और जब तक उनकी शरीर में जान है वह ये कार्य करते रहेंगे। साथ ही वह भाजपा के सिपाही के तौर पर लगातार अपने दल के माध्यम से सहयोगी बनकर पुरे देश में जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। इस दौरान समाजसेवी राकेश कुमार को जोड़कर दल को शक्ति मिलेगी और वो संगठन हित में काम करेंगे।

बलरामपुर अस्पताल आभा पंजीकरण में अग्रणी

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों को डिजिटल क्रान्ति अपनाने में पीछे कर दिया है। मंगलवार को अस्पताल प्रशासन ने बताया कि डिजिटलीकरण का बढावा देने के लिए आभा एप पर अधिक पंजीकरण करने का रिकार्ड हासिल किया है। जिसमें 3459 मरीजों के पंजीकरण में 1933 पंजीकरण आभा ऐप के माध्यम से किये गये जो कि कुल पंजीकरण का औसत लगभग 56 फीसदी रहा।बता दें कि चिकित्सालय ने प्रदेश स्तर पर आभा ऐप के माध्यम से पंजीकरण करने में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है और पूरे भारत वर्ष में चौथे स्थान पर अपनी दावेदारी दर्ज करा दी है। ज्ञात हो कि आभा ऐप के माध्यम से पंजीकरण करने से मरीजों अथवा उनके तीमारदारों को लम्बी कतारों का सामना नहीं करना पड़ता है। इसके लिए एड्रायड फोन होना चाहिए जिससे अपने मोबाइल के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन कर मोबाइल नम्बर अंकित करना होता है।ऐसा करने पर आसानी से पर्चा पंजीकरण यानी पर्चा मिल जायेगा।

भाजपा के सामने चुनौती बनीं यूपी की ये हॉट सीटें, रूठों को मनाने के लिए स्टार वार, अब सैनी और जाट कार्ड

लोकमित्र ब्यूरो

सहारनपुर। लोकतंत्र के महापर्व का समय आ गया है। सियासत में रूठों को मनाने की कवायद भी जोर पकड़ रही है। सत्ता में बैठी भाजपा के लिए पश्चिम यूपी की सीटें चुनौती बनी हुई हैं। भाजपा किसी भी बिरादरी को नाराज नहीं करना चाहती। सैनी समाज के कुछ लोगों में नाराजगी को लेकर उठ रही सुगबुगाहट का पता चलने के बाद भाजपा ने सैनी कार्ड खेल दिया। पड़ोसी राज्य हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सहारनपुर, बिजनौर और मुजफ्फरनगर में उन क्षेत्रों में उतार दिया, जहां पर सैनी समाज की अच्छी खासी संख्या है। वहीं, जाट समाज को सहेजने के लिए रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने कमान संभाली है। क्षत्रिय समाज को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नकुड़ और ताल्हापुर में जनसभा की। हालांकि, संबोधन के दौरान उन्होंने सैनी समाज का नाम नहीं लिया, लेकिन मंझे हुए राजनीतिज्ञ की तरह बड़ी सादगी से लोगों का मन टटोला। कहा कि वह तो पड़ोसी हैं। पड़ोसी होने के नाते अक्सर उत्तर प्रदेश में आना होता है। पहले भी यहां के लोगों ने प्यार दिया और आगे भी देंगे। अगर हरियाणा का कोई काम हो तो कभी भी आकर मिल सकते हैं। पड़ोसी का फर्ज निभाऊंगा।

इस दौरान उनका पूरा फोकस कैराना और सहारनपुर लोकसभा सीट पर रहा। कैराना सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी और सपा की तरफ से इकरा हसन मैदान में है। बसपा से श्रीपाल राणा प्रत्याशी है। सहारनपुर के बाद उन्होंने बिजनौर और मुजफ्फरनगर में भी जनसभा कर सैनी समाज को साधा।

मुजफ्फरनगर-सहारनपुर में जाटों को सहेजने उतरे जयंत

दूसरी तरफ जाट समाज को सहेजने के लिए रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी मैदान में उतर गए। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रालोद मुखिया ने पहली जनसभा देवबंद क्षेत्र के चंदेना कोली गांव में की। जो मुजफ्फरनगर सीमा से ज्यादा दूर नहीं है। रालोद मुखिया का संबोधन किसानों के इर्द-गिर्द ही रहा। दरअसल, मुजफ्फरनगर सीट पर सपा की तरफ से हरेंद्र मलिक और भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान आमने-सामने हैं। हरेंद्र मलिक को भी कद्दावर नेता माना जाता है, जिनकी जाटों में अच्छी पकड़ है। बताया जा रहा है कि इसी वजह से जाट समाज को सहेजने के लिए भाजपा-रालोद की तरफ से जयंत चौधरी आए हैं।

पश्चिम में योगी की उपस्थिति बरकरार, आज होगा रोड शो

पिछले दिनों सहारनपुर, कैराना और मुजफ्फरनगर सीट पर क्षत्रिय समाज की नाराजगी को लेकर भाजपाइयों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। सहारनपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आ चुके हैं, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार अपनी उपस्थिति यहां बनाए हुए हैं।

बसपा ने मोदी के मुकाबले वाराणसी में लारी को मैदान में उतारा, फिर ब्राह्मण और मुस्लिमों को तरजीह

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों की पांचवीं सूची जारी कर दी, जिसमें वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए अतहर जमाल लारी को मैदान में उतारा गया है। वहीं पड़ोसी जिले जौनपुर में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह को टिकट दिया गया है। इसके अलावा मैनपुरी का टिकट बदल दिया गया है।

पार्टी ने डॉ. गुलशन देव शाक्य की जगह अब शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी घोषित किया है। बदायूं में मुस्लिम खां को प्रत्याशी बनाया गया है। बरेली में छोटेलाल गंगवार को टिकट दिया गया है। सुल्तानपुर में उदराज वर्मा, फर्रुखाबाद में क्रांति पांडेय, बांदा में मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज में ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया में लल्लन सिंह यादव और गाजीपुर में डॉ. उमेश कुमार सिंह को चुनाव मैदान में उतारा गया है। बता दें कि बसपा अब तक 55 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। पार्टी ने मथुरा और मैनपुरी में अपने प्रत्याशियों को बदला है। इनमें से 14 प्रत्याशी मुस्लिम, जबकि 11 ब्राह्मण हैं। इसके अलावा 11 सुरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं।

मैनपुरी - मैनपुरी में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला है। डॉ. गुलशन देव शाक्य की जगह अब इटावा निवासी शिव प्रसाद यादव चुनाव लड़ेंगे। वह वर्ष 2007 में इटावा की भरथना सीट से बसपा विधायक रह चुके हैं। इसके बाद वह भाजपा में चले गए थे, हालांकि वर्ष 2023 में उन्होंने भाजपा छोड़कर सर्वजन सुखाय पार्टी बना ली थी।

बदायूं - पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक मुस्लिम खां ने सपा से अपनी सियासी पारी की शुरुआत की थी। वर्ष 2002 में वह शेखूपुर से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन विधायक नहीं बन सके। वर्ष 2007 में उन्हें फतह हासिल हुई। वर्ष 2012 में बसपा ने टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय लड़े, लेकिन हार गए। वर्ष 2022 में भी बसपा का टिकट मिला, लेकिन तीसरे स्थान पर आए।

बरेली - कुछ दिन पहले अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल हुए छोटेलाल गंगवार को बसपा ने प्रत्याशी बनाया है। वह वर्ष 2019 में टिकट की आस में कांग्रेस में शामिल हुए थे, लेकिन पार्टी ने प्रवीन सिंह ऐरन को प्रत्याशी बना दिया था। इस बार बरेली सीट गठबंधन में सपा के खाते में चली गयी। जिसके बाद उन्होंने बसपा ज्वाइन कर ली।

सुल्तानपुर - बसपा ने सुल्तानपुर में टिकट की आस लगाए बाहुबली सोनू सिंह की जगह उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी से होगा। बता दें कि इस सीट पर बसपा पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रही थी।

फर्रुखाबाद - छात्रसंघ चुनाव से राजनीति में कदम रखने वाले क्रांति पांडेय लंबे अर्से तक कांग्रेस में रह चुके हैं। उनके पिता भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। पेशे से व्यापारी क्रांति पांडेय के चुनाव मैदान में उतरने से फर्रुखाबाद का चुनाव दिलचस्प हो गया है। उनका मुकाबला भाजपा के मुकेश राजपूत और सपा के डॉ. नवल किशोर से होगा।

बांदा - पूर्व बसपा विधायक पुरुषोत्तम द्विवेदी के बेटे मयंक द्विवेदी ने आठ साल पहले राजनीति में कदम रखा है। जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को राजनीति विरासत में मिली है। उनकी पत्नी भी जिला पंचायत सदस्य हैं। इस सीट पर भी बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेला है। बता दें कि इस सीट पर भाजपा और सपा ने कुर्मी प्रत्याशी उतारे हैं।

डुमरियागंज - गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ चुके ख्वाजा समसुद्दीन को बसपा डुमरियागंज से प्रत्याशी बनाया है। करीब 43 फीसद मुस्लिम आबादी वाले डुमरियागंज में भाजपा ने दो बार सांसद रह चुके जगदंबिका पाल को टिकट दिया है। बसपा द्वारा मुस्लिम कार्ड खेलने से चुनाव में बड़ा उलटफेर हो सकता है।

बलिया - बसपा ने बलिया में पूर्व फौजी लल्लन सिंह यादव को टिकट दिया है। कारगिल युद्ध लड़ चुके लल्लन सिंह मूल रूप से गाजीपुर जिले के रहने वाले हैं। उनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। वर्ष 2009 में बसपा से जुड़ने के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा। वह बीते विधानसभा चुनाव में गाजीपुर सदर सीट से लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने टिकट नहीं दिया था।

गाजीपुर - पेशे से वकील डॉ. उमेश कुमार सिंह ने छात्र राजनीति से शुरुआत की थी। उन्होंने छात्र युवा संघर्ष मोर्चा का गठन भी किया था। वह दिल्ली के रामलीला मैदान में अन्ना हजार के आंदोलन का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से कानून में डाक्टरेट किया है। वह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता भी रह चुके हैं।

जौनपुर - पूर्व बसपा सांसद धनंजय सिंह की पत्नी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला सिंह को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारकर जौनपुर में हलचल मचा दी है। पहले जौनपुर से धनंजय खुद चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन सजा होने के बाद जेल जाने से उनकी मुश्किलें बढ़ती चली गयीं। श्रीकला के जरिए धनंजय की बसपा में दोबारा एंट्री हुई है।

वाराणसी - करीब चार दशकों से राजनीति में सक्रिय अतहर जमाल लारी को बसपा ने वाराणसी से टिकट दिया है। वह तीन बार विधानसभा और दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। वह सपा और कौमी एकता दल में भी रह चुके हैं। बसपा के मुस्लिम कार्ड खेलने से वाराणसी में कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय की मुश्किल बढ़ सकती हैं।

सहारा अस्पताल का नाम बदला, हुआ मैक्स हॉस्पिटल

लखनऊ। नामी मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लि. ने मंगलवार को शहर में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए लगभग 2500 करोड़ निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। साथ ही सहारा हॉस्पिटल का नाम बदलकर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ किए जाने की भी घोषणा की गई। मैक्स हेल्थकेयर ने सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड से 550 बिस्तरों वाले सहारा हॉस्पिटल का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण 940 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर मंदी बिक्री के आधार पर किया गया है। सहारा हॉस्पिटल लखनऊ के मध्य में स्थित है और इसकी वर्तमान परिचालन क्षमता 285 बिस्तरों की है। यह अस्पताल गोमती नगर में 27 एकड़ भूमि पर स्थित है, जो एक विकसित आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्र है। इसे बेहतर बनाने के लिए 150-200 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है।

संक्षेप

राष्ट्रीय जनसेवा सोसायटी के अध्यक्ष विनीत त्यागी ने भाजपा का दामन थामा

गाज़ियाबाद । पटेल नगर सैकेंड निवासी भारतीय यूथ ब्रिगेड के प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय जनसेवा सोसायटी के अध्यक्ष समाजसेवी विनीत त्यागी ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने सभी से देश के भविष्य व विकास के लिए भाजपा के अबकी पार मिशन 400 के पार को सफल बनाते हुए नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट में जल संसाधन विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पटका पहनाकर विनीत त्यागी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहे। विनीत त्यागी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास की नीति व उनकी विचारधारा से प्रभावित होकर ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

न्यू रेनबो पब्लिका स्कूल ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

गाजियाबाद। न्यू रेनबो पब्लिका स्कूल प्रताप विहार द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवम निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत वोट फॉर गाजियाबाद रैली का आयोजन किया गया। रैली में बडी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए 26 अप्रैल को सब काम छोडकर सबसे पहला काम वोट डालने की अपील की। स्कूल की निदेशक मुनीष अग्रवाल व प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर द्वारा रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व स्कूल के बैण्ड ने किया। रैली में शामिल स्कूल के 150 छात्र.छात्राओं ने नुक्कड नाटक व नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। अत: राष्ट्र निर्माता होने के कारण हमारा यह दायित्व बनता है कि हम संस्थागत रूप के साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी प्रत्येक नागरिक को मतदान के लिए जागरूक करें और उसे लोकतंत्र का महत्व बताएं।

कांग्रेस ने मिलन अभियान चलाया। गांवो में की बूथ समीक्षा

अमेठी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव योगेन्द्र मिश्रा एवम जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के आदेशा अनुसार न्याय पंचायत भेटुआ एवं धरईमाफी में ग्राम सभा अध्यक्ष गण से संपर्क का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे सभी ग्राम सभा अध्यक्ष गण को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी एवम् ब्लॉक उपाध्यक्ष जगदीश सिंह , ब्लॉक सचिव पूर्व प्रधान रामबली यादव , ब्लॉक सचिव कौशल किशोर मिश्र , यूथ कांग्रेस जिला प्रवक्ता दिवस प्रताप सिंह,, न्याय पंचायत अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश जी, विजय त्रिपाठी , हनुमान सिंह , रामनेवाज पाल , अमरसिंह बनवासी , संजय तिवारी , लालप्रताप यादव , योगेन्द्र मिश्रा , राम अवध पासी , जय करन गिरि ,अरुण शर्मा , प्रेमा देवी , सत्येंद्र सिंह , कृपा शंकर मिश्र , राजकुमार यादव , अम्बुज मिश्रा , दसरथ गुप्ता , अर्पित पाण्डेय , सुनील कश्यप आदि सम्मानित कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।गाँव गाँव के बूथ पर अधिक मतदान के लिए का चर्चा की। ग्राम पंचायत थौरा के गाँव डालव और सुमेरपुर के मतदाताओ को नदी के चलते आवागमन मे परेशानी पर चर्चा हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दिनांक 20, 22, 23 व 24 अप्रैल 2024 को मनीषी महिला महाविद्यालय व इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में मतदान कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, पार्किंग, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक तेजभान सिंह ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी प्रथम को दिया जाएगा, प्रशिक्षण 38 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर व लैपटॉप के माध्यम से दिया जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिला समन्वयक आईटीआई अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गैर जनपद में चुनाव कराने के लिए जिले से रवाना हुए होमगार्ड्स जवान

एटा। मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में जनपद मुजफ्फरनगर तथा द्वितीय चरण में जनपद मेरठ में होने वाले चुनावों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जनपद एटा से भेजे जा रहे 529 होमगार्ड्स को पुलिस लाइन एटा में चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया तथा अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी गई, जिससे कि निष्पक्ष व निर्विघ्न मतदान संपन्न हो सके। होमगार्ड्स जवानों को लेकर जा रही बसों में प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराते हुए आवश्यकता पड़ने पर संबंधित को समय से उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्रीफिंग के उपरांत सभी होमगार्ड्स जवानों को बसों में बैठाकर रवाना किया गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री योगेन्द्र सिंह, कमांडेंट होमगार्ड्स श्री विनोद कुमार शाक्य, प्रतिसार निरीक्षक श्री किशनलाल गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अमेठी की बेटी का हुआ आईएएस में चयन, क्षेत्र में हर्ष की लहर

अमेठी। जिले के संग्रामपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बनवीरपुर निवासी एक बिटिया के आईएएस में चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस वर्ष आईएएस में चयनित जाह्नवी दूबे का चयन वर्ष 2018 में यूपीपीसीएस में असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर हुआ था। वर्तमान में वे सहायक आयुक्त खण्ड तीन वाराणसी में तैनात हैं। इस बार घोषित संघ लोक सेवा आयोग की मेरिट में बनवीरपुर की बेटी ने 324वीं रैंक हासिल की है। आईएएस में चयनित जाह्नवी के पिता उमाशंकर दूबे एडीशनल कमिश्नर एसआईबी से बीते वर्ष सेवा निवृत्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि आईएएस में चयन होने वाली जाह्नवी ने एनआईटी कुरुक्षेत्र से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में बीटेक करने के बाद सिविल सेवा की तैयारी आरंभ कर दी थी।

आधा दर्जन गांवों के लोगों ने किया लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। विधानसभा क्षेत्र के नूहखेड़ा मण्डल के आधा दर्जन से अधिक लोधीराजपूत बाहुल्य गांवो के लोगो ने काले झंडो के साथ आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किये जाने का ऐलान किया है। ग्रामीणों का यह बहिष्कार क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमन्त्री प्रो एसपी सिंह बघेल तथा विधायक संजीव दिवाकर द्वारा विकास कार्य न किये जाने, संगठन एवं सहकारी समितियों के चुनाव में वर्ग विशेष को ही तबज्जो दिये जाने, जिला पंचायत चुनाव में टिकट न दिये जाने तथा अन्य जातियों के लोगो के नामांकन पत्र फाड़ दिये जाने की शिकायत के बाबजूद संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नही किये जाने का आरोप लगाये गए हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार आंदोलन को लेकर चित्रपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह,बेनीराम, पूरन सिंह, राहुल कुमार, रामेश्वर सिंह, महाराज सिंह, विजय कुमार तथा भाजयुमो के नूहखेड़ा मण्डल अध्यक्ष बबलू राजपूत आदि ग्रामीणों ने बताया कि जलेसर विधानसभा क्षेत्र के गांव जौहरपुर,मितरौल, गुलाबपुर, खँजापुर, रसीदपुर, दयारामपुर, राजनगर गढ़िया आदि गांव लोधी राजपूत बाहुल्य गांव है। इन गांवो के मतदाता हमेशा भाजपा के लिए मतदान करते आये हैं। मगर आगरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल से स्थानीय लोगो द्वारा प्राथमिक विद्यालय जौहरपुर से गांव दयारामपुर तक को एक सड़क की मांग की गई थी। जो अभी तक नही बनवायीं गयी है। जिससे छोटे छोटे बच्चों को स्कूल जाने के लिए कीचड़ भरे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। चौथी बार निर्वाचित हुए सांसद प्रो एसपी सिंह बघेल के अलावा स्थानीय विधायक संजीव दिवाकर द्वारा भी इस लोधी बाहुल्य क्षेत्र में अभी तक कोई विकास कार्य कराने की जहमत नही उठायी है। परिणाम स्वरूप मोदी-योगी सरकारों में भी लोधी राजपूत बाहुल्य ये सात गाँव विकास के लिए तरस रहे हैं। गांव खँजापुर में प्राथमिक विद्यालय तक नही खोला गया है। जिसकी वजह से इस गांव के बच्चों को दो किमी दूर गांव दलशाहपुर में पढ़ने जाना पड़ता है। सहकारी समिति दलशाहपुर पर स्थानीय छोटे किसानो को खादी नहीं मिलती है। दो- तीन दिन तक भाग दौड़ करने के बाबजूद परेशान होकर किसान प्राइवेट दुकानों से खाद खरीदते है। सहकारी समिति के चुनाव में वर्ग विशेष को तबज्जो दी जाती है। लोधी राजपूत लोगो के पर्चे फाड़ दिये गये थे। शिकायत करने पर जनप्रतिनिधियों के दबाब में न तो अधिकारी सुनते है और न ही संगठन के पदाधिकारी। जलेसर विधान सभा में लोधीराजपूत का अधिक बोट होने के बाबजूद संगठन और चुनाव में कोई जिम्मेदारी न दिये जाने सहित अनेक मांगे रखी गयी है।

सांसद व विधायक के समक्ष रख चुके हैं समस्याएँ

ग्रामीणों के अनुसार लोधी राजपूत बाहुल्य गांवो में व्याप्त समस्याओं को पूर्व में कई बार क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमन्त्री प्रो एसपी सिंह बघेल व विधायक संजीव दिवाकर के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष सन्दीप जैन के समक्ष रखा गया था। मगर सालों तक इंतजार करने के बाबजूद किसी ने भी इन समस्याओं के निस्तारण की जहमत नही उठायी है। जिससे यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जनपद में चुनाव कराने के लिए जिले से रवाना हुई पुलिस टीम

एटा। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रिजर्व पुलिस लाइन एटा से ब्रीफिंग के बाद गैर जनपद में मतदान कराने के लिए पुलिस फोर्स को जनपद से मंगलवार को रवाना किया गया। पहले चरण में जनपदीय पुलिस फोर्स सहारनपुर व मुजफ्फरनगर जनपद में चुनाव कराएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को वाहनों पर बैठाने के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद की पुलिस फोर्स लोकसभा चुनाव 2024 में प्रथम चरण में सहारनपुर व मुजफ्फरनगर जनपद में होने वाले मतदान में मुस्तैद रहेगी। चुनाव ड्यूटी के लिए रिजर्व पुलिस लाइन एटा में पुलिस फोर्स को ब्रीफ करके हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

चोरी का खुलासा, चार चोर गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर मुखबिर की सूचना पर 2 मोटर साइकिलों पर सवार 3 अभियुक्तों को 1.महेन्द्र कुमार यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी पूरे दीना गलकटा का पुरवा मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष, 2.अनूप सिंह पुत्र मनोज कुमार सिंह निवासी कुमिहा थाना महराजगंज जनपद अयोध्या उम्र करीब 29 वर्ष, 3.लक्ष्मीकांत यादव उर्फ शिवम यादव पुत्र स्व0 राम आशीष यादव निवासी सेनीपुर मजरे सरायबरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को सरायबरण्ड सिंह मोड़ के पास से समय करीब 08:30 बजे प्रातः पुलिस हिरासत में लिया गया । तलाशी से अभियुक्तों के कब्जे से एक बोरी में पीतल की 190 टोटियां हुई । पूछताछ में अभियुक्त अनूप सिंह ने बताया कि मैं वेल्सपन इन्टर प्राइजेज लिमिटेड के सहबाजपुर व दरपीपुर में स्टोर प्रभारी हूँ तथा वहां निगरानी के लिये जो गार्ड लगे थे उनमें से कुछ गार्डों की नियुक्ति मैंने ही अपने अनुसार मैनेजर से कहकर रखवाया था मगर कुछ दिन बाद मेरे साथियों महेन्द्र कुमार व लक्ष्मीकांत को कम्पनी ने गार्ड ड्यूटी से हटा दिया था तब हम तीनों लोगों ने अपने 02 अन्य साथियों 1.धर्मेन्द्र मिश्रा उर्फ बब्बन मिश्रा पुत्र राम ललन मिश्रा निवासी ग्राम सेनीपुर मजरे सराय बरबण्ड सिंह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी व 2.सूरज शुक्ला उर्फ राज शुक्ला पुत्र विजय शुक्ला निवासी लोधनी पट्टी मजरे ताला थाना व जनपद अमेठी के साथ मिलकर टोटियां गायब करने की योजना बनाई । हम लोगों नें कई महीनों तक धीरे-धीरे रात्रि में वेल्सपन इन्टर प्राइजेज लिमिटेड के गोदाम सहबाजपुर व दरपीपुर से टोटियों से भरी बोरियों को गायब करके अपने साथियों के साथ कबाड़ी पवन कुमार अग्रहरि पुत्र रामदीन अग्रहरि निवासी कौहार थाना गौरीगंज जनपद अमेठी व दूसरे कबाड़ी साथी गोपी जनपद रायबरेली को बताकर बेंच देते थे । बेचने के बाद जो पैसा मिलता था उसको आपस में बांट लेते थे उन्ही पैसों से मेरे साथियों ने मोटरसाइकिल भी खरीदी है । हम लोग कई बार टोटी से भरी बोरी गायब कर बेंच चुके हैं । मेरे जो साथी यहां मौके पर मौजूद नहीं हैं वह भी अपने हिस्से की टोटियां बेचने के लिये रखे हैं । हम लोग यह टोटियां कबाड़ी पवन अग्रहरि उपरोक्त के पास बेचने जा रहे थे जो कौशिक ईंट भट्ठे लठहापुर के पास हम लोगों को बुलाया है । मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 वी 7897 व मोटरसाइकिल अपाचे संख्या यूपी 36 यू 7897 के कागज मांगने पर दिखा न सके । उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर उनकी निशानदेही पर लठहापुर ईंट भट्ठे के पास लठहापुर तिराहे पर पहुंचकर कबाड़ी पवन कुमार अग्रहरि को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त पवन अग्रहरि के कब्जे से एक बोरी में पीतल की 100 टोटियां बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमेठी। ग्रीष्मकालीन मौसम एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह के दृष्टिगत फायर स्टेशन अमेठी 16.04.2024 अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता/ प्रशिक्षण महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवाएं लखनऊ महोदय के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशानुसार आग से सुरक्षित रहने हेतु आमजनमानस को जागरूक करने का अभियान प्रारम्भ किया गया है। जन-जागरूकता अभियान/ प्रशिक्षण आयोजक श्री शिवदरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी अमेठी द्वारा सेपीएन्स स्कूल, मदर गीता इंटरनेशनल स्कूल, मनीषी महाविद्यालय में अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जागरुक करते हुए आग लगने के सम्भावित कारकों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर आग को काबू करने के उपकरणों व उनके प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्यूशरों को चलाने के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए उनके रख-रखाव के सम्बन्ध में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक दिए दिशा निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सोमवार को अपरान्ह में कलक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैनात किए गए नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार आगरा लोकसभा, एटा लोकसभा के तहत नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसके उपरान्त सभी वीडियो विविंग टीमों, एफएसटी, एसएसटी को एक्टिव कर उनकी सघन मॉनीटरिंग की जाए। जिले में आदर्श आचार संहिता का सख्ती के साथ अनुपालन होना चाहिए, सी-विजिल एप, कन्ट्रोलरूम के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। जिले में दिव्यांगजनों के शतप्रतिशत मतदान हेतु डीएम ने दिव्यांगजन अधिकारी अजीत कुमार को सभी एसडीएम के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए.डीईओ ने कहा कि सभी अधिकारी आयोग के नियंत्रणाधीन हैं, इसलिए सभी यह दायित्व है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, वीडियोग्राफर, माइक्रो आब्जर्वर आदि को गहनता से प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। मतदान कार्मिकों को भी अतिशीघ्र द्वितीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी एआरओ अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार सहित अन्य विभिन्न प्रकार की अनुमति को समय से जारी करें, साथ ही लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा समय से अनुमति हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाएं। डीएम ने कहा कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी पोलिंग स्टेशनों पर पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जानी चाहिए।

मतदान जागरूकता के लिए शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद के मुख्यालय गौरीगंज के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ,शिक्षकों व कर्मचारियों के द्वारा लगातार किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के क्रम में मंगलवार सुबह 9 बजे खंड शिक्षा अधिकारी गौरीगंज नेतृत्व में शिक्षकों के द्वारा बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। बाइक रैली को एसडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह व खान शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली गौरीगंज शहर के कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर, रणवीर रणजय इंटर कॉलेज होते हुए से हनुमान तिराहा,असैदापुर बाईपास ,स्टेट बैंक, वी मार्ट,ओवर ब्रिज,पचेहरी, डी पी आर सी केंद्र होते हुए विकास भवन पहुंची। रैली के दौरान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाते हुए शिक्षकों ने मतदाताओं को 20 मई को मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत प्रतिशत वोट डालने की अपील किया। रैली के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के मतदान जागरूकता हेतु तख्ती,बैनर तथा गगन भेदी नारों के द्वारा जन्म सामान्य को आगामी 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया । रैली के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा हर संभव प्रयास रहेगा कि प्रत्येक मतदाता 20 मई को मतदान करें और अमेठी में मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत बढ़े।लोगों को इसके लिए हमेशा जागरूक करने की आवश्यकता है। इस मौके पर गंगाधर शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष गौरीगंज ,ओमेंद्र सिंह ,जय राम कनौजिया वरिष्ठ शिक्षक, राम भवन यादव, जग मोहन सिंह ,संजय कनौजिया, आलोक तिवारी ,हिमांशु सिंह, हरिकेश यादव जिला मीडिया प्रभारी टी एस सी टी अमेठी,विवेक शुक्ला,अश्वनी द्विवेदी, सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

डॉक्टर निशांत छाजेड़ की याद में गुंजन अस्पताल ने किया फ्री ओपीडी और भंडारे का आयोजन

नोएडा। डॉक्टर निशांत छाजेड़ की याद में गुंजन अस्पताल द्वारा मंगलवार को फ्री ओपीडी और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की काफी भीड़ जुटी।

अस्पताल के ओनर डॉक्टर वीपी सिंह ने बताया कि डॉक्टर निशांत छाजेड़ की याद में प्रत्येक मंगलवार को अस्पताल द्वारा फ्री ओपीडी और भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान काफी भीड़ जुटती है।

डॉक्टर वीपी सिंह ने कहा, बहुत से ऐसे लोग होते हैं, जिनकी इलाज तक पहुंच नहीं होती है, ऐसे में इस तरह के फ्री कैंप बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर हमारे अस्पताल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को फ्री कैंप लगाया जाता है और कोशिश रहती है कि अधिक से अधिक लोगों को मुफ्त इलाज मिल सके, इसके साथ ही भंडारा भी लगाया जाता है, जिसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है।

किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने चुनाव का निर्णय लिया वाप : स्वामी चक्रपाणि जी महाराज

नई दिल्ली। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने वाराणसी सीट से अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रत्याशी किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी को लड़ाने के निर्णय को वापस लेते हुए कहा कि यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान में एक कदम है कि उन्होंने कहा कि मुझे याद है जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री पीवी नरसिंग राव दक्षिण भारत में चुनाव लोकसभा का लड़े थे उस समय उनके सम्मान में सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशीयो को वापस ले लिया था। जिसके परिणाम स्वरूप नरसिम्हा राव जी निर्विरोध चुने गए थे आपसी वैचारिक मतभेद के बाद भी इस तरह के निर्णय यह एक लोकतंत्र का सम्मान है इसलिए मेरा मानना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिनके रहते धारा 370 समाप्त हुई। श्री राम मंदिर बना तो यह हम सबका कर्तव्य है कि सभी राजनीतिक पार्टियों को वैचारिक मतभेद होते हुए भी अपने प्रत्याशी को वापस लेने चाहिए। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि श्री राम मंदिर मामले में हम मुख्य पक्षकार थे लेकिन हमें राम मंदिर ट्रस्ट में नहीं रखा गया ना ही निमंत्रण दिया गया हमें बहुत अपार कष्ट हुआ। लेकिन उसके बावजूद भी जब बात व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान की आती है तो यह हम सब शिकायतें बहुत छोटी हो जाती है। हमारा कर्तव्य है कि छोटी-मोटी बातों को भूलकर बिना शर्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का साथ दे और समर्थन करें।

ऐसे कैसे जीत पाएंगे गाजियाबाद बसपा प्रत्याशी जनता का दिल ?

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शंखनाद हो चुका है और नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपने सभी पात्रों के साथ राजनीतिक अखाड़े में पूरे दमखम के साथ मौजूद हैं। ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों की तैयारी का जायजा लेने के लिए जब हमारी टीम गाजियाबाद के विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनाव कार्यालय में पहुंची तो सभी जगह अलग-अलग रंग देखने को मिले । इसी क्रम में हमारी टीम जब अंबेडकर रोड स्थित बसपा के चुनाव कार्यालय में जब पहुंची तो संजोग वश बसपा के लोकसभा प्रत्याशी ठाकुर नंदकिशोर सिंह पुंडीर से हमारी मुलाकात हो गई जो शायद किसी चुनावी रैली के लिए कार्यकर्ताओं के साथ गहन मंत्रणा में व्यस्त थे । हमें देखकर उन्होंने टका सा जवाब दिया और हमारे प्रश्नों का जवाब दिए बगैर ही अपने चुनाव कार्यालय से निकल गए। परंतु उनके निकलते ही वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हुड़दंग मचाना शुरू कर दिया । हमारे साथ पहुंचे और अखबारों के पत्रकारों ने भी अपना गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नंदकिशोर पुंडीर के पास पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए या प्रेस वार्ता के लिए कोई समय नहीं है । सभी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि नंदकिशोर पुंडीर का चुनावी प्रचार केवल सोशल साइट्स के सहारे ही चल रहा है या फिर उन्होंने पहले से ही यह मान लिया है कि वह मैदान में उतरने के बावजूद इस चुनावी दौड़ में शामिल नहीं है। इसी बीच हमारी मुलाकात राजकुमार नामक एक व्यक्ति से हुई जिसने हमें मीडिया कर्मी देख कर हमसे अपनी पीड़ा व्यक्त की। उसने बताया कि वह नंदकिशोर पुंडीर के चुनाव कार्यालय में पिछले 5 दिनों से गाड़ी चला रहा है । वह प्रतिदिन सुबह विजयनगर से आता है और शाम तक चुनाव कार्यालय में पार्टी नेताओं के आदेश अनुसार अपनी गाड़ी दौड़ता रहता है। परंतु पिछले 5 दिनों से उसे कोई भुगतान नहीं दिया गया और वह अपनी जेब के पैसों से पेट्रोल का बिल अदा करने को मजबूर है । जब उसने इस बाबत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से और स्वयं नंदकिशोर पुंडीर से भुगतान के लिए अनुरोध किया तो बदले में उसे उनसे बदतमीजी सहन करना पड़ा और गालियां सुननी पड़ी । वहां बैठे हुए कार्यकर्ता भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के रवैये से काफी असंतुष्ट दिखे । यही नहीं उनमें से कुछ नहीं हमसे यह तक कह दिया कि आज इस चुनाव कार्यालय में आने का उनका अंतिम दिन है और वह फिर दोबारा कभी इस कार्यालय में कम नहीं रखेंगे।

जगह जगह किया गया नुक्कड़ सभा का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। मंगलवार को एटा विधानसभा के करतला मंडल के शक्ति केंद्र बागवाला, करतला, भलाईपुर, बरौली एवं पहरई पर भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राजवीर सिंह राजू भैया की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता वर्मा पूर्व विधायक उपस्थिति रही। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता करतला मंडल के अध्यक्ष प्रताप सिंह आर्य ने की।पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं एवं जनता को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने केंद्र सरकार, प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता के समक्ष रखा एवं एटा लोकसभा में हुए विकास कार्यों के संबंध में सभा में संबोधन दिया। साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के विषय में भी चर्चा की। सभा को सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, विधान परिषद सदस्य, आशीष यादव आशु, पूर्व विधायक शिशुपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक प्रजापालन वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता ने भी नुक्कड़ सभा को संबोधित किया एवं जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान कर राजवीर सिंह राजू भैया को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की 400 पार की सरकार बनाने में सहभागिता करने का निवेदन किया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा में राम लखन सिंह, उमेश तोमर, धर्म प्रताप तोमर, अरुण कुमार, राकेश राजपूत, मनोज कुमार, संतोष उपाध्याय, राम भरोसे लाल, थान सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे। वहीं मारहरा विधानसभा के ककरावली मंडल के शक्ति केंद्र कमसान, बारथर, असरौली, सिरांव, धीरामई पर भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

दीदी ने पूरा किया अपना हर वादा -पिंटू

अमेठी। लोकसभा का चुनावी रण अब तेजी से आगे की ओर बढ़ता नजर आ रहा है भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ ही उम्मीदवार स्मृति ईरानी और उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने मोर्चा संभाल लिया है।

भाजपा कभी भी किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेती है पूरी रणनीति और ताकत के साथ जीतने के लिए चुनाव लड़ती है , स्मृति ईरानी जहां अपने आवास से लेकर गांवो में बैठके कर रही है वहीं उनके प्रतिनिधि विजय गुप्ता भी हर विधानसभा में सघन दौरा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने अमेठी विधानसभा क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित बैठको में हिस्सा लिया बैठको का आयोजन भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू की अगुवाई में किया गया था। महमूदपुर, करौंदी भौसिंहपुर, डेडपसार, गोरखपुर सहित करीब 20 कार्यक्रमो में सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने पिंटू सिंह के साथ हिस्सा लिया।

डॉग लवर ध्यान दें ध्यान दे : खतरनाक कुत्ता है आपके पास तो अब किराए पर नहीं मिलेगा घर

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। वैशाली में खतरनाक नस्ल के कुत्ते पालने वालों के लिए नियम आरडब्ल्यूए ने सख्त कर दिए हैं। पिटबुल, जर्मन शेफर्ड और डोगो अर्जेन्टिनो जैसी किसी खतरनाक नस्ल का कुत्ता है तो उसे किराए पर आवास नहीं मिलेगा।

अगर किसी के पास पिटबुल, जर्मन शेफर्ड और डोगो अर्जेन्टिनो जैसी किसी खतरनाक नस्ल का कुत्ता है तो उसे किराए पर आवास नहीं मिलेगा। सोमवार को यह फरमान वैशाली सेक्टर - 2 की प्रगति सोसायटी की आरडब्ल्यूए ने जारी किया। इसी सोसायटी में नौ अप्रैल को किराएदार के पिटबुल नस्ल के कुत्ते ने किशोर अल्ताफ पर हमला कर दिया था। अल्ताफ का दिल्ली में उपचार चल रहा है। सोसायटी के सचिव रामजी वाजपेयी ने बताया कि नौ अप्रैल की घटना के मद्देनजर आरडब्ल्यूए की आम बैठक की गई। इसमें कई निर्णय लिए गए। अगर किसी के पास खतरनाक नस्ल का कुत्ता है तो उसे नगर निगम में उसका पंजीकरण कराना होगा। इसकी रसीद दिखानी होगी। कुत्ते का टीकाकरण भी कराना होगा और इसकी भी रसीद आरडब्ल्यूए के कार्यालय में जमा करानी होगी। जिन लोगों ने कुत्ते का पंजीकरण और टीकाकरण नहीं कराया है, उनकी सूचना नगर निगम को दी जाएगी। उन पर नगर निगम कार्रवाई करेगी। किराएदारों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिस पिटबुल ने हमला किया था, वह एक किराएदार का ही था। इसे देखते हुए निर्णय लिया गया है कि जिसके पास खतरनाक नस्ल का कुत्ता है, उसे किराए पर आवास नहीं दिया जाएगा।

मां महागौरी के दिव्य रूप की हुई आराधना

मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़, घर घर पूजी गई कन्या

प्रयागराज। चैत्र नवरात्र की महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में मां महागौरी के दिव्य रूप की आराधना हुई। भक्तों की लंबी कतारें सुबह से ही अलोपी देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में लगी रही। भक्तों ने मां की आरती एवं भजन पूजन किया। देर शाम नवमी तिथि लग जाने के कारण बहुत से भक्तों ने हवन भी किया। इस दौरान महाशमी पर घरों में एवं मंदिरों में कन्या पूजन भी किया गय

नवरात्र का समापन बुधवार को नवमी पूजन व हवन के साथ किया जायेगा। वहीं आज अष्टमी के पावन अवसर पर घर -घर में कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं को उपहार भेंट किए गए। देवी मां के मंदिरों में भक्तों की लाइनें लगी रही।

नवरात्र में अष्टमी और नवमी का पूजन कन्या पूजन से पूर्ण होता है। मंगलवार को घर-घर में कन्या पूजन किया गया। जहां हलवा, पूड़ी का भोग लगाया गया। मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक एवं महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि आज नवरात्रि के अष्टमी दिवस पर माता महागौरी के स्वरूप में मां कल्याणी जी का दिव्य श्रृंगार किया गया। प्रातः 5ः00 बजे से रात्रि 1ः00 तक मां कल्याणी देवी मंदिर में शत महायज्ञ मां कल्याणी जी का पूजन अर्चन एवं नित्य नूतन श्रृंगार दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे हैं।

एसटीसी और विप्लव स्पोर्टिंग को पूरे अंक

प्रयागराज। स्पोर्ट्स टैलेंट क्लब और विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में मंगलवार को खेले गए मैच में फरहत अली क्लब ने 27.5 ओवर में 146 रन (सक्षम वर्मा 81, मोहम्मद अकसम अली 13, लक्ष्य यादव 4/22, कुणाल मिश्र 2/26) बनाये। जवाब में स्पोर्ट्स टैलेंट क्लब ने 25.3 ओवर में 6 विकेट पर 149 रन (शौर्य सिंह 31, कुणाल मिश्र 24, आयुष्मान चहल 4/45, हुजैफा 1/30, सक्षम वर्मा 1/32) बना लिए। इससे पूर्व सोमवार को हुए मैच में विप्लव स्पोर्टिंग क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 200 रन (अर्पित कनौजिया 51, मोहम्मद अर्श 30 नाबाद, अनिमेष यादव 22 नाबाद, सुजीत 2/32, आयुष यादव 4/37) बनाए। जवाब में वर्मा क्रिकेट क्लब की टीम 25.3 और में 126 रन अमोघ कुमार पाण्डेय 25, विपिन पाल 19, आदित्य विक्रम बिंद 3/15, कृष्ण 2/14) पर सिमट गई।

उज्जवल रमण के समर्थन में उतरे कांग्रेसी दिग्गज प्रमोद तिवारी

प्रयागराज। मंगलवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने राजापुर स्थित समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह के आवास पर पहुंचकर राजनीतिक चर्चा की। उन्होंने रेवती रमण को अपना चार दशक पुराना पारिवारिक मित्र बताया। इस दौरान इलाहाबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह भी मौजूद रहे।

रेवती रमण के आवास पर पहुचे प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रमोद तिवारी ने कहा कि पार्टी पूरी ताकत के साथ उज्जवल रमण सिंह को चुनाव लड़ाएगी। उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। कहा कि कुंवर रेवती रमण सिंह सबसे ज्यादा समय तक इलाहाबाद क्षेत्र की सेवा की है। रेवती रमण सिंह और उनके बेटे उज्जवल रमण सिंह चुनाव में खड़े हो गए हैं तो अब कोई मुकाबला किसी से नहीं है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद संसदीय सीट पर भाजपा ने सरेंडर कर दिया है और सोच समझकर ही प्रत्याशी उतारा है। प्रमोद तिवारी ने कहा की फूलपुर इलाहाबाद लोकसभा समेत आसपास जिलों की सीटों पर प्रचार-प्रसार काफी जोरों पर है। इसे देखते हुए कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रमुख नेताओं व इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली का प्रस्ताव राष्ट्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि लोकसभा के चुनावी महासमर के बीच सूबे की सियासी

रेवती रमण सिंह के घर पहुंचकर की मुलाकात, कहा- यहां कांग्रेस के मुकाबले कोई नहीं, उज्जवल की जीत सुनिश्चित

राजधानी की पहचान रखने वाली संगमनगरी मुख्यालयों की शिफ्टिंग से अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही है। एक-एक कर मुख्यालय लखनऊ स्थानांतरित होते जा रहे हैं, लेकिन इसी शहर से डिप्टी सीएम और सत्ता के सांसद के होते हुए भी इसकी आवाज सियासी गलियारों में नहीं गूंज सकी है। ऐसे में प्रयागराज की पुरानी पहचान धूमिल होती जा रही है। जिसको बचाने की प्राथमिकता होगी। वहीं नैनी में लगातार बंद हो रहे कारखानो को भी पुनर्जीवित करना बड़ा मुद्दा होगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, अरुण तिवारी, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, हरिकेश त्रिपाठी, सुधाकर तिवारी, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, गौरव पाण्डेय, तलत अजीम, रईस अहमद, प्रमोद पटेल, मनोज पासी, राकेश पटेल, मो असलम, सुशील तिवारी, जीतेन्द्र राय, समेत आदि लोग मौजूद रहें।

प्रयागराज से तीन बड़े शहरों के लिए एयर अकासा भरेगी उड़ान

विमानन कम्पनी एयर अकासा ने मुंबई के लिए जारी किया उड़ान का शेड्यूल

प्रयागराज। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ से पहले कुंभ नगरी की एयर कनेक्टिविटी को लेकर एक और सौगात मिलने जा रही है। प्रयागराज से अब तीसरी विमान सेवा से भी जुड़ेगा। विमानन कंपनी एयर अकासा की तरफ यह प्रस्तावित सेवा शुरू हो रही है। 25 मई से इसकी शुरुआत हो जायेगी।

प्रयागराज से मुंबई के लिए तीसरी विमान सेवा की शुरुआत का रास्ता खुल गया है। विमानन कंपनी एयर अकासा ने अपनी वेबसाइट में प्रयागराज को प्रणाम करते हुए कहा है कि प्रयागराज- मुंबई उड़ान 25 मई से शुरू हो जायेगी । अभी यह तय हुआ है कि इसका संचालन सप्ताह में रविवार को छोड़कर छह दिन होगा ।

प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि नागर विमान निदेशालय (डीजीसीए) भी अकासा एयर को प्रयागराज से मुंबई, प्रयागराज से दिल्ली और प्रयागराज से बंगलूरू विमान संचालन की अनुमति दे चुका है ।अकासा ने अपनी वेबसाइट पर विमान शुरू होने की जानकारी दी है। उसकी वेबसाइट के होम पेज में लिखा है %प्रणाम प्रयागराज%। होम पेज में ही कुंभ मेले की अद्भुत छटा का संगम का दृश्य भी दिखाया गया है।

अकासा एयर ने उड़ान की समय सारिणी भी जारी की है । प्रयागराज में 40 मिनट के अंतराल में दो विमान उपलब्ध रहेंगे।

विमान प्रयागराज से मुंबई के लिए दोपहर 1ः40 पर उड़ान भरेगा और शाम चार बजे मुंबई पहुंच जाएगा। मुंबई से अकासा एयर का विमान सुबह 10ः35 बजे उड़ान भरेगा और इसका प्रयागराज पहुंचने का समय दिन में एक बजे रहेगा ।प्रयागराज से विमानन कंपनी इंडिगो भी वर्तमान समय प्रयागराज से मुंबई के लिए विमान संचालित कर रहा है। इसका संचालन प्रतिदिन हो रहा है।

प्रयागराज से दूसरी विमानन कंपनी इंडिगो का विमान 2ः30 पर उड़ान भरकर 4ः40 बजे मुंबई पहुंचेगा। इधर इंडिगो का विमान मुंबई से 11ः45 बजे उड़ान भरेगा और दोपहर दो बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेगा। रविवार को इसका संचालन नही होगा।

25 मई 2024 से अकासा एयर प्रयागराज एयरपोर्ट से मुम्बई के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन बचे दो शहरों दिल्ली और बंगलूरू के लिए इस विमानन कंपनी को अभी टाइम स्लॉट नही मिला है। प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक राजेश कुमार बताते हैं कि अकासा एयर प्रयागराज-बंगलूरू उड़ान के लिए जो वक्त मांग रही है वह उसे नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि उसी टाइम स्लॉट में इंडिगो के तीन विमानों का संचालन है। ऐसे में अगर अकासा की भी उड़ान इसी अवधि में चलती है तो वहां विमान पार्किंग में समस्या आ सकती है। अकासा ने सुबह 11 से 12 बजे का स्लॉट मांगा है। अकासा यहां से 180 सीटेड एयर बस चलाएगी। ऐसे में प्रस्थान और आगमन का समय तय हो जाने के बाद इन दो शहरों के लिए यह सेवा शुरू होगी।

रामायण की उपयोगिता ना बताने पर बढ़ी लोगों में धर्म के प्रति अरुचि- अनिरुद्ध महाराज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। श्री नव संवत्सर मानस समिति कल्याणी देवी के तत्वाधान में मां कल्याणी देवी के धाम में आयोजित श्री राम कथा के अष्टम दिवस पर भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए पूज्य व्यास अनिरुद्ध जी महाराज ने कहा कि रामायण, रामचरितमानस, गीता एवं महाभारत जैसे ग्रंथों में जीवन के मूल आधार निहित है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। जो नहीं करना चाहिए उसे करने का क्या दुष्परिणाम हुआ था, हुआ है और क्या हो सकता है। यह महत्वपूर्ण कमियां हमारे कथावाचकों में आ गई है कि इसका ज्ञात हम लोगों को नहीं कराते हैं।

उन्होने कही कि जीवन में रामायण की उपयोगिता ना बताने से जिसके कारण लोगों के अंदर सनातन धर्म के प्रति अरुचि बढ़ती गई।

संचालन कर रहे समिति के प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया की कथा के अंतिम दिवस पर भगवान श्री राम का राम उत्सव प्राकट्य का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूजा भोग भजन कार्यक्रम आदि होगा

इस अवसर पर मां कल्याणी देवी मंदिर के अध्यक्ष एवं समिति के संयोजक पंडित सुशील कुमार पाठक एवं महामंत्री श्याम जी पाठक ने बताया कि नवरात्रि के अष्टम दिवस पर मां कल्याणी देवी का महागौरी के रूप में भव्य श्रृंगार दर्शन किया गया और प्रतिदिन अपने समय के अनुसार सत चंडी महायज्ञ, एवं मां कल्याणी का नित्य नूतन श्रृंगार दर्शन किया जा रहा है। जहां दूर-दूर से को मां कल्याणी का दर्शन करने आते हैं।

कथा में प्रमुख रूप से रईस चंद्र शुक्ला, राजेश केसरवानी, अनिल पाठक, केके पाठक, सुधीर शर्मा वैभव करवरिया, रतन अग्रवाल, शिव बाबू त्रिपाठी, कुंवर जी टंडन, आनंद टंडन पप्पन भैया आदि समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने आरती की।

संकरा बाबा (भैरों बाबा) दर्शन से पूरी होती हैं मनोकामनाएं

लोकमित्र ब्यूरो

अझुवा, कौशाम्बी। सिराथू तहसील के आदर्श नगर पंचायत अझुवा के दक्षिण छोर घुमाई ग्राम सभा दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के बगल स्थित अति प्राचीन मंदिर है यूं तो यहां प्रति मंगलवार को बड़ा मेला लगता है किंतु नवरात्रि पर्व पर यहां आस्था का जनसैलाब उमड़ता है श्रद्धालु भैरों बाबा में मानता मानते हैं पूरी होने पर लोग संकरा, झंडा चढ़ाते हैं ।यहां बकरा बलि दी जाती है ।संकरा बाबा धार्मिक स्थान पर कौशांबी ही नही अपितु समीप वर्ती जिलों प्रयागराज,प्रतापगढ़,फतेहपुर, बांदा सहित सुदूर क्षेत्र से श्रद्धालुओं का समूह ट्रैक्टर,बस,टैंपो,विक्रम, कार,बाइक साइकिल पैदल जाकर संकरा बाबा के दर्शन कर अपनी मुरादे मांगते हैं ।किंवदंती के अनुसार बगल से गुजरी रेल लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी हो गई उसके स्टार्ट करने के लिए बड़े बड़े इंजीनियर आए किंतु मालगाड़ी स्टार्ट नहीं हो सकी मौके पर पहुंचे

नवरात्रि पर्व पर भक्तों का उमड़ता है सैलाब,ट्रैक्टर, ऑटो जीप,बस, कार, बाइक,साइकिल, पैदल पहुँच कर भक्त करते हैं दर्शन

बुजुर्ग ने रेलवे कर्मियों को बताया बाबा का स्थान है यहां सकरा चढ़ा दें तभी मालगाड़ी स्टार्ट होगी इंजीनियरों और रेलवे कर्मियों ने संकरा बाबा में संकरा चढ़ाया तभी मालगाड़ी अपने गंतव्य को जा सकी तभी से लोगों के अनुसार प्रत्येक वर्ष रेल कर्मी यहां संकरा चढ़ाते हैं।भैरों बाबा अपने शक्ति से बगल से गुजरने वाली ट्रेनों की रफ्तार कम कर देते हैं ।भैरों बाबा धार्मिक स्थान एक समय दुर्दशा का शिकार हो गया था जिसका संज्ञान लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मरम्मती और सौंदर्यीकरण करवा दिया वट वृक्ष के चारों ओर चारदीवारी और सुदूर क्षेत्र से आने वाले भक्तों श्रद्धालुओं के लिए रुकने के लिए बड़े कमरे बनवा दिए गए ।

पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे को मिलेगा कैलाश गौतम गौरव सम्मान-2024

27 अप्रैल 2024 को एम.टी.सी. ठिठोली - 2024 राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

प्रयागराज। प्रयागराज का सुपरिचित लोकप्रिय ठिठोली राष्ट्रीय कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन ठिठोली महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा।विगत 14 वर्षों से आसरा फाउंडेशन, प्रयागराज के तत्वावधान में जनकवि कैलाश गौतम की स्मृति में आयोजित होने वाले हास्य व्यंग्य प्रधान एवं सबरस से सराबोर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ठिठोली के क्रम में इस वर्ष एम.टी.सी. ठिठोली - 2024 की रूपरेखा तय करने के लिए आज आसरा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी (एडवोकेट) के आवास प्रीतम नगर में आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप तिवारी ने तथा संचालन मंजीत कुशवाहा महासचिव ने किया। बैठक में ठिठोली 2024 के कवियों के नामों पर विचार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ख्यातिलब्ध व्यंग्यकार पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे रायपुर छत्तीसगढ़ को कैलाश गौतम गौरव सम्मान-2024 मिलेगा। इसी प्रकार ख्यातिलब्ध गीतकार डा विष्णु सक्सेना को आर एन टी गीतऋषि सम्मान ङ्क 2024 के लिए चयनित किया गया। ठिठोली 2024 का संयोजक-संचालक के रूप में डॉ श्लेष गौतम एवं कार्यक्रम के सूत्रधार संतोष तिवारी होंगे।

ठिठोली महोत्सव दिनांक 27 अप्रैल को दुर्गा पूजा पार्क में किया जाएगा। ठिठोली महोत्सव -2024 में शाम 7 बजे से म्यूजिकल इवनिंग जिसमें शहर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सेवा कर रहे लोगों को विशिष्ट सेवा सम्मान - 2024 (कला, चिकित्सा, विधि, साहित्य के क्षेत्र में) प्रदान किया जाएगा।

दो दिवसीय भजन संध्या, यज्ञ और भंडारा संपन्न

बस्ती-एपेक्स डाईग्नोस्टिक बस्ती, हनु डाईग्नोस्टिक सेंटर आगरा और नोवा हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर बस्ती के संयुक्त तत्वावधान में द्विवेदी निवास ग्राम मरवटिया पाण्डेय ,विकास क्षेत्र और थाना कप्तान गंज, जिला बस्ती में 13 अप्रैल 2024 की शाम के समय भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों और श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। इस आयोजन में सबदेइया कला बस्ती निवासी देवी भगवती के अनन्य भक्त श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने अपनी रामायण और आर्केष्ठा पार्टी द्वारा जगराता का भव्य और दिव्य कार्यक्रम विभिन्न झांकियों और देवी देवताओं के स्वरूपों से शुरू किया था।

जगराता कार्यक्रम क्षेत्र के मुख्य पुरोहित आचार्य पंडित राजेश कुमार उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण से मुख्य यजमान आचार्य राधेश्याम द्विवेदी और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती कमला द्विवेदी द्वारा शुभारंभ कराया । कार्यक्रम में गणेश जी,मां अंबिका , हनुमान जी और राम सीता आदि की सुन्दर झांकी और विग्रह बनाकर पूजन और भजन कीर्तन सम्पन्न किया गया।

इतना ही नहीं जागरण पंडाल में विराजमान विशाल जन समूह भी इस कार्यक्रम के हिस्से बनने को मजबूर हो गए और मुख्य गायक कलाकारों के साथ स्वर में स्वर मिलाते देखे गए। मातृ शक्ति गायिकाओं में सुश्री वैष्णवी पाण्डेय के गायन का अंदाज भी बिल्कुल अलग ही था। कभी ताली बजवाकर, कभी दोनो हाथ उठवाकर और कभी जयकारा लगवाकर , वह बहुत सुन्दर प्रस्तुति दे रही थी। कुछ भजन और गाने को यू ट्यूब से लोड करते हुए फिल्मों की तरह केवल होंठ हिलाते हुए पूरी ऊर्जा से नृत्य भाव भंगिमा के साथ प्रस्तुत किया गया।

रिटायर मेजर डा. अभिषेक द्विवेदी रेडियोलॉजिस्ट हनु डाईग्नोस्टिक सेंटर आगरा, डा. दीपिका चौबे द्विवेदी इनेस्थिसियास्टिक एस. एन. मेडिकल कॉलेज आगरा, डा

सौरभ द्विवेदी आर्थोपीडिशन सर्जन

नोवा हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर बस्ती और बस्ती मण्डल की प्रमुख महिला रेडियोलॉजिस्ट डा.तनु मिश्र द्विवेदी एपेक्स डाईग्नोस्टिक बस्ती के द्वारा कार्यक्रम में क्षण क्षण पर शीतल पेय ,चाय, काफी, फलाहार और अन्य तरह तरह के अल्पाहार से उपस्थित जन समूह आविर्भूत हो रहा था । वे चैत माह के व्यस्तता के बावजूद भक्ति के इस माहौल से अलग नही हो पा रहे थे। पिंटू टेंट हाउस मरवटिया पांडेय के श्री पिंटू पाण्डेय द्वारा निर्मित भव्य मंच और पांडाल की महिमा देखते बनती थी । जागरण पार्टी अपने साथ ही लाए लोहरौली बस्ती का साउंड सिस्टम अपनी मधुर ध्वनि से अवनि और अम्बर को गुंजायमान कर रहा था । श्री ददन पाण्डेय मरवतिया पाण्डेय का लाइटिग सिस्टम कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए थे ।

कार्यक्रम के निदेशक और मुख्य कलाकार अवधेश कुमार श्रीवास्तव तरह तरह से लोगों को इस आयोजन से जोड़ रखे थे। पुरानी बस्ती से पधारे गायक कलाकार श्री अमर गुप्ता कभी मंच पर तो कभी श्रोताओं के मध्य से अपने स्वर मधुरिमा बिखेर रहे थे। कार्यक्रम में अयोध्या से पधारे सन्त ज्ञान प्रकाश उपाध्याय के भजन , आचार्य पंडित सुशील कुमार उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत राधेश्याम रामायण के तर्ज पर हनुमान द्वारा लंका विध्वंश की गाथा और ही समा बिखेर रही थी।

श्रोताओं में ग्राम क्षेत्र वासियों के अलावा बस्ती जिले के वर्तमान सांसद श्री हरीश जी द्विवेदी, कप्तानगंज मण्डल के अध्यक्ष श्री गौरव त्रिपाठी, हाइवे दूत श्री प्रमोद ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राजेश त्रिपाठी,श्री अरविन्द पाण्डेय, गोरखपुर के पधारे एम डी फिजिशियन डा. मनोज जायसवाल, बस्ती के ग्लैक्सी हॉस्पिटल से पधारे आई सर्जन डा. पवन मिश्रा, हर्रैया सी एच सी के डा.उमेश कुमार उपाध्याय, सरस हॉस्पिटल नगर बाजार बस्ती के डा. सत्य प्रकाश उपाध्याय, मरवटिया पाण्डेय के स्थानीय चिकित्सक डा. लवकुश पांडेय, मेढौवा गांव पंचायत के प्रधान श्री खब्बू तिवारी जी, भाजपा कार्यकर्ता श्री दिलीप पाण्डेय, श्री प्रत्यूष पाण्डेय, श्री कपिल देव पाण्डेय ,श्री राजेंद्र पाण्डेय एडवोकेट तथा अन्यान्य राजनीति चिकित्सा और समाज सेवा से जुड़े प्रमुख जनों की उपस्थिति सराहनीय रही है।

अगले दिन 14 अप्रैल 2024 को आचार्य पंडित सुशील कुमार उपाध्याय द्वारा श्री हनुमान बाहुक,बजरंग बाण,

संकट मोचन हनुमानाष्टक तथा दस विद्या देवी की आराधना के शास्त्रीय पद्धति से यज्ञ की आहुतियां दी गई। साथ ही दोपहर से देर रात्रि तक मां भगवती के भंडारे का प्रसाद भक्तों बा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

कुल मिलाकर मां भगवती का जगराता का यह कार्यक्रम पूर्ण सफल रहा। मरवटिया पाण्डेय जैसे सुदूर ग्राम्य अंचल में मां भगवती का जगराता पहली बार सुनने और देखने को मिला। लोगों के अंतर्दृष्टि में कलाकारों की ये प्रस्तुति बहुत दिनों तक चिरस्थाई बनी रहेगी।

राष्ट्रीय मोर्चा द्वारा चंडीगढ़ लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा जल्द-न्यू कांग्रेस पार्टी

चंडीगढ़- चंडीगढ़ में हुई राष्ट्रीय मोर्चा की विशेष बैठक द्वारा संसदीय चुनाव के लिए राष्ट्रीय मोर्चे में शामिल ÷न्यू कांग्रेस पार्टी÷ और आम जनता पार्टी इंडिया,ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, आहिरा नेशनल पार्टी राष्ट्रीय मोर्चा और एक दर्जन से अधिक सभी राजनीतिक संगठनों की चुनाव कमेटी द्वारा प्रत्याशीयों का फैसला इसी हफ्ते किया जायेगा चंडीगढ़ एवं पंजाब की अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा जल्द। एडवोकेट विवेक हंस गरचा जी ने पंजाब आनंदपुर साहिब एवं चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर किया था आवेदन बैठक में एडवोकेट विवेक हंस गरचा ने आनंदपुर साहिब से चुनाव लड़ने से मना किया। इस परिस्थिति में चंडीगढ़ से राष्ट्रीय मोर्चा से किस प्रत्याशी के नाम पर मोहर लगेगी फैसला बरकरार। इस मौके बैठक में चुनाव कमेटी सदस्यों के इलावा ÷न्यू कांग्रेस पार्टी÷ राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विवेक हंस गरचा, न्यू कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट हरप्रीत सिंह, आम जनता पार्टी (इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरी भाई पटेल, उपाध्यक्ष सरदार चरणजीत सिंह, महासचिव धियान सिंह धालीवाल, निरलेप कौर, एडवोकेट नरिंदर कौर, मंजीत सिंह खालसा, नवनीत सिंह मौजूद थे।

शहर, गाँव में मतदाताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए राशन की दुकानों पर मतदाता जागरूकता हेतु किया गया प्रचार-प्रसार

जौनपुर। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान को लेकर वोटरों को जागरूक करने की मुहिम को जिला प्रशासन लगातार आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। शहरों और गांव-गांव में मतदाताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए सभी राशन की दुकान पर प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए जिला खाद्य एवं रसद विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशन की दुकानो पर बड़ी संख्या में लोग राशन लेने आतें है,

आने वाले उपभोक्ताओं को निष्पक्ष शत-प्रतिशत मतदान के लिए उन्हें प्रेरित किया जा रहा है और साथ ही मतदान करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को शाप नम्बर 70 मियांपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने किया। उन्होंने मतदान हेतु लोगों को प्रेरित किया तथा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने कहा कि हर व्यक्ति को आभास होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती एवं स्वस्थ जनतंत्र में मतदान का बहुत महत्व है। सभी मतदाताओं का कर्तव्य है कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

जिले का कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहने पाए। उन्होने बताया कि जनपद में शासकीय उचित मूल्य दर की 2081 दुकानें हैं, सभी कोटेदारों को निर्देशित किया गया है कि अपने दुकान पर मतदाता जागरूकता बैनर लगाए तथा राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों को प्रेरित करते हुए निर्वाचन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया जाए, इस दौरान राशन लेने आये नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाये। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि महिला, पुरुष, तृतीय लिंग, युवा व दिव्यांग सभी वोटर अपना वोट अवश्य करें, उन्होंने लोगों से अपील किया कि आपके परिवार के अन्य वोटर जो दूसरे शहरों में रह रहे हैं उन्हें 25 मई को मतदान करने के लिए ज़रुर बुलाये। क्योंकि मज़बूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं का मतदान करना ज़रुरी है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी योगेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी, आपूर्ति लिपिक तुफैल अहमद, उचित दर विक्रेता ईश्वर चंद आदि सहित राशनकार्ड धारक उपस्थित रहे।

2200 कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जौनपुर - जनपद में पीठासीन अधिकारी /प्रथम मतदान अधिकारी के प्रथम प्रशिक्षण में दूसरे दिन तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर में प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 2200 कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 27 कक्षों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रथम पाली में कुल 13 व द्वितीय पाली में 20 कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 18 कार्मिक, बैंकिंग सेवा से 02 कार्मिक, जिला विद्यालय निरीक्षक के 09 कार्मिक, चकबंदी विभाग, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा एवम कृषि विभाग के एक-एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे।

अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई।

भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर रही- अनूप गुप्ता

महोली क्षेत्र में सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने की नुक्कड़ सभाएं

लोकमित्र ब्यूरो

सीतापुर। समाजवादी पार्टी बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। भाजपा बीते दस सालों से डबल इंजन की सरकार का ढिढ़ोरा पीट रही है, लेकिन इन दस सालों में विकास के नाम पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मंगलवार को महोली विधान सभा क्षेत्र के बाबली, सारोसा, वजीरनगर, सहसपुर, गुरसंडा, बहादुरपुर, सहुआपुर, सेजखुर्द, बरगांवा, सैतीयापुर आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश के नौजवानों के रोजगार के ढेरों अवसर सृजित किए गए, कोई भी पेपर लीक नहीं हुआ जिसके चलते युवाओं



को रोजगार मिला। लेकिन डबल इंजन की सरकार में पेपर लीक होना तो एक परंपरा सी बन गया है। सपा सरकार में ही यूपी को 108 और 102 नंबर की एंबुलेंस सुविधा मिली।

छात्रों को लैपटाप और कन्या विद्याधन योजना से लाभान्वित किया गया। इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा।

पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि आज जिस तरह से भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति कर रही है, जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है।

भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इसलिए आप सभी लोग एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का काम करें। जन सभाओं को जिला पंचायत सदस्य अशोक राठौर, विधान सभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, कांग्रेस नेता सुधीर पांडेय, संजय सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर शिवम आर्य, शिव कुमार भार्गव, कपिल मिश्रा, मोनू दीक्षित, रामबेटी, श्रीकृष्ण यादव, श्रवण राजवंशी, दिलशाद, छंगालाल मौर्य, विपिन राठौर, सचिन गुप्ता, अवधेश कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

खंभे से टकराकर पलटा ई रिक्शा एक की मौत

मिश्रिख,सीतापुर। मिश्रिख से कुतुब नगर रोड पर इस्लामनगर के गेट के पास एक खंभे में टकराने से ई रिक्शा पलट गया जिससे 50 वर्षीय अधेड़ युवक की मौत हो गई है मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने ई-रिक्शा सहित शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है आपको बता दें कि लगभग बारह बजे ई रिक्शा नंबर क्क 34 टी 1904 मिश्रिख से कुतुबनगर होते हुए बीहट जा रहा था उस पर सवार लखनऊ की ग्राम बरोरा निवासी मोहम्मद अनवर हुसैन पुत्र स्वर्गीय अब्दुल रहमान उम्र 50 वर्ष अपने परिवार के साथ बीहट जा रहे थे जो इस्लामनगर गेट के पास एक खंभे से टकराकर पलट गया जिससे उसमें सवार अनवर हुसैन 50 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय अब्दुल रहमान गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में घायल को मिश्रिख सामुदायिक केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

रोडवेज बस चालक व डग्गामार वाहन चालक में हुई झड़प लगी जाम

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। रोडवेज बस स्टॉप पर आए दिन प्राइवेट डग्गामार वाहन चालको द्वारा सवारियां भरे जाने का मामला अक्सर सुर्खियों में रहता है। नगर स्थित कस्बा चौकी के सामने मुख्य मार्ग पर उ0प्र0 राज्य परिवहन निगम के बस चालक व मैजिक चालक के बीच सवारी बैठाने को लेकर मारपीट हो गई। जिसके बाद गुस्साए रोडवेज बस चालक ने बस स्टैंड के पास स्थित चौराहे पर ही बस को खड़ा कर दिया। ऐसे में मुख्य मार्ग पर वाहनों की जाम लग गई। घण्टों तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे के समय जाम इतनी ज्यादा लग गई कि घंटो तक मुख्य मार्ग बाधित रहा। जिसकी सूचना राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने अपने पुलिस बल की सहायता से मुख्य मार्ग पर लगी जाम को हटवाया। जिससे लोगों का आवागमन पुनः शुरू हो पाया।

रोडवेज बस चालको व परिचालकों ने आरोप लगाते हुए कोतवाली में एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। आरोप है कि डग्गामार मैजिक वाहन चालक मंगलवार सुबह जब रोडवेज बस स्टॉप

के ठीक सामने से ही सवारियां भरने लगा, तो रोडवेज बस चालक गुड्डू ने उसे सवारियों को बैठाने से मना किया तो दबंग डग्गामार वाहन चालक ने रोडवेज चालक से गाली गलौज कर अभद्रता की और उसे ड्राइविंग विंडो से खींचना चाहा, अभद्रता से गुस्साए बस चालक ने चौराहे पर अपनी बस खड़ी करके सड़क जाम कर दी, जिससे चौराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह रोडवेज चालकों से बातचीत करके यातायात पुनः बहाल करवाया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया विवाद की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर विवाद को शांत कराया डागामार मैजिक वाहन चालक वाहन सहित फरार है, उसे ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का स्पष्ट आदेश है कि बस स्टैंड के एक किलोमीटर के दायरे में कोई भी अवैध वाहन स्टैंड न संचालित होने पाए, इसके बावजूद रोडवेज बस स्टैंड से दो सौ मीटर के अंदर ही प्राइवेट बस व मैजिक वाहनो के ड्राइवर सवारियां भरते देखे जा सकते है।

यूनियन बैंक के गार्ड को अज्ञात ने पत्थर मारकर किया घायल

लहरपुर,सीतापुर। नगर के व्यस्तम मजाशाह चौराहा पर स्थित यूनियन बैंक शाखा में उस समय हंगामा हो गया जब एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के बाहर से एक पत्थर चला कर बैंक के अंदर बैठे गार्ड को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनियन बैंक शाखा में राजवीर यादव पुत्र सियाराम यादव 50 वर्ष निवासी फर्रुखाबाद बैंक गार्ड के रूप में अपनी ड्यूटी कर रहे थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक के चैनल के पास से पूरी ताकत से एक पत्थर बैंक के अंदर चला दिया जो बैंक के अंदर बैठे गार्ड राजवीर यादव के चेहरे पर लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए, पत्थर चलने की घटना से बैंक में अफरातफरी मच गयी, घायल गार्ड राजवीर को बैंक में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सियाराम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां घायल बैंक गार्ड का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई वहीं घायल बैंक गार्ड को लाये होमगार्ड सियाराम वर्मा 50 वर्ष की अचानक तबीयत बिगड़ जाने से डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गार्ड से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, सूचना मिली है सीसीटीवी कैमरे से जांच कर पत्थर फेंकने वाले को चिन्हित कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

संकटा देवी मंदिर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। महमूदाबाद नगर में स्थित संकटा देवी मंदिर में चल रहे । पन्द्रह दिवसीय मेला महोत्सव के दौरान धाम के सांस्कृतिक मंच पर श्रद्धालुभक्तों से भरे खचाखच पांडल में रात्रि आठ बजे से आरती के पश्चात् आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न देवी-देवताओं और सामाजिक और राष्ट्रीय संदेशों से परिपूर्ण मनोहारी वेशभूषाओं में सजे-धजे बच्चों ने अपने डॉयलाग्स के साथ एक-एक कर कदम रखे तो जोरदार तालियों से दर्शकों की भारी भीड़ ने उनकी हौसला अफजाई की।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में पधारी विधायिक आशा मौर्या ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में प्रेरणा का काम करते हैं। धर्म में आस्था लोगों को संस्कारवान बनाती है। जिस प्रकार शिव जी नृत्य के बिना अधूरे हैं वैसे ही व्यक्ति संस्कारों के बिना अधूरा है। ऐसे मंच बच्चों में संस्कारों का समावेश करते हैं। अपने उद्बोधन के

दौरान उन्होंने धाम प्रबंध समिति से धाम के विकास में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पधारी विधायिक व अन्य अतिथियों का धाम प्रबंध समिति की संरक्षक डा. एमणि मिश्रा, अध्यक्ष आरके वाजपेयी, त्रिलोकीनाथ मौर्य, मेला मैनेजर अशोक नाग, रमा कश्यप, कृतार्थ मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नारद मुनि बनी महिमा बाल्मीकी को प्रथम, पानी की बूंद के रूप में महक बाल्मीकी, मोदी के रूप में रविशेखर व भूत के रूप में अभिनव वर्मा को द्वितीय व विधायक बने मौलिक दीक्षित, शिक्षिका बनी मान्या पाडेंय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शकुंतला के रूप में आराध्या सिंह, डॉक्टर के रूप में रित्विक नाग, भगत सिंह के रूप में अभय वर्मा, न्याय की देवी के रूप में अंशिका वर्मा, राधा के रूप में अनन्या वर्मा तथा पुलिस के जवान के रूप में कंचन कश्यप को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। निर्णायक मंडल में जया जैन, चांदनी गुप्ता व अर्पित शुक्ल ने परिणामों की घोषणा की। संचालन अनूप सूरज ने किया। कार्यक्रम के दौरान धाम सरिसर में चल रहे विकास कार्यों को समय से पूर्ण कराने वाले ठेकेदार सुभाष सिंह, राहुल सिंह, सीपी निगम, रामू वर्मा जाहिद को भी समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आकाश मौय, ज्ञानेश मिश्र, चक्रसुदर्शन पांडेय, उमेश वर्मा विजय तोमर, डॉ महाराज सिंह, राजकुमार वर्मा, राजेंद्र वर्मा मुंशी, पंकज जायसवाल, विदित वर्मा, प्रदीप सिंह, शिवम गुप्त 'विक्रान्त' सहित बड़ी संख्या में दर्शक व धाम प्रबंध समिति के लोग उपस्थित रहे। मेला महोत्सव में आज संकटा देवी धाम परिसर में चल रहे पन्द्रह दिवसीय मेला महोत्सव में मंगलवार को रामनवमी के अवसर पर धूमधाम से रामोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी ने दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र बाजपेई के निधन पर शोक की लहर

बिसवां,सीतापुर। पत्रकार विजय शंकर बाजपेई के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार बाजपेई उम्र लगभग 65 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया।वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार बाजपेई के निधन का समाचार सुनते ही अधिवक्ताओ, समाज से वी संगठनों,राजनैतिक दलों के प्रमुख जनों में शोक की लहर दौड़ गई है।बिसवां बार एसोसिएशन बिसवां के एल्डर्स के चेयरमैन बृजेश नारायण गुप्ता की अध्यक्षता में तहसील परिसर में शोक आयोजित की गई।बिसवां बार एसोसिएशन बिसवां के रवींद्र नाथ सिंह,अशोक पुष्प,अशोक वर्मा, राज किशोर यादव,पुत्ती लाल वर्मा,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,सूर्य प्रसाद यादव,मनोज गुप्ता,के के वैश्य,शिशुपाल यादव,सत्यम त्रिवेदी,शशांक सिंह,फिरोज कौसर सिद्दीकी आदि अधिवक्ताओं सहित पत्रकार बंधुओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

सत्तर साल बुजुर्ग ने रचाई शादी

लोकमित्र ब्यूरो

सांडा सकरन,सीतापुर। किसी ने सच कहा है कि प्यार करने की कोई उम्र नहीं होती, यह बात सीतापुर जिले सकरन क्षेत्र के इस दंपति पर बिलकुल सटीक बैठती है। दरअसल उम्र के 70 वें साल में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने एक 70 साल की महिला से शादी की है। अब इस अनोखी शादी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। यह मामला सकरन क्षेत्र का है। शादी



के पहले दूल्हा एक आश्रम में रहता था। जहां कहीं से करीब एक वर्ष पूर्व दुल्हन इनके आश्रम आ पहुंची जिसके बाद दोनों की जान पहचान हुई और फिर सोमवार को एक-दूसरे के साथ आगे का जीवन संग बिताने का फैसला किया। 70 साल की इस दुल्हन का नाम राम देवी है। जबकि बिसवां तहसील के रहने वाले 70 वर्षीय दूल्हे का नाम मनोहर लाल है। मनोहर लाल बाबा का कोई जीवन साथी नहीं था। और जानकारी के अनुसार राम देवी का भी कोई निश्चित ठिकाना नहीं था। बस किसी तरह जीवन काट रहीं थीं।इसी वजह से दोनों ही लोग बिसवां तहसील के गड़वाडीह स्थित आश्रम में रहते थे। जब उनकी शादी की इच्छा की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने दोनों लोगों की शादी करवाई।इस जोड़े की इच्छा है तो सिर्फ इतनी की बची हुई जिंदगी एक दूसरे के साथ हंसी खुशी से बीत जाये। शादी के बाद भी यह बुजुर्ग जोड़ा आश्रम पर ही रहेगा।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद,सीतापुर। सीएचसी महमूदाबाद में डाक्टर नन्द लाल गुप्ता जो कि 11 अप्रैल 2024 की शाम लगभग 6 बजकर 40 मिनट पर इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी कर रहे थे, दवा को लेकर शिव मेडिकल स्टोर के संचालक शिवनाथ जायसवाल के बेटे अंशुल जायसवाल के द्वारा दबंगई के बल पर उक्त डाक्टर को बेरहमी से पीट दिया था, इस घटना को दोबारा ना दोहराया जाये इसके लिए - राम अधार वर्मा जिला प्रभारी राष्ट्रीय किसान संगठन जनपद सीतापुर के द्वारा उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला को ज्ञापन दिया गया है, इस ज्ञापन में जिलाधिकारी जनपद सीतापुर, मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद सीतापुर, सीएचसी अधीक्षक महमूदाबाद जनपद सीतापुर के नाम

अंकित हैं, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को दिये गये ज्ञापन में डाक्टर नन्द लाल गुप्ता के साथ घटी घटना व मेडिकल स्टोर से संबंधित जांच हेतु कई बिन्दु दर्शाये गये हैं, जिसमें उपजिलाधिकारी महमूदाबाद से न्यायिक जांच करवाकर विधि व्यवस्था के तहत उचित कार्यवाही करने सहित धरना प्रदर्शन का आवाहन भी किया गया है, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला प्रभारी राम अधार वर्मा के द्वारा उपजिलाधिकारी महमूदाबाद शिखा शुक्ला से इस संपूर्ण प्रकरण की विधि व्यवस्था में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है।

मानक के विपरीत किया जा रहा सड़क का निर्माण कार्य

खैराबाद,सीतापुर। जहां एक तरफ सरकार जीरो टारलेंस की नीति अपना रही है वही ठेकेदारों के दारा विभिन्न निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है भ्रष्टाचार की शिकायत लगातार जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री तक की जा रही है फिर भी ठेकेदार अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे। ताज मामला नगर पालिका परिषद खैराबाद के वार्ड संख्या पांच नई बस्ती ,पनवाडिया के अंतर्गत स्थित बड़े मखदूम साहब की दरगाह से राष्ट्रीय राज्य मार्ग चौबीस को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य इस समय कराया जा रहा है।उक्त निर्माण कार्य मानक की पूरी तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही है ।इसके सम्बन्ध में वार्ड भाजपा सभासद उमेश जायसवाल ने जब संबंधित अवर अभियन्ता ठेकेदार से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पूर्ण

कराए जाने हेतु कहा गया तो उन्होंने कहा कि÷ हम ऐसा ही निर्माण कर पाएंगे , इसमें कोई सुधार नहीं करेंगे। अब दाल में नमक कोई नही खाता सभी को मोटी रकम देने पड़ती है।÷ इस निर्माण की लापरवाही का आलम यह है कि पांच मीटर इंटर लॉकिंग पर भी डामर डाल दिया गया जिससे उसका भी भुगतान लिया जा सके।

सड़क निर्माण कार्य में किया जा रहा जमकर भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से भाजपा सभासद व वार्डवासियों ने की ।

घटिया निर्माण कार्य के कारण पूरे मोहल्ले वासियों में आक्रोशित है । वार्ड सभासद उमेश जायसवाल ,विशाल,सुरेश,हरद्वारी,मसूद,महादेव प्रसाद सरोज,महेश,संजय आदि लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखित शिकायती पत्र प्रेषित किया गया है। मोहल्ले वासी शिकायती पत्र के माध्यम से घटिया निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की गई है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई समीक्षा

सीतापुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सप्ताहिक अन्त विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह ने की।

बैठक में संबंधित विभाग स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायतीराज, कृषि, पशुपालन, नगर विकास, बाल विकास, सहित अन्य विभागों के नोडल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में यूनीसेफ, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध करायी गयी अनुश्रवण व फीडबैक रिपोर्ट वीबीडी के नोडल डॉ. दीपेंद्र वर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही उन्होंने विभागवार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत की जा रही बचाव संबंधी गतिविधियों की समीक्षा भी की। जिसमें अधिकांश विभागों की प्रगति राज्य व मंडल स्तरीय औसत से नीचे पाई गई। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह द्वारा प्रगति के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आगामी सप्ताहिक समीक्षा बैठक में अच्छी प्रगति हो। सीएमओ ने बताया कि संचारी रोगों से बचाव हेतु झाड़ियों की कटाई, रुके हुए जल की निकासी, शुद्ध पेय जल का उपयोग, स्कूलों में संचारी रोगों से बचाव हेतु बच्चों को शिक्षा, नालियों की साफ सफाई, फागिंग व एन्टीलार्वल स्प्रे आदि कार्य सम्बन्धित विभागों द्वारा किये जा रहें है। इस मौके पर संचारी रोगों से बचाव के लिए पोस्टर भी जारी किया गया।

इस मौके पर एसीएमओ डॉ. कमलेश चन्द्रा, डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ डॉ. राज शेखर, डॉ. एमएल गंगवार, एसएमओ डॉ. पियूष गोयल, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, यूनीसेफ से एमएम खान, इपीडेमोलॉजिस्ट डॉ. विवेक सचान सहित समस्त सीएचसी व पीएचसी अधीक्षक व अन्य विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करके किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

महमूदाबाद-सीतापुर। विद्यालय छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की भावी सुयोग्य नागरिक बनाने में अपनी अहम भूमिका का निर्माण करने के साथ ही साथ एक शिक्षक बच्चों के निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त संस्कारित बनाने में अपना अमूल्य योगदान देते हैं। शिक्षा के बल पर ही मनुष्य समाज और राष्ट्र की उन्नति में सहायक होता है बालकों को शिक्षा प्रदान करना जितना आवश्यक है उससे अधिक बालिकाओं को शिक्षा देना बालिकाओं को शिक्षा दिलाने में अभिभावकों को पीछे नहीं रहना चाहिए । सम्बोधन उमाशंकर मिश्रा प्रधानाचार्य शिव शंकर लाल स्मारक शिक्षण संस्थान, बीबीपुर, महमूदाबाद के स्कूल प्रांगण में पुरस्कार वितरण करते हुए व्यक्त किया। इसके पश्चात उन्होंने पूर्व प्राथमिक वर्ग में ऋषि,अनीश, दीपेश तथा प्राथमिक वर्ग में फातिमा, वैष्णवी शुक्ला व रोशनी को अपने-आपने वर्ग में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर प्रस्तुत किया इसी तरह अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान के लिए ऋषि, काव्या सैनी, अकीसा, वैष्णवी शुक्ला, तनज फातिमा, करिश्मा, अनिकेत, सूफीया, बुशरा, दिव्या सोनी, अंशिका सताना को

विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में अपनी कक्षाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले फातिमा जलय प्रतिभा दीपेश रोशनी, इकरा मोहम्मद, जुनैद अख्तर, दिवाकर, नित्य महविश, फैज आलम, श्याम सुंदर, महक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भूमि, शशि, इशा, रिया, कायनात, माही, प्रियांशी, क्रांति हिमानी सोनी, सचिन, जीशान, शाहजिल व जुबेर को सम्मानित किया।

इसी क्रम में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति के लिए दिव्या सोनी, रिया और मेरी को पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्वच्छता के लिए इकरा, माही, सोनाली, दामिनी तथा कायनात को पुरस्कृत किया गया। संपूर्ण सत्र में अच्छे शिक्षण कार्य नियमित उपस्थिति व अच्छे व्यवहार के लिए प्रज्ञा श्रीवास्तव, क्षमा शर्मा, सरिका गुप्ता, छोटेलाल राजपूत, यासमीन व शाहीन बानो सहित अन्य शिक्षक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ तथा परीक्षा प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विजय शुक्ला, नसीम अख्तर, अकील, उत्तम सोनी, रामसागर, रंजीत, अवधेश कुमार, मोहम्मद सलीम सहित अन्य अभिभावक व छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

स्वछता मे नगरपालिका लहरपुर को मिल पहला स्थान

लहरपुर,सीतापुर। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन के अंतर्गत नगर निकाय की स्वच्छता की रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनिरुद्ध पटेल ने पालिका सभागार में एक बैठक का आयोजन किया जिसमें समस्त सफाईनायकों ने प्रतिभाग किया, उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका की स्वच्छता रैंकिंग राज्य एवम् जिला स्तर पर काफी अच्छी आई थी। इस वर्ष 2024 में भी स्वच्छ सर्वेक्षण होना है सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पाने के लिए उन्होंने सभी सफाई नायकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, पूर्व में जिन जिन बिंदुओं पर कम अंक प्राप्त हुए थे उन बिंदुओं की अच्छे से तैयारी कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रथमस्थान प्राप्त करना है। इस कार्यशाला में संजीत यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अनुरुद्ध कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अफसर अली स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी, जगदीश प्रसाद, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, सोनू, त्रिदेव मिश्रा, करन, आदर्श, मुशीर अहमद व पालिका कर्मी उपस्थित थे।